आज का मौसम
30.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.29
सूर्यास्त 07.07

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया 10:42 तक उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082
रविवार, 27 जुलाई 2025, वर्ष 5, अंक 156, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




किसानों को यूरिया और डीएपी के साथ नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक- 12



संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : रीजीजू - 12



थाईलैंड और कंबोडिया में संघर्ष से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित - 13



कुलदीप को शामिल करने के लिए शीर्ष छह बल्लेबाजों से और अधिक निरंतरता की जरूरत- 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हरितालिका तीज : परंपरा और युवा दृष्टिकोण व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### यूपी के बुजुर्ग से ठगी में दो भाई गिरफ्तार

**ठाणे।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक वरिष्ठ नागरिक से 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए 95 लाख रुपये की ठगी के आरोप में महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड से दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। मीरा-भायंदर-वसई-विरार (अपराध) के सहायक पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल ने बताया कि मोहम्मद इकबाल बालासाहेब (47) और शाइन इकबाल बालासाहेब (41) को आठ अप्रैल को वहां दर्ज मामले में आगे की कार्रवाई के लिए लखनऊ अपराध शाखा को सौंप दिया गया है। दोनों भाइयों ने पीड़ित (74) को धमकाया, उन्हें 'डिजिटल-अरेस्ट' में रखा और 95 लाख रुपये वसूल लिए। एक गुप्त सूचना पर लखनऊ साइबर अपराध पुलिस थाने की टीम के साथ 24 जुलाई को मीरा रोड से दोनों भाइयों को पकड़ लिया।

### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि भाकपा (माओवादी) से अलग हुए समूह झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सदस्य घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग में एकत्र हुए हैं। इस गुप्त सूचना के आधार पर झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस ने संयुक्त रूप से एक अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी बंद होने के बाद एक एके-47 और दो इंसास राइफल बरामद की गईं। गुमला के एसपी हारिस बिन जमान ने कहा कि मृतकों में एक की पहचान घाघरा के बेलागड़ा निवासी दिलीप लोहरा के रूप में हुई है। अन्य दो मृतकों की पहचान की कवायद जारी है।

अंदर देखें... ग्लैम वर्ल्ड




# रोजगार के लिए विदेश जाएंगे पूर्व सैनिक : धामी

## नैनीताल और चमोली में बनाए जाएंगे सैनिक विश्राम गृह

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कारगिल विजय दिवस पर नैनीताल में सैनिक विश्राम गृह (एसआरएच) बनाए जाने और चमोली जिले के कालेश्वर में एसआरएच के साथ ही पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) की सुविधा देने की घोषणा की। कहा कि, उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए विदेश भेजा जाएगा, जिसमें 50 प्रतिशत सिविलियन भी होंगे। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि भी बढ़ाकर अब डेढ़ करोड़ रुपये कर दी गई है।

मुख्यमंत्री ने देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को देश हमेशा याद रखेगा। कारगिल की घाटियों, पहाड़ों और हवाओं में भारत के जवानों का दुश्मन के खिलाफ किया गया युद्ध आज भी उसी वेग से गूंज रहा है। कारगिल में उत्तराखंड के 75 जवान शहीद हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, शहीदों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित किया जा रहा है और इसके लिए आवेदन करने की अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया है।

राज्य में वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए परिवहन निगम की बसों में यात्रा की निःशुल्क व्यवस्था के साथ सेवारत व पूर्व सैनिकों हेतु 25 लाख रुपये तक की सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी प्रदान की जा रही है।



वीर नारी का सम्मान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### कारगिल विजय दिवस

- मुख्यमंत्री ने शहीद स्मारक पर दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

### शहीदों को नमन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते सीडीएस जनरल अनिल चौहान, उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह। ● एजेंसी



"करगिल विजय दिवस पर मैं मातृभूमि के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। यह दिवस हमारे जवानों की असाधारण वीरता, साहस एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। -**द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति



"देशवासियों को करगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। -**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



"करगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने सबसे कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। करगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की याद दिलाता है। -**राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



"करगिल विजय दिवस न केवल अतीत को याद करने के बारे में है, बल्कि भविष्य के संबंध में प्रेरणा लेने के लिए भी है। करगिल की विरासत हमें याद दिलाती है कि हमारी एकजुटता, तैयारी और अटूट साहस दुश्मन के धोखे और आक्रामकता पर हमेशा विजय प्राप्त करेगा। -**जनरल अनिल चौहान**, सीडीएस

# मालदीव से साझेदारी करेंगे गहरी : मोदी


## उपराष्ट्रपति मो. लतीफ के साथ की प्रमुख मुद्दों पर बातचीत

- प्रधानमंत्री ने दी मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

**माले, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के उपराष्ट्रपति उज हुसैन मोहम्मद लतीफ सहित देश के प्रमुख नेताओं से मुलाकात के दौरान शनिवार को कहा कि भारत मालदीव के साथ अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक है। मोदी ने लतीफ के साथ भारत-मालदीव संबंधों के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा की। मोदी ने 'एक्स' लिखा कि हमारे देश बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। यह हमारे देशों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आगामी वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री ने मालदीव के स्वतंत्रता दिवस की 60वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। उपराष्ट्रपति लतीफ ने जरूरत के समय मालदीव को भारत की निरंतर सहायता के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। लतीफ ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत के साथ हमारा मज़बूत सहयोग बढ़ने के साथ और मजबूत होता रहेगा। मोदी ने पीपुल्स मजलिस (मालदीव की संसद) के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंधों समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की।



मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू। ● एजेंसी

### क्षमता निर्माण को सहयोग जारी रखेगा भारत

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षमता निर्माण और विकास में मालदीव को सहयोग देना जारी रखेगा। मोदी ने मालदीव के विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों के साथ भी एक सार्थक बैठक की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की भागीदारी मजबूत और समय पर खरी उतरी भारत-मालदीव मित्रता के प्रति द्विदलीय समर्थन को रेखांकित करती है।

## पुराने पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध को कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध में ढील देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले में सोमवार को सुनवाई करेगी। सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के मद्देनजर अपनाए गए कड़े उपायों और बड़ी संख्या में लोगों होने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत से 2018 के प्रतिबंध से संबंधित अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

याचिका में कहा गया है कि प्रतिबंध से प्रदूषण मानकों का पालन करने वाले वाहनों के मालिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

# अब स्कूलों में सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य

- केंद्र सरकार का राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश जारी कर स्कूलों में बच्चों से जुड़ी संरचनाओं तथा सुरक्षा तंत्र का ऑडिट करना अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों से इमारतों की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित करने को भी कहा है। यह कदम राजस्थान के झालावाड़ जिले में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने के एक दिन बाद उठाया गया है।

राजस्थान में स्कूल में हुए हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए थे। मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छात्रों की सुरक्षा और उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा संहिताओं के अनुरूप स्कूलों और बच्चों से संबंधित संरचनाओं का अनिवार्य सुरक्षा ऑडिट, आपातकालीन तैयारियों के लिए कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि संरचनात्मक समग्रता, अग्नि सुरक्षा, आपातकालीन निकास और बिजली के तारों का गहन मूल्यांकन किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने सिफारिश की कि स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए ताकि समय-समय पर प्रशिक्षण सत्र और मॉक ड्रिल आयोजित की जा सकें।

### नुकसान पहुंचने की सूचना 24 घंटे में कराएं उपलब्ध

अधिकारी ने कहा कि किसी भी खतरनाक स्थिति, बाल-बाल बचने या बच्चों अथवा युवाओं को नुकसान पहुंचाने वाली किसी घटना की सूचना 24 घंटे के भीतर संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के प्राधिकरण को दी जानी चाहिए। देरी, लापरवाही या कार्रवाई में विफलता के मामलों में सख्त जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। माता-पिता, अभिभावकों, सामुदायिक नेताओं और स्थानीय निकायों को सतर्क रहने तथा स्कूलों, सार्वजनिक क्षेत्रों या बच्चों और युवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के साधनों में असुरक्षित स्थितियों की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के पांच जिलों में कई अभियान चलाकर सुरक्षा बलों ने शनिवार को कम से कम 90 आग्नेयास्त्र और 700 से अधिक गोला-बारूद और विस्फोटक जब्त किए। पुलिस ने कहा कि कई जिलों में मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया था।

# लोस के 17 सांसदों को संसद रत्न सम्मान

- सदन में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर किए गए चयनित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रिया सुले (राकांपा-शरदचंद्र पवार), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) सहित 17 सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान- 2025 से सम्मानित किया जाएगा।

इन सम्मानों में चार विशेष जूरी पुरस्कार भी शामिल हैं, जो लगातार तीन कार्यकालों में संसदीय लोकतंत्र में उनके निरंतर योगदान को मान्यता प्रदान करते हैं। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओडिशा), एनके प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी), और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किए जाएंगे। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किए जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। समिति श्रेणी में, भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति और डॉ. चरणजीत सिंह चन्नी (कांग्रेस) की अध्यक्षता वाली कृषि संबंधी स्थायी समिति को उनकी रिपोर्ट की गुणवत्ता और विधायी निगरानी में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में अभ्यर्थी से एबुंलेंस में गैंगरेप

- होमगार्ड भर्ती के दौरान टेस्ट में दौड़ते समय हो गई थी बेहोश
- अस्पताल ले जा रहे ड्राइवर-टेक्नीशियन ने की दरिंदगी

**गयाजी, एजेंसी**

बिहार के गयाजी जिले में एक महिला ने आरोप लगाया है कि सरकारी भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान बेहोश होने के बाद उसे अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस में उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि होमगार्ड भर्ती अभियान में शामिल पीड़िता द्वारा पहचाने गए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुमार कौशल ने कहा कि 24 जुलाई को जब महिला बेहोश हो गई, तो उसे एंबुलेंस से गयाजी स्थित अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। होश में आने पर महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ एंबुलेंस के अंदर बलात्कार किया गया। हमने एंबुलेंस के चालक और तकनीशियन को हिरासत में लिया। महिला ने भी उनकी पहचान कर ली। आरोपियों का जवाब संतोषजनक नहीं था। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत उन पर मामला दर्ज किया गया। कौशल ने कहा कि शिकायतकर्ता की मेडिकल जांच पूरी हो गई है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

"दोषियों को भले ही पकड़ लिया गया हो, लेकिन प्रशासन ऐसे अपराधों को रोकने में असमर्थ है। मुझे खेद है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। -**चिराग पासवान**, केंद्रीय मंत्री

### विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर हैशटैग 'नीतीश सरकार हटाओ, बेटी बचाओ' के साथ इस घटना का एक समाचार साझा किया। यह भी कहा कि बिहार में राक्षस राज है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके दो उप-मुख्यमंत्रियों पर ऐसी घटनाओं को लेकर आपराधिक चुप्पी साधने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि गयाजी की घटना कानून-व्यवस्था की बदतर स्थिति को दर्शाती है।

**धर्मांतरण** | आगरा बेस गैंग, पाकिस्तान से दीनी शिक्षा की ऑनलाइन क्लास, दुबई से फंडिंग

# देहरादून और बरेली सहित कई राज्यों की युवतियों का ब्रेन वाश

- बरेली की युवती का धर्मांतरण कराकर थी दुबई भेजने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** हिंदू युवतियों पर धर्मांतरण का काला साया मंडरा रहा है। जिहाद के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सिंडिकेट काम कर रहा है। पाकिस्तान से दीनी शिक्षा की ऑनलाइल क्लास दी जा रही है तो दुबई से फंडिंग हो रही है। देहरादून और बरेली सहित कई राज्यों की युवतियों को जाल में फंसाने का हर पैंतरा आजमाया जा रहा है। देहरादून और बरेली की दो ऐसी पीड़ित युवतियों की काउंसिलिंग में सनसनीखेज खुलासे हुए हैं।

खुलासे के बाद आगरा में गिरफ्तार 6 आरोपियों को देहरादून लाया जाएगा तो दुबई निवासी दो आरोपियों की तलाश है। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने शनिवार को बताया कि, देहरादून निवासी युवती (मरियम) का इस गैंग ने धर्मांतरण के लिए करीब-करीब ब्रेन वाश कर दिया था लेकिन एन वक्त पर यह युवती पीछे हट गई थी। इस मामले में थाना रानीपोखरी पर उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाम अब्दुर रहमान आदि पंजीकृत हुआ था, जिसका बाद में आगरा पुलिस ने भी खुलासा किया। मामले की तह तक जाने के लिए एसपी देहात ऋषिकेश के नेतृत्व में टीम ने जांच की तो देहरादून और बरेली निवासी युवतियों ने सनसनीखेज खुलासे किए। थाना प्रेमनगर पर एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 28 वर्षीय बहन उच्च शिक्षा लेने बरेली से देहरादून आई थी, जिसे प्रलोभन देकर कुछ गैर हिन्दू लोगों द्वारा धर्मान्तरण को ब्रेनवाश किया गया। उसका धर्म परिवर्तन कराकर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिस पर थाना प्रेमनगर में मामला पंजीकृत कराया गया।

जांच में सामने आया कि बरेली निवासी केवी में पढ़ी इस युवती ने बीएससी करने के बाद फाइन आर्ट्स में मास्टर डिग्री प्राप्त की थी। परिजनों से तालमेल न होने के कारण बरेली की ही रहने वाली एक मुस्लिम युवती से इसकी दोस्ती हुई, जिसने इसे धर्मांतरण के लिए तैयार कर वर्ष 2022 में ही ऑनलाइन एप पर कलमा पढ़ाकर कहा कि अब तुम्हारा धर्मान्तरण हो चुका है। सहेली ने सुमैया का संपर्क पुलवामा (कश्मीर) निवासी एक युवती से कराया, जिसने इसे कुरान की तालीम दी। बाद में इसे रमजान में कश्मीर बुलवाया गया। साथ ही रिवर्ट टू इस्लाम नाम के कई ग्रुप भी ज्वाइन कराए गए जिनमें इसके सम्पर्क में पाकिस्तान, इजिप्ट, यूके व अन्य मुस्लिम देशों के लोग आए। इस युवती से पाकिस्तानी एप्लीकेशन लूडो स्टार डाउनलोड कराया गया। लूडो खेलने के दौरान उसकी पहचान पाकिस्तान के मौलवी तनवीर अहमद से हुई, जिसने उसे ऑनलाइन दीनी शिक्षा दी। (संबंधित पेज-2)



एसएसपी देहरादून अजय सिंह

## स्टेट ब्रीफ

### सफाई आयोग के उपाध्यक्ष हुए नाराज

**देहरादून :** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने शनिवार को नगर निगम देहरादून में समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त के नहीं आने पर नाराजगी जतायी। उप नगर आयुक्त संतोष पांडे ने जब बताया कि वह मुंबई प्रवास पर हैं तो उपाध्यक्ष के तेवर नरम पड़े। उपाध्यक्ष ने इस बात पर भी नाराजगी जतायी कि निगम में पार्षदों द्वारा वर्षों से कार्य करने वाले मोहल्ला स्वच्छता समिति सफाई कर्मियों को मनमर्जी से हटाकर अपनी पसंद के कर्मचारी बिना अनुमति के रख लिए हैं जबकि नियुक्ति का अधिकार नगर आयुक्त को है।

### 28 को होगी हाईकोर्ट में सुनवाई


**नैनीताल :** मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में एडीएम द्वारा जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हिंदी में जवाब देने पर खंडपीठ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सचिव से पूछा है कि क्या एडीएम स्तर का अधिकारी, जिसे अंग्रेजी का ज्ञान नहीं है, किसी कार्यकारी पद पर प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। संबंधित एडीएम नैनीताल के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी भी हैं। खंडपीठ ने राज्य निर्वाचन आयुक्त और मुख्य सचिव को 28 जुलाई को जनहित याचिका की अगली सुनवाई में वीसी के जरिए उपस्थित होकर प्रश्न का उत्तर देने को कहा।

### भारत सरकार को भेजें प्रस्ताव

**देहरादून :** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति और बजट प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत भारत सरकार स्तर पर बजट स्वीकृति लम्बित होने के चलते भविष्य में जैविक प्रमाणीकरण कार्यों पर असर पड़ सकता है। जिस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि भारत सरकार को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाए, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए।

### हरिद्वार में चला वृहद सफाई अभियान

**हरिद्वार :** कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के पश्चात स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, जनपद में साफ-सुथरा व स्वच्छ वातावरण हेतु जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक तथा शैक्षणिक संगठनों के सहयोग से शनिवार को जनपद में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। डीएम मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, सीडीओ आकांक्षा कोंडे द्वारा गंगा घाटों तथा सीसीआर के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया।



चीड़बाग, देहरादून स्थित शौर्य स्थल में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।



कारगिल विजय दिवस पर देहरादून में आयोजित समारोह में सम्मानित वीरांगनाओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी।

# हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें: राज्यपाल

## कारगिल विजय दिवस : राज्यपाल गुरमीत सिंह ने शौर्य स्थल पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

- शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर अद्वितीय बलिदान को नमन किया

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने चीड़बाग, देहरादून स्थित शौर्य स्थल में शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया तथा कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस उन वीर सपूतों के सम्मान का दिन है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। कारगिल की कठिन और विषम परिस्थितियों में भारतीय सेना ने अदम्य साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए दुश्मनों को परास्त कर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी।

यह विजय प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है। राज्यपाल सिंह ने कहा कि यह दिवस न केवल शौर्य और बलिदान की गाथा को याद करने का अवसर है, बल्कि यह हमें यह भी प्रेरणा देता है कि हम प्रत्येक परिस्थिति के लिए मानसिक और रणनीतिक रूप से सदैव तैयार रहें। कारगिल युद्ध में उत्तराखंड के वीर जवानों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

प्रदेश की वीरभूमि ने अनेक रणबांकुरों को जन्म दिया है, जिन्होंने इस युद्ध में असाधारण पराक्रम का परिचय दिया।




कारगिल विजय दिवस पर वीर नारी को सम्मानित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए कई निर्णय

**देहरादून :** राजधानी के गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वन रैंक-वन पेंशन योजना, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि एवं बॉर्डर पर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किए जाने से संबंधित कई निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये, परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिक धनराशि में भी वृद्धि की है। परमवीर चक्र की अनुग्रह राशि 50 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ की है।

### उत्तराखंड के अब तक 1831 जवान शहीद

**देहरादून :** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाएं बहुत मजबूत हुई हैं। कारगिल युद्ध में सैकड़ों जवान शहीद हुए, जिनमें हमारे राज्य के 75 जवान शहीद हुए थे, जिसमें से 31 शहीद जवान देहरादून क्षेत्र के थे। उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रदेश के अब तक 1831 जवान शहीद हुए हैं, जिनमें से 1528 जवानों को वीरता पुरस्कार मिला है। 344 विशिष्ट सेवा पदक हमारे उत्तराखंड के वीर जवानों को मिले हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सैनिकों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा शहीद जवानों के परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का कार्य किया गया है, जिसके माध्यम से अब तक 37 लोगों को रोजगार मिला है।

### सरकार ने विगत वर्षों में लिए अहम फैसले

**देहरादून :** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बीते चार वर्षों में प्रदेश सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। अमर बलिदानियों की स्मृति में देहरादून में भव्य शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कार्य अंतिम चरण है। इस सैन्य धाम में प्रदेश भर की 28 नदियों का जल और शहीद सैनिकों के घरों से लाई गई मिट्टी को समाहित किया गया है। शहीद सैनिक के एक परिजन को सरकारी नौकरी दी जा रही है। अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण की तैयारी है।

### इनके प्रति समाज की जिम्मेदारी

राज्यपाल ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीरों के परिवारजनों, वीरांगनाओं और युद्ध में घायल हुए सैनिकों के प्रति समाज की जिम्मेदारी है। उनकी सेवा और सहायता करना ही शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हाल में ही परमवीर चक्र विजेता को मिलने वाली अनुग्रह राशि को डेढ़ करोड़ रुपये कर दिया है जो पूर्व में 50 लाख रुपये थी, यह सैनिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर उत्तराखंड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल एमपीएस गिल, ज्वाइंट चीफ हाइड्रोग्राफर एनएचओ, एडमिरल पीयूष पॉसी, स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर आरएस थापा के साथ-साथ नौसेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी, जेसीओ और देहरादून स्टेशन के सैनिक भी शामिल हुए।

### पौड़ी पुलिस की वीर शहीदों को श्रद्धांजलि

देहरादून : कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर शहीदों को याद करते हुए पौड़ी गढ़वाल में एजेंसी चौक स्थित अमर जवान स्तंभ पर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। एसपी लोकेश्वर सिंह ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए पुलिस गारद द्वारा पारंपरिक सम्मान के साथ शहीदों को सलामी दी गई।

# अग्निवीरों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण की तैयारी

- मुख्यमंत्री धामी ने कहा-सैनिकों और उनके परिवारों की हितैषी है राज्य सरकार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** अग्निवीरों को पुलिस, परिवहन, वन और अन्य विभागों की भर्तियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण देने की धामी सरकार तैयारी कर रही है। इस संबंध में प्रस्ताव कैबिनेट की मंजूरी के लिए लाया जाएगा। अग्निपथ योजना के तहत चार साल की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों को इसका लाभ मिलेगा।

कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते चार वर्षों में प्रदेश सरकार ने सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। अमर बलिदानियों की स्मृति में देहरादून में भव्य शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कार्य अंतिम चरण है। इस सैन्य धाम में प्रदेश भर की 28 नदियों का जल और शहीद सैनिकों के घरों से लाई गई मिट्टी को समाहित किया गया है।

सरकार ने शहीदों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को दस लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दिया है। वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिक धनराशि को भी बढ़ाया गया है। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि अब पचास लाख से बढाकर डेढ़ करोड़ रुपये कर दी गई है। पूर्व सैनिक वीरांगनाओं और पुत्री को ड्रोन दीदी के रूप में ड्रोन संचालन का रोजगारपरक प्रशिक्षण देने का फैसला किया गया है। सरकार द्वारा 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पूर्व सैनिकों, सैनिक वीरांगनाओं और वीर नारियों को बद्रीनाथ धाम की निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी प्रदान की गई है।

### 37 आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की

सीएम के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में लिए जाने की व्यवस्था की गई है। अब तक शहीदों के 37 आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। इस योजना के तहत सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया है।

### स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट

सीएम के अनुसार, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को उत्तराखंड रोडवेज की बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा के साथ ही सेवारत और पूर्व सैनिकों को 25 लाख रुपये तक के मूल्य की स्थायी सम्पत्ति की खरीद पर स्टाम्प ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। पुत्री विवाह अनुदान जैसी अनेक योजनाएं संचालित कर राज्य सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश भर में शहीद स्मारकों का निर्माण किया जा रहा है।

# यूसीसी में रोजाना हो रहे 1634 विवाह पंजीकरण

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद विवाह का पंजीकरण अनिवार्य हो गया है। तब से एक्ट के तहत प्रतिदिन औसत 1634 शादियों का पंजीकरण हो रहा है।

उत्तराखंड में यूसीसी लागू होने से पहले, उत्तराखंड विवाह पंजीकरण अधिनियम-2010 के तहत शादियों का पंजीकरण होता था लेकिन तब बहुत कम लोग पंजीकरण कराते थे। वर्ष 2010 से लागू इस एक्ट के तहत, 26 जनवरी 2025 तक 3,30,064 विवाह पंजीकरण हुए, पुराने एक्ट के अनुसार प्रतिदिन औसत विवाह पंजीकरण की संख्या 67 तक ही पहुंच पाई थी। अब 27 जनवरी, 2025 से यूसीसी लागू होने के बाद, विवाह पंजीकरण में जबरदस्त उछाल आया है। ठोस कानून और आसान प्रक्रिया के चलते लोग अब पंजीकरण के लिए खूब उत्साह दिखा रहे हैं। अब तक यूसीसी के तहत होने वाले विवाह पंजीकरण की संख्या 3,01,526 पहुंच गई है।

> यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ रही है। इससे कानून की व्यापकता और सार्थकता का पता चलता है। यूसीसी के तहत होने वाला प्रत्येक पंजीकरण, एक मजबूत समाज की दिशा में ठोस कदम है। इससे महिलाओं के हित खासकर सुरक्षित हो रहे हैं।
> **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

# श्रृंगेरी से प्रेरित शिक्षा मॉडल से होगी सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को कर्नाटक के श्रृंगेरी स्थित राजीव गांधी परिसर, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री ने परिसर की शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से संवाद कर शिक्षण प्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

श्रृंगेरी, जो आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित चार पीठों में से एक है, सदियों से भारतीय ज्ञान परंपरा, वेद-वेदांग और सांस्कृतिक साधना का अद्वितीय केंद्र रहा है। यहीं स्थित राजीव गांधी परिसर, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय पारंपरिक गुरुकुल पद्धति और आधुनिक शैक्षणिक तकनीकों के समन्वय से संस्कृत शिक्षा का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि श्रृंगेरी परिसर में पारंपरिक संस्कृत शिक्षा के साथ आधुनिक विषयों का अद्भुत समन्वय देखकर मन प्रसन्न हुआ। विद्यार्थियों का गहन अध्ययन, गुरुओं का मार्गदर्शन एवं परिसर का शुद्ध वातावरण संस्कृत शिक्षा के आदर्श केंद्र की अनुभूति कराता है। इस मॉडल को उत्तराखंड जैसे सांस्कृतिक राज्य में भी अपनाने की आवश्यकता है, जहां संस्कृत पहले से ही हमारी द्वितीय राजभाषा है। स्पष्ट किया कि उत्तराखंड सरकार प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को और अधिक सशक्त करने हेतु ठोस कदम उठा रही है।



कैंपस में आयोजित बैठक में प्रतिभाग करते संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

# रुद्रप्रयाग में अतिवृष्टि जनजीवन अस्तव्यस्त

- गदेरे, नाले उफनाए, 2300 यात्री सुरक्षित पहुंचाए गए

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** जिला रुद्रप्रयाग के विभिन्न क्षेत्रों में अतिवृष्टि से जनजीवन ठहर गया। हालांकि राहत और बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। शनिवार देर शाम तक 2300 यात्रियों को केदारनाथ धाम की तरफ से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। घटना में किसी तरह की जनहानि तथा पशुहानि की सूचना नहीं है।

सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने बताया कि शुक्रवार आधी रात से शनिवार तड़के तक तहसील रुद्रप्रयाग अंतर्गत ग्राम चमेली, रूमसी, चमरारा तोक एवं विजयनगर क्षेत्र में सौड़ी गदेरे और बेडू बगड़ नाले में भारी मात्रा में मलबा व पानी आने के कारण कुछ भवनों, गौशालाओं, शौचालयों और संपर्क मार्गों में कटाव हुआ। लगभग 8-10 भवनों में मलबा घुस गया। वहीं, तड़के 4 बजे गौरीकुंड में घोड़ापड़ाव से करीब 50 मीटर की दूरी पर केदारनाथ यात्रा मार्ग पर लगभग 30 मीटर क्षेत्र में भारी पत्थर व मलबा आने पर प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य संबंधित विभागों की टीमों ने यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग बनाकर सुरक्षित निकाला।

## समाधान की दिशा में करें कारगर प्रयास

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में 'सस्टेनबल वेलनेस ऑफ स्टूडेंट्सः अ कलेक्टिव रिस्पॉन्सिबिलिटी इन हायर एजुकेशन' पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों के मनोविज्ञान का ध्यान रखते हुए विद्यार्थी जीवन की चुनौतियों के समाधान की दिशा में विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थाओं को कारगर प्रयास करना होगा। इस दिशा में पुस्तक के प्रकाशन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने पुस्तक का हिन्दी संस्करण भी तैयार किए जाने की अपेक्षा की। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड राज्य में सबसे पहले नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है।

### बी वारंट पर लाया जाएगा धर्मांतरण गैंग के आरोपियों को दून

**देहरादून, अमृत विचार :** एसएसपी ने बताया कि अब तक की विवेचना से प्रकाश में आये व पूर्व में ही आगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अबु तालिब, अब्दुल रहमान, अब्दुल रहीम, अब्दुल्ला, अब्दुर रहमान, आयशा उर्फ कृष्णा को न्यायालय से वारंट बी पर देहरादून लाया जाएगा। अयान व सुलेमान की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
JOB OPENINGS
Experienced Biomedical Engineers
Job-Position : BME
Area of Expertise : Lab Equipments
X Ray Machines, USGs, Critical Care &
Gen. Medical Equipments.
Salary No Bar for Deserving Candidates
Applicants must be well-trained in repairs, maintenance and troubleshooting etc.
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाला धरा

**देहरादून :** एप के जरिये लड़कियों से दोस्ती कर उनके अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पौड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बीती 11 जुलाई को स्थानीय निवासी ने कोतवाली पौड़ी पर दर्ज कराए अभियोग में बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी नाबालिग बहन का अश्लील वीडियो बना लिया है और अब उसे इंटरनेट पर अपलोड करने की धमकी देकर उसे अपने साथ रहने के लिए ब्लैकमेल कर रहा है। इस मामले में कोतवाल सदर कमलेश शर्मा की टीम ने साक्ष्य संकलन व तथ्यों की पुष्टि होने पर शनिवार को अभियुक्त साहिल पुत्र शराफत अली, मूल निवासी बडौत, बागपत (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि साहिल कर्नाटक में काम करता था, जो ओला पार्टी लाइव एप के माध्यम से लड़कियों से दोस्ती कर, उनके न्यूड वीडियो बनाकर उनको अपने साथ रहने व शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए ब्लैकमेल करता था। पुलिस को साहिल के मोबाइल से पीडिता के अश्लील वीडियो मिले हैं। साथ ही, 10 से अधिक लड़कियों के साथ भी उसका सम्पर्क होना पाया है।

**शिकंजा** | जिहादियों को उत्तराखंड में सख्त धर्मांतरण कानून, यूसीसी का डर

# गहन जांच उतारेगी चेहरों से धर्मांतरण की नकाब

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** धर्मांतरण गैंग चला रहे जिहादियों को उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता कानून (यूसीसी) और सख्त धर्मांतरण कानून का डर था इसलिए धर्मांतरण का शिकार हुई बरेली की युवती को निकाह के लिए दिल्ली ले जाया गया। यहां उसका पासपोर्ट बनवाकर उसे दुबई ले जाने की तैयारी थी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। पुलिस और एजेंसियों की गहन जांच में कई मासूमों के चेहरों से धर्मांतरण का नकाब उतरने का अंदेशा है।

एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, ऑपरेशन कालनेमि के तहत दून पुलिस द्वारा अपना धर्म व पहचान को छिपाकर महिलाओं को धोखा देने वाले व्यक्तियों को भी लगातार चिन्हित किया जा रहा है। इससे पूर्व थाना रानीपोखरी पर 18 जुलाई को एक युवती का ब्रेनवॉश कर उसका धर्मांतरण कराने का प्रयास किया गया था, जिस पर अब्दुर रहमान निवासी सहसपुर देहरादून, अबु तालिब निवासी मुजफ्फरनगर, अयान व अमन निवासी दिल्ली और स्वेता निवासी गोवा पर पैसों व अन्य तरह का प्रलोभन देकर जबरन धर्मांतरण कराने के संबंध में उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाम अब्दुर रहमान आदि पंजीकृत किया गया। विवेचना में सामने आया कि जब पीड़िता उर्फ मरियम नाबालिग थी तो एफबी के जरिये इसकी दोस्ती अबु तालिब से हुई थी, जिसने इसे बताया कि इस्लाम अपनाने पर उसकी जिन्दगी बहुत अच्छी हो जाएगी। अबु द्वारा व्हाट्सएप पर पीड़िता को कलमा भेजकर उसे पढ़वाकर बताया कि अब तुम मुस्लिम बन चुकी हो और उसे मरियम नाम दिया। उसे झारखंड के दोस्त अयान से सोशल मीडिया के जरिये मिलवाकर उसे घर से भगाकर अयान के साथ निकाह करने का षड्यंत्र रचा।

### विवेचना में कई तथ्यों की हुई पुष्टि

एसएसपी देहरादून अजय सिंह के अनुसार, पीड़िता उर्फ सुमैया को सम्पर्क में आने वाले कई लोगों के द्वारा इस्लाम से जुड़ने व इसकी अच्छाईयां बताकर अन्य लोगों को भी इस्लाम से जोड़ने के लिए समय-समय पर प्रेरित किया जाता रहा। चूंकि उत्तराखंड में सख्त धर्मांतरण कानून तथा यूसीसी लागू होने के कारण उनके द्वारा पकड़े जाने के डर से पीड़िता सुमैया को धर्मांतरण /निकाह के लिए दिल्ली बुलवाया गया था। जहां पूर्व में धर्मांतरित अब्दुल रहमान उर्फ महेन्द्र पाल सिंह पीड़िता का आधार कार्ड अपने दिल्ली के पते पर बदलवाकर कनवर्जन प्रमाण पत्र दिल्ली से प्राप्त करने की तैयारी कर रहा था। विवेचना में पीड़िता को देहरादून निवासी उसके हिन्दू मित्र को भी कन्वर्ट कराकर उसका निकाह कराने का प्रयास करने, धार्मिक कट्टरता फैलाने वाला साहित्य उपलब्ध कराने व धर्मान्तरण हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भूमिका की पुष्टि हुई है।

### हत्या या आत्महत्या के बीच उलझी पुलिस ने जांच की शुरू, युवती के हाथ में ए तो गर्दन के नीचे अजीम शब्द गुदा मिला

# भाखड़ा नदी में अज्ञात युवती की लाश मिलने से सनसनी

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** हल्द्वानी से कालाढूंगी को जाने वाले मार्ग में पड़ने वाली भाखड़ा नदी में एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवती के हाथ और गले के नीचे टैटू गुदा हुआ है। युवती की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसके सिर में चोट का निशान है।

मुखानी थाना पुलिस के अनुसार शनिवार की सुबह लोगों ने पुलिस को बताया कि भाखड़ा नदी में एक युवती की लाश पड़ी हुई है। जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के बारे में आसपास पता किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है। पुलिस ने बताया कि युवती के सर से खून निकल रहा है। प्राथमिक जांच में माना जा रहा है कि युवती ने भाखड़ा नदी के पुल से कूदकर आत्महत्या की है। घटना के समय नदी में पानी कम था इसलिए शव ज्यादा दूर नहीं बहा। युवती की उम्र 22 से 25 साल के बीच होने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। युवती ने लाल रंग का सूट पहना हुआ है।

उसके हाथ पर ए और छाती पर अजीम नाम लिखा टैटू गुदा मिला। पुलिस फिलहाल तीन दिशा में का काम रही है। पहला वह घटनास्थल के पास से जानकारी जुटा रही है।

दूसरा आसपास के थाना और चौकी से लापता युवतियों की जानकारी को जुटाया जा रहा है। साथ ही युवती के शरीर पर गुदे नाम के आधार पर भी तफ्तीश की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस ने शीघ्र ही मृतका की शिनाख्त कर लेने की बात कही है।

### तीन दिन बाद हुआ जंगल में मिले मासूम के शव का पोस्टमार्टम

**हल्द्वानी :** पुलिस को जंगल में करीब सात माह के मासूम का शव मिला। शव के नीचे का हिस्सा नहीं था। इससे मासूम के जेंडर का पता नहीं चल सका। शव को पोस्टमार्टम हाउस हल्द्वानी में रखवा दिया गया। 72 घंटे बीतने के बाद भी उसके परिजनों का पता नहीं चला तो उसका पोस्टमार्टम करा दिया गया। पुलिस के अनुसार बीती 23 जुलाई को लोगों ने काशीपुर के जंगल में एक मासूम का शव देखे जाने की सूचना दी। सूचना पुलिस के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। मासूम के शव को पोस्टमार्टम हाउस हल्द्वानी में रखवा दिया गया। साथ ही पुलिस ने मृतक से जुड़े लोगों की छानबीन की। हालांकि 72 घंटे बीत जाने के बाद भी मासूम के परिजनों का कुछ भी पता नहीं चल सका। पुलिस ने शनिवार को मासूम के शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पंचनामा काशीपुर से ही भर के आया था। जिस कारण वहां की पुलिस ने ही मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाया था।






# प्रचार का शोर थमा, दूसरे चरण का मतदान कल

### रामनगर, कोटाबाग और भीमताल ब्लॉक से 26 पोलिंग पार्टियां 48 घंटे पूर्व हुईं रवाना, प्रत्याशियों का डोर टू डोर संपर्क जारी

पंचायत चुनाव

**60** सीटों के सापेक्ष प्रधान के 176 प्रत्याशी मैदान में

**39** बीडीसी की सीटों के सापेक्ष 134 प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

**04** सीटों पर जिला पंचायत के 15 उम्मीदवार मैदान में हैं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत के द्वितीय चक्र में चार ब्लॉकों के मतदान के लिए प्रचार थम गया है। रामनगर, कोटाबाग और भीमताल ब्लॉक से 26 पोलिंग पार्टियां 48 घंटे पूर्व रवाना हो गईं। बाकी पोलिंग पार्टियां आज ब्लॉक मुख्यालयों से बूथों के लिए रवाना होंगी।

द्वितीय चक्र में चार ब्लॉकों में 28 जुलाई को मतदान होना है। हल्द्वानी ब्लॉक से प्रधान पद की 60 सीटों के सापेक्ष 176, बीडीसी की 39 सीटों के सापेक्ष 134 और जिला पंचायत की चार सीटों पर 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। नियमानुसार शनिवार की शाम पांच बजे प्रचार-प्रसार थम गया। हालांकि प्रत्याशी डोर टू डोर संपर्क कर सकते हैं। अंतिम दिन ग्राम प्रधान से जिला पंचायत सीट के उम्मीदवारों ने जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया तो जनसभाएं भी कीं। अब प्रत्याशी घर-घर किलेबंदी में जुट गए हैं। इधर, जिला प्रशासन ने चुनाव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। शनिवार को रामनगर से 1, भीमताल से 4 और कोटाबाग से 21 पोलिंग पार्टियां दो दिन पूर्व दूरस्थ बूथों के लिए ब्लॉक मुख्यालयों से मतपेटी और जरूरी सामग्री लेकर रवाना हुईं जो देर रात तक सही से बूथों पर पहुंच गई हैं। शेष पार्टियां आज सुबह 8 बजे से ब्लॉक मुख्यालयों से आवंटित बूथों के लिए रवाना होंगी। वहीं पुलिस पार्टियां भी बूथों पर पहुंच चुकी हैं।



डीजल भरवाने के लिए गाड़ी नंबर नोट कराते ड्यूटी पर जाने वाले वाहनों के ड्राइवर। ● अमृत विचार

### पहले ग्राम सभा सदस्य, ग्राम प्रधान, बीडीसी फिर जिपं के वोटों की होगी गिनती

**हल्द्वानी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की 31 जुलाई को होने वाली मतगणना कर्मियों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। इसमें 1200 मतगणना सहायक और 300 मतगणना सुपरवाइजर शामिल हुए। शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में हुए प्रशिक्षण में गणना सहायक और गणना सुपरवाइजर को वैध और अवैध मतों की तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण में मत पेटियां खोलने, मत पत्र लेखा व मतों का मिलान करने की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि अलग-अलग रंग के 50-50 की संख्या में बंडल बनाए जाएंगे। इसके उपरांत मतों की गणना की जाएगी। सबसे पहले ग्राम पंचायत सदस्य फिर ग्राम प्रधान उसके बाद क्षेत्र पंचायत सदस्य की व अंत में जिला पंचायत सदस्यों के मतों की गणना की जाएगी। प्रशिक्षण में एडीएम प्रशासन विवेक राय एवं डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी ने सभी मतगणना कर्मियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए।

### हल्द्वानी के आठ मतदान केंद्रों पर हुआ बदलाव

**हल्द्वानी :** मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनामिका ने बताया कि आपदा एवं आपात स्थितियों के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्व में निर्धारित मतदान केंद्रों में संशोधन किया गया है। इनमें हल्द्वानी ब्लॉक के 8 मतदान केंद्र शामिल हैं।

#### इन बूथों पर हुआ संशोधन/बदलाव

- ग्राम पंचायत बजुनियाहल्दू में मतदान केंद्र संख्या-19 कन्या माध्यमिक विद्यालय कठघरिया में अस्थाई कक्ष संख्या-3 को संशोधन के बाद मतदान केंद्र व मतदान स्थल 19-राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठघरिया कक्ष संख्या 2 है।
- ग्राम पंचायत आनंदपुर में संशोधन के बाद निर्धारित मतदान केंद्र - 82 आंगनबाड़ी केंद्र गुसाईंपुर के मतदान स्थल गुसाईंपुर कक्ष संख्या-1 है।
- ग्राम पंचायत हल्दूपोखरा नायक के लिए संशोधन के बाद निर्धारित मतदान केंद्र व मतदान स्थल राजकीय प्राथमिक विद्यालय हल्दूपोखरा नायक, आंगनबाड़ी केंद्र हल्दूपोखरा नायक कक्ष संख्या-1 है।
- संशोधन के बाद ग्राम पंचायत चांदनीचौक घुड़दौड़ा का मतदान केंद्र व मतदान स्थल 189- आंगनबाड़ी केंद्र चांदनीचौक घुड़दौड़ा कक्ष संख्या-1 को बनाया गया है।
- ग्राम पंचायत हाथीखाल के लिए मतदान केंद्र व मतदान स्थल 192 को जन मिलन केंद्र हाथीखाल कक्ष संख्या-1 को बनाया गया है।
- ग्राम पंचायत किशनपुर स्कूलिया के लिए संशोधन बाद मतदान केंद्र व मतदान स्थल 141- वीवीएम सीनियर सेकेंड्री स्कूल मोटाहल्दू कक्ष संख्या-1 बनाया गया है।
- ग्राम पंचायत जयपुर बीसा के लिए संशोधन बाद मतदान केंद्र व मतदान स्थल 194- सेमफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयपुर बीसा कक्ष संख्या-1 है।
- ग्राम पंचायत खड़कपुर के लिए संशोधन के बाद मतदान केंद्र व मतदान स्थल राउमा विद्यालय मोटाहल्दू कक्ष संख्या-1 निर्धारित किया गया है।



चुकुम में राफ्टिंग के जरिए अपने केंद्र को जाती पोलिंग पार्टी। ● अमृत विचार

### चुकुम में राफ्ट के जरिये पहुंची पोलिंग पार्टी

**रामनगर, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचार का कार्य समाप्त हो चुका है अंतिम दिन प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों ने अपने-अपने क्षेत्र में रैलियां निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया। उधर शनिवार को चुकम की पोलिंग पार्टी को रिवर राफ्ट के जरिये भेजा गया। बता दें कि कोसी नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण पार्टी को ट्रैक्टर के बजाय राफ्ट के माध्यम से भेजा गया है। रविवार को सभी मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों के लिए डिग्री कॉलेज से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता नलकूप प्रिया सैनी ने बताया कि 67 मतदान केंद्रों पर 134 बूथ बनाए गए हैं, कुल 76,848 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे, तथा 174 दिव्यांगों को मतदान केंद्र पर प्राथमिकता मिलेगी। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि विकासखंड रामनगर की चार न्याय पंचायत में तीन जोनल मजिस्ट्रेट, चार सैक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। बताया कि संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त फोर्स मौजूद रहेगी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के बाहर 100 मीटर की दूरी पर प्रत्याशी अपनी बैठने की कुर्सी लगा सकते हैं लेकिन किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकते। पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। अंतिम दिवस में प्रधान व क्षेत्र पंचायत के सदस्य का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया और वोट मांगे। इसी के साथ चुनाव प्रचार थम गया है।

### कोटाबाग ब्लॉक में 21 पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कोटाबाग ब्लॉक में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्र के 21 बूथों की पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया, शाम 5 बजे तक सभी पोलिंग पार्टियों के बूथ पर सकुशल पहुंचने की सूचना मिली है। कोटाबाग ब्लॉक में 102 भूतों पर मतदान होना है जिसमें शनिवार को पर्वतीय क्षेत्र के 21 पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया। आज 81 पोलिंग पार्टियों को बूथों के लिए रवाना किया जाएगा। पहले दिन सभी पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 21 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। यहां नोडल अधिकारी रेखा कोहली, आरओ मनोज गंगवार, खंड विकास अधिकारी डॉ. श्वेता सैनी आदि रहे।

### बीयर की बोतलों के साथ आरोपी दबोचा

**हल्द्वानी:** पुलिस ने कार के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 144 बीयर की बोतलें मिली हैं। पुलिस यूओयू के सामने मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान सलेटी रंग की कार फायर स्टेशन की तरफ आ रही थी। कार रुकने का इशारा किया तो कार चालक वाहन को वापस मोड़ने लगा। पुलिस ने कार को रोक लिया। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम मनीष सिंह राणा (35) निवासी बेड़ीपड़ाव मोटाहल्दू थाना लालकुआं बताया। कार की डिग्गी खुलवाने पर उसके अंदर गत्ते की छह पेटियों में अलग-अलग कंपनियों की कुल 144 बीयर की बोतलें मिलीं। आरोपी ने बताया कि वह घर में बर्थडे पार्टी के लिए ये बोतलें ले जा रहा है। पुलिस ने बीयर की बोतलों को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दो किलो चरस के साथ तीन तस्कर दबोचे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पुलिस ने कार सवार तीन तस्करों को दो किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि वह पहाड़ के गांव से चरस को इकट्ठा करते हैं और हल्द्वानी समेत अन्य मैदानी इलाकों में लाकर बेच देते हैं।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस व एसओजी की टीम संयुक्त रूप से मंडी चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। टीम जब फायर स्टेशन के पास पहुंची तो एक सफेद रंग की कार बरेली रोड की तरफ जाती दिखी। पुलिस टीम ने चेकिंग के लिए हाथ देकर रुकने का इशारा किया तो कार चालक ने कार की गति को और बढ़ा दी। किसी तरह कार को रोका गया तो उसके अंदर बैठे लोग पास मौजूद पॉलीथिन को छुपाने लगे। पुलिस ने जांच की तो पॉलीथिन में चरस बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि कार चालक नंदन सिंह निवासी बेड़ीचूला पटवारी पट्टी पतलिया जिला नैनीताल है। अन्य दो लोगों में इसी गांव के निवासी हरीश सिंह के अलावा सौरभ मिश्रा निवासी रायनवाज थाना बहेड़ी जिला बरेली हैं। पूछताछ में बताया कि ये तीनों आपस में दोस्त हैं और चरस तस्करी करते हैं। तीनों आस-पास के गांव से लोगों से छोटी मात्रा और सस्ते दामों में चरस खरीदते हैं और जब काफी चरस इकट्ठी हो जाती है तो उसे महंगे दामों में हल्द्वानी और आसपास के इलाकों में बेच देते हैं। पुलिस ने जब चरस का वजन किया तो नंदन सिंह के कब्जे से 1 किलो 80 ग्राम और सौरभ मिश्रा के कब्जे से 746 ग्राम चरस मिली। चरस का कुल वजन 1.975 किलो है। इसके साथ ही तस्करी में इस्तेमाल हो रही कार को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्जकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



पुलिस गिरफ्त में चरस तस्करी के तीन आरोपी। ● अमृत विचार

#### नंदन का पुराना है आपराधिक इतिहास

पुलिस के अनुसार नंदन सिंह पेशेवर अपराधी है। साल 2024 में काठगोदाम थाना क्षेत्र में और साल 2025 में हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान हो चुका है।

#### टीम में ये रहे शामिल

**हल्द्वानी :** तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सीनियर एसआई कोतवाली महेन्द्र प्रसाद, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, चौकी प्रभारी मंडी प्रेमराम विश्वकर्मा, कांस्टेबल मंडी चौकी ललित मेहरा, कांस्टेबल एसओजी संतोष बिष्ट, अरुण राठौर, भूपेन्द्र जेष्ठा शामिल रहे।



हाथ में कुल्हाड़ी लेकर जिपं. उम्मीदवार बेला तोलिया के लिए वोट मांगते सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

### रामड़ी आन सिंह में बेला तोलिया ने निकाला जुलूस, उमड़ी भीड़

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चक्र का प्रचार शनिवार की शाम को थम गया। इस मौके पर रामड़ी आन सिंह जिला पंचायत सीट से भाजपा प्रत्याशी बेला तोलिया ने कठघरिया से विशाल जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। इसमें हजारों की संख्या में जनता ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। शनिवार को सांसद अजय भट्ट के साथ बेला तोलिया ने चुनाव चिन्ह कुल्हाड़ी हाथ में लेकर जुलूस निकाला। जुलूस की शुरुआत पनियाल से हुई। इसमें समर्थकों ने ढोल नगाड़ों और समर्थन में नारेबाजी करते हुए काफिला रामड़ी, पीपलपोखरा, जयपुर पाडली, बच्चीनगर, फतेहपुर, लामाचौड़, घुनी से होते हुए कठघरिया में जनसभा में समाप्त हो गया। जहां विधायक बंशीधर भगत, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सांसद भट्ट, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट ने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर बेला तोलिया को जिताने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद भट्ट ने कहा कि क्षेत्र में बेला तोलिया की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्थानीय महिलाएं पिछले एक माह से प्रचार में उनके साथ बिना रुके चल रही हैं। प्रत्याशी बेला तोलिया ने कहा कि उनका उद्देश्य रामड़ी आनसिंह पनियाली क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इस दौरान दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट एवं दिनेश आर्या, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, महेश शर्मा, जिला महामंत्री नवीन भट्ट मौजूद रहे।

# कालागढ़ में नर हाथी का शव मिला, हड़कंप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत कालागढ़ रेंज की कालागढ़ दक्षिणी बीट, धारा ब्लॉक के कंपार्टमेंट संख्या 4 और 5 में गश्त के दौरान एक वयस्क नर हाथी का शव मिलने वन कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। आनन फानन में इसकी सूचना आला अधिकारियों को दी गई। वन विभाग की टीम को शव नूनगढ़ सहायक नाले के पास मिला। प्रारंभिक जांच में शव करीब 5 से 7 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। हाथी के दोनों दांत (टस्क) सुरक्षित पाए गए हैं।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने बताया कि देर शाम जब कालागढ़ रेंज की वनकर्मी टीम नियमित गश्त पर थी, तभी नूनगढ़ सहायक नाले के पास झाड़ियों में एक वयस्क नर हाथी का शव देखा गया। हाथी के सभी अंग सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या शिकार की आशंका नहीं है। प्रथम दृष्टया हाथी की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई प्रतीत हो रही है। डॉ. बडोला ने बताया कि विभागीय प्रोटोकॉल के तहत शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसके लिए वरिष्ठ वन अधिकारियों की निगरानी में अनुभवी पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

राजनीति

### ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत में बड़ी संख्या में राजनीतिक मैदान में उतरे युवा प्रत्याशी

# नई सोच, नया जोश : चुनाव में युवाओं की दोहरी दस्तक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गांव की राजनीति अब उम्र नहीं, सोच से तय होगी। नैनीताल जिले में इस बार पंचायत चुनावों ने एक नया मोड़ लिया है। जहां युवा मतदाता नई सोच और ठोस मुद्दों के साथ कल अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, दूसरी ओर कई युवा खुद भी उम्मीदवार बनकर गांव की सरकार का नेतृत्व करने के लिए तैयार खड़े हैं। कल होने वाले पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में नैनीताल जिले की सियासी फिजा में युवाओं की मौजूदगी निर्णायक मोड़ ले रही है।

ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत सदस्य जैसे पदों पर 21 से 30 वर्ष की आयु के पढ़े-लिखे, तकनीकी रूप से सक्षम और समाजसेवा से प्रेरित युवा उम्मीदवार मैदान में हैं। उनका मकसद सिर्फ कुर्सी तक पहुंचना नहीं, बल्कि गांव की दिशा और दशा को नए सांचे में ढालना है। शिक्षा, स्वच्छता, डिजिटल सुविधा, महिला सशक्तिकरण और कृषि नवाचार जैसे मुद्दे इनके एजेंडे में प्रमुखता से शामिल हैं। यही वजह है कि युवा मतदाता भी इन्हीं बातों पर अपनी दावेदारी कर रहे हैं। इन युवा उम्मीदवारों ने प्रचार के पारंपरिक तौर-तरीकों से आगे बढ़कर वीडियो संदेश, फेसबुक लाइव, इंस्टाग्राम रील्स और व्हाट्सएप कैंपेन जैसे माध्यमों से खासकर युवा मतदाताओं के दिलों में जगह बनाई है। सोशल मीडिया के जरिए घर-घर पहुंचने का यह डिजिटल तरीका अपनाया। इस बार का पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का संकेत बनकर उभरा है। जब गांव के युवा ही नेतृत्व के लिए आगे आ रहे हैं, तो चुनाव भी केवल रस्म अदायगी नहीं रह जाता। वह जन-चेतना और नवाचार की शुरुआत बन जाता है। शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया। कल होने वाले मतदान के बाद 31 जुलाई को मतगणना होगी, जिसमें ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या गांव की सरकार की कमान इस बार युवा हाथों में जाएगी।




#### शिक्षा, रोजगार जैसे ठोस मुद्दे हैं एजेंडे में शामिल

ग्राम सभा ज्योलीकोट में इस बार दो युवा प्रत्याशी ग्राम प्रधान पद के लिए मैदान में हैं, जो गांव के विकास के लिए नई ऊर्जा और योजनाओं के साथ उतरे हैं। वहीं, जिला पंचायत सदस्य पद के लिए भी कई युवा उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भीमताल ब्लॉक के ककोड़ क्षेत्र के साथ ही कई ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत क्षेत्रों से कई युवा उम्मीदवार राजनीतिक क्षेत्र में जोर-आजमाईश कर रहे हैं। सामाजिक कार्यों का अनुभव रखने वाले इन युवाओं ने अपने घोषणापत्र में शिक्षा, रोजगार, स्वच्छता और तकनीकी विकास जैसे ठोस मुद्दे भी शामिल किए हैं।

# रामनगर में चोरों ने तोड़े मकान के ताले

**रामनगर, अमृत विचार:** चोरपानी स्थित एक बंद मकान में चोरों ने सेंध लगा दी। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि कमला देवी का चोरपानी में मकान है।

महिला 21 जुलाई को रुद्रपुर अपनी बेटी के यहां गई थी। 23 जुलाई की रात को चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। 24 जुलाई को पड़ोसियों ने महिला को चोरी की सूचना दी। महिला शुक्रवार को घर पहुंची और सूचना पुलिस को दी। महिला के अनुसार, चोर मकान से 20 हजार नकद, 20 नई साड़ियां चोरी कर ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ संदिग्ध लोग दिख रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### डेलिसस प्रजाति के पेड़ पर की ग्रीन स्मिथ, रिचर रेड, गाला, सिनको, किंगोट व जेरेमाइन विदेशी किस्मों की ग्राफ्टिंग

# महेश ने एक ही पेड़ पर उगा दीं सेब की 5 प्रजातियां

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल के गल्ला गांव के किसान महेश गलिया ने उन्होंने परंपरागत कलम विधि यानी ग्राफ्टिंग तकनीक के ज़रिए एक ही सेब के पेड़ पर पांच अलग-अलग किस्मों के सेब की प्रजातियां उगाकर सबको चौंका दिया है। यह प्रयोग आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

महेश ने देशी डेलिसस प्रजाति के पेड़ पर ग्रीन स्मिथ, रिचर रेड, गाला, सिनको, किंगोट और जेरेमाइन विदेशी किस्मों की कलमें जोड़ दीं। परिणामस्वरूप आज उस पेड़ पर विभिन्न रंग, स्वाद और बनावट वाले सेब एकसाथ फलते देखे जा सकते हैं।


सेब के पौधे के साथ गल्ला गांव किसान महेश गलिया ● अमृत विचार

### परंपरागत तरीकों से भविष्य की खेती की ओर

जहां एक ओर मुक्तेश्वर और रामगढ़ जैसे क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों के जरिए किसान नई राहें तलाश रहे हैं, वहीं महेश गलिया ने परंपरागत विधियों को नया रूप देकर एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनका यह नवाचार उत्तराखंड के हजारों किसानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में नई राह दिखा रहा है।

### बिना रासायनिक मदद के तैयार किया नवाचार

महेश बताते हैं कि यह पूरी प्रक्रिया उन्होंने बिना किसी रासायनिक या महंगी आधुनिक तकनीक के अपनाई। सीमित संसाधनों में तैयार यह मॉडल खासतौर पर पहाड़ी और सीमांत क्षेत्रों के किसानों के लिए आदर्श बन सकता है। महेश का मानना है कि महंगे उपकरणों और रसायनों पर निर्भरता कम करके पारंपरिक तकनीकों से भी बेहतर उत्पादन संभव है।

### जगह, मेहनत और खर्च, तीनों की बचत

उनका यह नवाचार कई मायनों में फायदेमंद है। इससे एक ही स्थान पर अलग-अलग वैरायटी के फल मिलने से जगह की बचत होती है, सिंचाई और देखभाल में कम समय व श्रम लगता है और बाजार में ज्यादा कीमत मिलने की संभावना भी बढ़ती है।

### महेश ने की राज्य सरकार से अपील

महेश ने राज्य सरकार से अपील की है कि इस तकनीक को राज्य के अन्य किसानों तक भी पहुंचाया जाए, ताकि वे भी इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और ज्ञान से खेती को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

# खबर का असर: प्रशासन की टीम ने किया खूपी क्षेत्र का निरीक्षण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। एसडीएम के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने खूपी क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया है। बताते चलें कि खूपी गांव में हो रहे भूस्खलन के मामले को अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद अब प्रशासन हरकत में आया है और आज प्रशासन की टीम ने गांव का निरीक्षण किया।

बताते चले कि बीती रात तेज वर्षा के चलते एसडीएम नवाजिश खलीक के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने खूपी क्षेत्र का दौरा किया। जहां उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर भू धंसाव व खतरे को लेकर जानकारी ली। एसडीएम ने बताया कि खूपी समेत चार्टन लॉज व अन्य क्षेत्रों में फिलहाल वर्षा से कोई नुकसान नहीं हुआ है। एहतियात के तौर पर राजस्व निरीक्षक व ग्रामीणों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गए हैं। बताया कि क्षेत्र में पहले ही प्रभावितों को गांव छोड़कर सुरक्षित रहने की अपील की है। लेकिन अब तक प्रभावित परिवार गांव में ही रह रहे हैं। बताया कि स्थिति बिगड़ने पर प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा।


अनदेखी: खूपी गांव में भूस्खलन की मार, ग्रामीण बेबस व लाचार
घरों में पड़ रही हैं लगातार बड़ी-बड़ी दरारें, फरियाद के बावजूद नहीं हुआ कोई समाधान
संवाददाता, नैनीताल
अमृत विचार: प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र के साथ-साथ सरोवर नगरी नैनीताल भी भूस्खलन की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। नैनीताल समेत आसपास की अधिकांश पहाड़ियां भूस्खलन के चलते लगातार कमजोर हो रही हैं। भूस्खलन से नैनीताल का खूपी गांव बीते कई दशकों से प्रभावित है। खूपीगांव में लगातार बड़ी-बड़ी दरारें पड़ रही हैं। जिससे गांव का अस्तित्व अब खतरे में नजर आ रहा है। इसके बावजूद अब तक शासन प्रशासन का ध्यान खूपी गांव के प्रभावितों की तरफ नहीं गया।
घरों में पड़ी दरार दिखाते ग्रामीण। ● अमृत विचार
अस्तित्व पर भी मंडरा रहा खतरा

## बीडी पांडे अस्पताल में लगी हेल्थ एटीएम मशीन एक साल से खराब

**नैनीताल, अमृत विचार:** बीडी पांडे अस्पताल में लगी हेल्थ एटीएम मशीन लगभग एक साल से बंद पड़ी है। अस्पताल प्रबंधन के पास मशीन को ठीक कराने के लिए पर्याप्त बजट नहीं है। इसके चलते मशीन अस्पताल में एक साल से धूल फांक रही है। जिससे मरीजों को मशीन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि बीते मई 2023 में बीडी पांडे अस्पताल में हेल्थ एटीएम मशीन स्थापित की गई थी। मशीन अस्पताल के प्रथम तल में ऐसी जगह लगाई गई थी जहां मरीजों का जाना ही नहीं होता था। उसके ऊपर मशीन को पर्दे से ढक दिया गया। लोगों की मांग के बाद जब हेल्थ एटीएम मशीन आपातकालीन कक्ष के बाहर लगाई गई तो मरीजों को मशीन का लाभ मिलने लगा, लेकिन कुछ समय बाद मशीन खराब हो गई। लगभग एक वर्ष बाद भी अब तक मशीन ठीक नहीं हो पाई है। मशीन मात्र शोपीस बनकर अस्पताल में धूल फांक रही है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि हेल्थ एटीएम मशीन लंबे समय से खराब है। अस्पताल प्रबंधन के पास मशीन ठीक कराने के लिए पर्याप्त बजट नहीं है, जिसके चलते मशीन को ठीक कराने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26
CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053
Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


# बदमाशों ने युवक को बेहोश कर जेवर व नकदी उड़ाई

### शनिवार को घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, जांच शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** निकटवर्ती ग्राम नारायणपुर मूलिया बसई में शनिवार सुबह दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि नकाबपोश बदमाशों ने युवक को नशीला पदार्थ सुंघा कर बेहोश कर दिया और घर में रखे लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

पीड़ित राजेंद्र सिंह के अनुसार शनिवार सुबह वह अपनी पत्नी के साथ चुनाव प्रचार के लिए घर से निकले थे, उस समय घर में उनके वृद्ध बीमार पिता और बेटा अमन रावत मौजूद थे। अमन दादा की देखभाल के लिए घर पर रुका था। राजेंद्र सिंह का आरोप है कि पिछले दो दिनों से एक संदिग्ध व्यक्ति उनके घर के आसपास घूमता देखा गया था। शनिवार को भी वह व्यक्ति आसपास नजर आया। उनके निकलने के कुछ समय बाद दो नकाबपोश युवक उनके घर में घुसे और वहां मौजूद अमन रावत पर लाठी-डंडों व चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने अमन को कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। बदमाश घर की अलमारी में रखे करीब 7 से 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और कुछ नकदी लेकर फरार हो गए, जब राजेंद्र सिंह प्रचार से लौटे तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। सामान बिखरा हुआ था और बेटा अमन अचेत अवस्था में पड़ा था, अमन को तत्काल रामनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल अमन रावत ने होश में आने पर बताया कि हमला करने वाले दोनों युवक नकाब में थे, उन्होंने उस पर अचानक हमला किया और फिर उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।


घायल युवक से जानकारी लेते कोतवाल अरुण कुमार एवं एसएसआई मनोज नयाल।

> प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश और मारपीट का लग रहा है, हालांकि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है। -**अरुण कुमार सैनी**, कोतवाल रामनगर

# उच्च शिक्षा आपके द्वार का संकल्प मजबूत करेंगे: लोहनी

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की प्राथमिकताएं न सिर्फ शिक्षा को हर घर तक पहुंचाना है, बल्कि नवाचार, कौशल विकास, अनुसंधान और पारदर्शी माध्यम से इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना भी है।

यूओयू के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में नवनियुक्त कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विवि की प्राथमिकताएं और कार्ययोजना के बारे में बताते हुए कहा कि विवि के प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा। जिसमें डिजिटल युग में सोशल मीडिया, वेबसाइट, मोबाइल एप्स और अन्य डिजिटल माध्यमों से विवि की उपस्थिति को मजबूत किया जाएगा। उच्च शिक्षा आपके द्वार के संकल्प को 1 अगस्त से जमीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित अध्ययन केंद्रों को तकनीकी उन्नयन, प्रशिक्षित मानव संसाधन और बेहतर प्रशासनिक समन्वय के साथ पुनर्संगठित किया जाएगा। ई-लर्निंग प्रणाली को इंटरएक्टिव और उन्नत तकनीक से लैस किया जाएगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. खेमराज भट्ट, प्रो. गिरिजा पांडे, निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं, प्रो. पीडी पंत निदेशक अकादमिक, परीक्षा नियंत्रक प्रो. सोमेश कुमार, वित्त नियंत्रक एसपी सिंह एवं निदेशक पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन प्रो. राकेश चंद्र रयाल मौजूद रहे।

### स्थानीय मुद्दों पर आधारित रिसर्च को मिलेगा बढ़ावा

रिसर्च प्रोत्साहन नीति के तहत पर्यावरण, पलायन, जैव विविधता, पर्यटन और स्थानीय संस्कृति जैसे विषयों पर गुणवत्तापूर्ण रिसर्च को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षार्थी शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के साथ ही कॅरियर काउंसलिंग, परामर्श सत्र, हेल्पलाइन और डिजिटल समर्थन प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही उत्तराखंड की लोक भाषाओं गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए विशेष शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

# अतिक्रमण पर चार दिन में कार्रवाई के दिए आदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन अब सख्त रुख अपनाए हुए है। शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने शहर के विभिन्न हिस्सों में औचक निरीक्षण कर अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चार दिन के भीतर अवैध निर्माणों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

निरीक्षण के दौरान दो व्यवसायियों की ओर से अवैध निर्माण कार्य होते पाए गए, जिस पर एडीएम ने नाराजगी जताई और संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही दुकानों में ध्वस्तीकरण के निर्धारित मानकों की जांच करने के लिए फिर से नपाई की गई। एडीएम ने कहा यदि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सामान किया जब्त

एडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट के साथ मंगल पड़ाव चौड़ीकरण के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने सड़क और फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण पर कार्रवाई की। इस दौरान सड़क पर रखे हुए सामान को जब्त किया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दौड़ में युवाओं ने दिखाया दम


क्रॉस कंट्री दौड़ में युवाओं ने मैदान में दिखाया जोश और जज्बा। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन और खेल कार्यालय के सहयोग से जिला सैनिक कल्याण व पुनर्वास कार्यालय ने शनिवार को सुबह 5 बजे से क्रॉसकंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन और खेल भावना का विकास करना था।

दौड़ दो वर्गों में आयोजित की गई। सिनियर (ओपन टू ऑल) वर्ग की 5 किमी दौड़ सर्किट हाउस से गौलापार स्पोर्ट्स स्टेडियम तक व जूनियर (अंडर-16) वर्ग की 3 किमी दौड़ कालीचौड़ मंदिर गेट से स्टेडियम तक हुई। विजेताओं में ओपन पुरुष वर्ग में लोकेश कुमार (प्रथम), नीरज शर्मा (द्वितीय), दिनेश मेहता (तृतीय) रहे। ओपन महिला वर्ग में अनु भट्ट, खुशी बिष्ट, कमला ने क्रमशः स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में विक्की कुमार, मेहताब, राजेन्द्र और बालिका वर्ग में मेघा गोस्वामी, दीपा नेगी, निशा विजेता बने। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, पूर्व उप निदेशक सुरेश चंद्र पांडे, उप क्रीड़ाधिकारी वरुण बेलवाल सहित कई प्रशिक्षक और स्वयंसेवक मौजूद रहे। चयनित प्रतिभागियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए चुना गया और सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# घूसखोरों की सूची देगा व्यापार संघ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की एक बैठक रेलवे बाजार स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की व्यापारियों और समाज के प्रति स्पष्ट कार्यशैली से प्रभावित होकर कई नए सदस्यों ने प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश सह संयोजक देवेश अग्रवाल और प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण की कार्यशैली आमजन के विरुद्ध है, जिससे व्यापारी समाज ही नहीं बल्कि आम जनता भी अपने को ठगा महसूस करती है। उन्होंने कहा कि अब प्राधिकरण की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता ने कहा कि राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करने के अभियान मे संगठन सरकार को पूरा सहयोग प्रदान करेगा। कहा कि व्यापार मंडल अपने सदस्यों के माध्यम से रिश्वतखोर अधिकारियों की सूची तैयार कर मुख्यमंत्री और विजलेंस विभाग को उपलब्ध कराएगा।

जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सभी नए सदस्यों को संगठन के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन रावत, नीलेश भारद्वाज, ललित जायसवाल, गौरव गुप्ता, शुभांशु पांडे, राहुल तिवारी, कनिष्क कनौजिया, अमित पाठक, विवेक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व सदस्य।

# हाईकोर्ट के आदेश पर खोली मदरसे की सील

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश के उपरांत प्रशासन के द्वारा बीते दिनो सील किये गये जामा मस्जिद के परिसर स्थित मदरसे की सील बीती देर शाम खोल दी गयी। लेकिन वहां पर अभी मदरसा नहीं चल सकेगा। बता दें कि पिछले दिनों उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार व उनकी टीम के द्वारा जामा मस्जिद स्थित मदरसा मिफतुल उलूम जामा मस्जिद को प्रपत्र पूर्ण नही होने पर सील कर दिया गया था।

इस संदर्भ मे जामा मस्जिद के प्रशासन शकील खान ने हाईकोर्ट की शरण ली व हाईकोर्ट ने कुछ आवश्यक शर्तों के साथ मदरसे की सील खोले जाने के आदेश पारित किये। एसडीएम प्रमोद कुमार द्वारा लिखित में अंडरटेकिंग लेने के बाद सील खोलने के निर्देश दिए। उसके बाद कार्यवाहक तहसीलदार नरेन्द्र कुमार गहतोड़ी, रामनगर शहर पटवारी राहुल आर्या, पाटकोट के लेखपाल कैलाश चंदोला की टीम को मौके पर पर भेजकर देर शाम प्रशासक शकील खान, शहर पेश इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी, डॉ. जफर सैफी, मौज्जिम मुजफ्फर अली आदि की मौजूदगी मे मदरसे की सील को खोल दिया गया। उधर एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि कुछ शर्तों के साथ सील खोली गई है। अंडरटेकिंग ली गई है, अभी वहां पर मदरसा नहीं चल सकेगा।


एमबीपीजी सभागार में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों के परिजनों को सम्मानित करते भाजपा नेता सुरेश भट्ट।


सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं खालसा गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राएं।


कारगिल विजय दिवस पर शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## कारगिल के रणबांकुरों के शौर्य व अदम्य साहस को किया नमन, श्रद्धांजलि व सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल में कारगिल विजय 'शौर्य दिवस' श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और युद्ध में घायल व दिव्यांग हुए सैनिकों का अभिनंदन किया गया।

शनिवार को नैनीताल रोड स्थित शहीद स्मारक पर मेयर गजराज बिष्ट, सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत एवं सुमित हृदयेश, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, एसएसपी पीएन मीणा, एडीएम विवेक राय, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह ने स्मारक पर कारगिल शहीदों पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश की आन, बान, शान के लिए सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दे दिया। इस मौके पर पुलिस ने गार्द सम्मान पेश किया। इसके बाद एमबीपीजी कॉलेज सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति के रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर हुए सम्मान समारोह में उमा देवी पत्नी सिपाही स्व. मोहन सिंह, योगेश चन्द्र जोशी भाई स्व. मोहन चन्द्र जोशी, युद्ध दिव्यांग सैनिक नायक कैलाश चन्द एवं सिपाही कृष्ण बहादुर राणा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मेजर जनरल इन्द्रजीत सिंह बोरा, कर्नल सुरेश चन्द्र जोशी, ले. कर्नल बीडी कांडपाल, ले कर्नल बीएस रौतेला, कर्नल ज्ञान चन्द्र, कर्नल पीएस ज्याला, कर्नल रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।


नैनीताल में शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते न्यायाधीश आलोक मेहरा और पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती।

इधर, कारगिल विजय दिवस पर पीलीकोठी स्थित उपनल कार्यालय में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी कर्नल आलोक पांडे ने सेना के जवानों की बहादुरी को सलाम करते हुए कारगिल विजय दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि करीब 60 दिनों तक चले इस युद्ध में कई भारतीय सैनिक शहीद हुए। सभी ने उन शहीदों के बलिदानों को कभी न भूलने और शहीदों के परिवारों की मदद के लिए प्रयासरत रहने का संकल्प लिया। इस दौरान ले. कर्नल गोविन्द सिंह कन्याल, नारायण सिंह, महेश चन्द्र लोहनी, अनीता राणा, राजेन्द्र सिंह भंडारी, पंकज मासीवाल, लक्ष्मण सिंह, गणेश गिरी, विनोद महरा, गोकुल सिंह, इन्द्र सिंह कार्की, हिमांशु अधिकारी, अल्का भाकुनी, नागेन्द्र बिष्ट, सुरेन्द्र सिंह कन्याल, मोहन सिंह खाती, सुरेन्द्र सिंह होलरिया, जयपाल सिंह रावत मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने दी मेजर राजेश को श्रद्धांजलि

**नैनीताल :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब नैनीताल द्वारा शनिवार को मेजर राजेश अधिकारी की मूर्ति स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेजर अधिकारी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में हाई कोर्ट के न्यायाधीश आलोक मेहरा मुख्य अतिथि और नगर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल विशिष्ट अतिथि रहीं। इस दौरान न्यायाधीश आलोक मेहरा ने बताया शहीद मेजर राजेश अधिकारी उनके गहरे दोस्त थे। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए, वहीं एनसीसी कैडेट्स ने परेड कर सलामी दी। सभासद गीता उप्रेती, अमनदीप आनंद, नासिर गीता शाह, रोटरी क्लब अध्यक्ष शैलेन्द्र शाह, सचिव शिवसंगी शाह, विक्रम स्याल, जय के शर्मा, अनित शाह, सुमित खन्ना, जितेंद्र शाह, हरीश नयाल रहे। अंत में केनेडी पार्क में पौधरोपण भी किया गया।

### विजय दिवस पर डीएसबी में पौधरोपण

**नैनीताल :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर डीएसबी परिसर, नैनीताल में एलुमनी सेल, इग्नू, विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में डीएसबी के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र डॉ. ललित गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. गोस्वामी वर्तमान में एसोसिएट डायरेक्टर, बायो एनालिसिस, बोर्जिंगर इंगेलहीम एनिमल हेल्थ, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में डॉ. गोस्वामी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चिनार एवं शहतूत किम्मू के पौधे रोपे। उन्होंने कहा पृथ्वी हमारी मां है और पौधे हमारे जीवन की रचनात्मक अभिव्यक्ति हैं। प्रो. ललित तिवारी, प्रो. गीता तिवारी, डॉ. स्पर्श भट्ट, डॉ. गिरीश खर्कवाल, डॉ. मनोज धूनी, डॉ. भावना पंत, विक्रम बेदी, डॉ. नवीन पांडे, कुंदन, लीला, लता, दिशा, वसुंधरा, ईशा आदि मौजूद रहे।


कारगिल विजय दिवस पर डीएसबी में पौधरोपण करते डॉ. गोस्वामी व अन्य।

### कैडेट्स ने सेना की कार्यप्रणाली को किया जीवंत

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को कारगिल विजय दिवस पूरे जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय सेना की वीरगाथा को याद करते हुए 78 वाहिनी एनसीसी से जुड़ी इकाई के कैडेट्स ने एक प्रभावशाली नाटक के माध्यम से सेना की कार्यप्रणाली को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर सेना के सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने कार्यक्रम में भाग लेने आए सभी सैन्य अधिकारियों का स्वागत किया और उनके योगदान की सराहना की। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। वर्णिका शर्मा, दिव्यांश सिंह, कृष्णा बिष्ट, इशिता जोशी, एससी मिश्रा, महेश जोशी, एनसीसी अधिकारी बीबी जोशी रहे।


कारगिल विजय दिवस पर सिंथिया स्कूल में मनाया गया कार्यक्रम। ● अमृत विचार

### एलबीएस महाविद्यालय में भी किया गया कारगिल के शहीदों को याद

**हल्दूचौड़, अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ नैनीताल में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनीता सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय की शौर्य दीवार पर शहीद वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों, रोवर रेंजर्स क्रू और टीम, एनएसएस के स्वयंसेवियों को कारगिल विजय दिवस गाथा और वीर अमर शहीदों के बलिदान और शौर्य से अवगत कराया गया। महाविद्यालय कैम्पस एम्बेसडर डॉ. गीता तिवारी पाण्डे, डॉ. मंजू जोशी, प्रोफेसर डॉ. बीना मथेला, डॉ. कल्पना शाह, डॉ. तारा भट्ट, डॉ. मनोज कुमार पंत, डॉ. भगवती देवी, डॉ. मनोज कुमार जोशी, डॉ. सरोज पंत, डॉ. हेमलता गोस्वामी, डॉ. बिपिन चन्द्र जोशी, डॉ. पूनम मियान, डॉ. गीता भट्ट, डॉ. रीता दुर्गापाल, डॉ. चंद्रकांता, डॉ. नीलम कनवाल, डॉ. अरुण कुमार चतुर्वेदी, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सुनीता भण्डारी, डॉ. कमला पाण्डे, हरीश चंद्र जोशी, प्रेमा भट्ट, हेमा जीना, मुन्नी जोशी, लक्ष्मी फर्त्याल आदि रहे।


एलबीएस हल्दूचौड़ में शहीदों को श्रद्धांजलि देते प्राचार्य एवं प्राध्यापक।

### लालकुआं में कारगिल दिवस पर 120 पूर्व सैनिक हुए सम्मानित

**लालकुआं, अमृत विचार :** कारगिल शौर्य दिवस के मौके पर नगर पंचायत लालकुआं द्वारा क्षेत्र के 120 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी यूसी तिवारी समेत तमाम अतिथियों ने कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तमाम अतिथियों ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में हुए कारगिल युद्ध में भारी विजय देश के वीर सैनिकों के बदौलत हुई। कार्यक्रम में सैनिको ने कारगिल युद्ध से जुड़े युद्ध के दौरान अनुभव साझा किये। इस मौके में भारतीय स्टेट बैंक लालकुआं के शाखा प्रबंधक मुकेश चंद्र बमेटा ने सभी पूर्व सैनिकों को एसबीआई की ओर से सम्मान स्वरूप छाता एवं नगर पंचायत लालकुआं ने हरियाली का प्रतीक पौधा भेंट किया। उपेंद्र सिंह, पूर्व नपं. अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंत, लालचंद सिंह, भुवन पांडे, बॉबी संभल, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट व सभासद भुवन पांडे रहे।



पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते चेयरमैन सुरेंद्र लोटनी एवं डीएफओ यूसी तिवारी।

### कालाढूंगी में कारगिल के शहीदों को दी विनम्र श्रद्धांजलि

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** कारगिल दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल नयागांव में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में रिटायर्ड आईजी सीआरपीएफ दीप नारायण सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि रहे। प्रधानाचार्य नीरज जोशी ने बताया गया कि कारगिल शहीद पर वीर चक्र कैप्टन विक्रम बत्रा और कैप्टन सौरभ कालिया भी डीएवी पालमपुर के छात्र रहे थे। चकलुवा में विहिप व बजरंग दल ने शहीद मोहनचंद जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञान प्रकाश इंटर कॉलेज धमोला की एनसीसी इकाई के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी कर्नल राजेश कौशिक के निर्देशन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। एनसीसी अधिकारी मनमोहन सिंह बसेड़ा के नेतृत्व में कैडेट्स ने पौधरोपण किया। कारगिल शहीदों के नाम पर कैडेट्स ने वृक्ष गोद लिये। प्रबंधक फादर साबू, दीपिका बधानी, अंशुल वर्मा, सीनियर कैडेट हिमांशु बर्गली व भूमिका रहे।


शहीद मोहन चंद जोशी स्मृति द्वार पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते लोग।


डिग्री कॉलेज में कारगिल शहीद दीवार पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते मुख्य अतिथि व शिक्षक।

### रामनगर में भी हुए कार्यक्रम, दी गई श्रद्धांजलि

**रामनगर, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस पर पीएनजी महाविद्यालय में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा पौधरोपण किया गया। उसके पश्चात प्रभारी प्राचार्य प्रो. एसएस मौर्या, मुख्य अतिथि सूबेदार मेजर नवीन चन्द्र पोखरियाल सेवानिवृत्त, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के साथ ही एनसीसी बटालियन के कैडेट्स एवं छात्र छात्राओं ने शौर्य दीवार पर वीर शहीदों के छवि चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आर्मी पब्लिक स्कूल, हेमपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि दो बार के सेना मेडल से सम्मानित कैप्टन बहादुर सिंह रहे। एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज रामनगर में एनसीसी कैडेट्स एवं शिक्षकों ने कारगिल दिवस मनाया। शहीद पार्क पर पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि और श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

# आईएसबीटी को लेकर एडवोकेट जनरल व डिप्टी एडवोकेट जनरल की हुई नियुक्ति

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में कुमाऊं का पहला आईएसबीटी बनने का सपना जल्द साकार होने की उम्मीद है। तीनपानी बाईपास रोड स्थित यूओयू के पास 8 हेक्टेयर भूमि को इसके निर्माण के लिए चिह्नित किया गया है।

परिवहन विभाग को इसके निर्माण के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति पूर्व में मिल चुकी है। परिवहन विभाग के अनुसार अगले माह इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। जिसके लिए राज्य सरकार की ओर से मजबूत पैरवी के लिए एडवोकेट जनरल और एडिशनल एडवोकेट जनरल की नियुक्ति कर दी गई है। राज्य सरकार कुछ दिनों पूर्व कैबिनेट बैठक में यूओयू के पास चिह्नत जमीन पर आईएसबीटी के प्रस्ताव पर मोहर लगा चुकी है। 2016 से हल्द्वानी में आईएसबीटी की कवायद चल रही है। लेकिन भूमि विवाद के कारण आज तक निर्माण लटका पड़ा है। 9 वर्ष पहले गौलापार में करीब 75 करोड़ की लागत से आईएसबीटी का निर्माण होना था।

### 9 साल बाद योजना धरातल पर उतरने की उम्मीद

गौलापार में 2015 में 75 करोड़ रुपये की लागत से आठ हेक्टेयर भूमि पर आईएसबीटी के निर्माण को मंजूरी मिली थी। वनभूमि हस्तांतरण होने के बाद काम भी शुरू हो गया था लेकिन 2017 में नई सरकार के आने के बाद इसका काम रुक गया। इसके बाद तीनपानी पर उपयुक्त जगह मिलने की बात हुई। लेकिन 9 साल बीतने पर भी आज तक मामला लटका हुआ है। परिवहन विभाग के अनुसार केंद्र सरकार से वन भूमि हस्तांतरण की मंजूरी नहीं मिलने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई थी। अब प्रदेश सरकार की मजबूत पैरवी पर इस योजना के धरातल पर उतरने की उम्मीद है।

**जनता दरबार** आयुक्त दीपक रावत ने जनसमस्याओं पर सुनवाई की तो सुभाष नगर महिला ने दर्ज कराई शिकायत

# साहब, डाकघर से घर नहीं आ रहे अमेरिका से आए पेंशन के चेक

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसमस्याओं पर सुनवाई की। लोन दिलाने के नाम पर ठगी, डाक से चेक नहीं मिलना, घरेलू विवाद समेत कई समस्याएं आईं जिनका मौके पर ही समाधान किया गया।


हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में शनिवार को जनसमस्याओं पर सुनवाई करते कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

जनसुनवाई में ढोलक बस्ती निवासी मानसिक बीमार व्यक्ति ने निशुल्क उपचार की गुहार लगाई। आयुक्त ने प्राचार्य अरुण जोशी को निशुल्क उपचार के निर्देश दिए। सुभाष नगर निवासी हरप्रीत कौर ने बताया कि उनके पति एयरफोर्स में थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अमेरिका में नौकरी की। वहां से पेंशन का प्रतिमाह चेक आता है। पिछले छह माह से उनके चेक नहीं पहुंचें, जब उन्होंने शिकायत की तो पोस्टमैन एक साथ छह चेक दे गया। इन चेकों की समयावधि समाप्त हो चुकी है। आयुक्त ने पोस्टमास्टर एवं उक्त पोस्टमैन को तलब किया। उन्होंने बताया कि महिला की पूर्व में दुर्गा सिटी सेंटर में दुकान थी लेकिन बाद में यह दुकान बेच दी। इस पर आयुक्त ने पोस्टमास्टर को नए पते पर चेक देने के निर्देश दिए। द्वाराहाट निवासी मानसी ने बताया कि निजी कालेज में मैनेजमेंट कोर्स के लिए एडमिशन लिया था। बाद में उनका सरकारी मैनेजमेंट कॉलेज में चयन हो गया, जब उन्होंने रुपये मांगे तो 31 हजार के सापेक्ष सिर्फ 50 फीसदी रकम ही वापस दी। आयुक्त ने कॉलेज प्रबन्धक को तलब कर शेष रकम भी वापस करने को कहा। भवाली निवासी महिलाओं ने बताया कि सौरभ पाल ने लोन दिलाने के नाम पर कई महिलाओं से लगभग साढ़े तीन लाख की ठगी और आधार कार्ड लगाकर फोन फाइसेंस करा लिया है।

### सर्पदंश हो तो झाड़फूंक नहीं करें, इलाज कराएं

आयुक्त दीपक रावत ने मानसून में सर्पदंश की घटनाओं में इजाफे को लेकर एसटीएच के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी को बुलाया। इस पर डॉ. जोशी ने बताया कि एसटीएच में प्रतिदिन दो से तीन मामले सर्पदंश के आ रहे हैं। एसटीएच, बेस अस्पाल में एंटीवेनम उपलब्ध है। पीड़ितों का त्वरित उपचार किया जा रहा है। इस पर आयुक्त ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सर्पदंश से बचाव के लिए घर के आसपास सफाई रखें। सांप डसे तो किसी भी प्रकार की झाड़ फूंक, ब्लेड से कट लगाना जैसे कृत्य नहीं करें। सर्पदंश के तुरंत बाद नजदीक के अस्पताल पहुंच डॉक्टर से परामर्श लें।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## सिटी ब्रीफ

### चोर ने किया धारदार हथियार से हमला

**बाजपुर :** घर के पास छुपे बैठे चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल कर दिया। जिसे पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना शुक्रवार देर रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। ग्राम बरहैनी निवासी 30 वर्षीय शकील अहमद खाना खाकर घर के बाहर टहल रहा था। इसी बीच उसने घर से कुछ दूरी पर एक व्यक्ति को अपनी मौजूदगी छुपाते हुए देखा। कौन है कहकर आवाज लगाई तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। आरोप है कि इस पर शकील जब आरोपी पकड़ने के लिए उसके पास पहुंचा तो उसने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसे उसने हाथ से रोकने का प्रयास किया तो हाथ में चोट आ गई। इसके बाद आरोपी शकील को धक्का देकर वहां से भाग निकला। सूचना मिलने पर बरहैनी चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया

**बाजपुर :** बहन से कहासुनी होने पर किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिसकी जानकारी से परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे बाजपुर के सरकार अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। प्रदेश की सीमा से लगते स्वार रामपुर उप्र के एक गांव में दो बहनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जाता है कि कहासुनी के बाद 13 वर्षीय किशोरी ने घर में रखी धानों में डालने वाली दवाई का सेवन कर दिया।

### किसानों को खाद मिलने में हो रही देरी पर आक्रोश

**बाजपुर :** क्षेत्र में किसानों को खाद मिलने में हो रही देरी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि वर्तमान में धान के लिए खाद की आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध न होने से किसानों को भारी परेशानी हो रही है। समय से खाद न मिलने पर फसल की उपज में भी भारी कमी आने की संभावना बनी रहेगी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र शंकर कुमार व उसके परिवार को परिवार विरोधी हरकतों के चलते अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। शंकर व उसके परिवार के किसी कृत्य लेनदेन से हमारा कोई सरोकार ना होकर स्वयं शंकर व उसके परिवार का होगा। **विशन राम ओड, निवासी- कुटरी, खटीमा, उधमसिंह नगर।**

**सूचना**
मैंने मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल रूद्रपुर रोड, दोराहा, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर से वर्ष-2017 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरा विद्यालय स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (TC) जारी हुआ था, जो कि फरवरी 2025 में कहीं गुम हो गया है। मेरे द्वारा इसका किसी तरह से उपयोग नहीं किया गया है। किसी सज्जन को मेरा स्थानान्तरण प्रमाण पत्र मिले तो कृपया मुझे वापस करने का कष्ट करेंगे। **अंशु सैनी पुत्री श्री सत्यपाल सैनी, निवासी मौहल्ला आर्यनगर, सुल्तानपुर, तहसील बाजपुर, जिला ऊधमसिंह नगर।**

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY**
**STAFF REQUIRED**
**Accountant (for Audit)**
Qualification :- M.Com, B.com with good knowledge of MS Excel & Tally, Exp. 1 Year
**Sr. OT Technician**
Qualification:- BOT/DOT, Exp. 3 years (ortho)
**Sr. Nursing Staff**
Qualification:- B.Sc. Nursing/GNM, Exp. 6 years
**Computer Operators**
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Hindi & English) (Exp. Min. one year)
**Salesman (For Medical Stores)**
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)
**PRO**
Qualification: Graduation
**Salary No Bar for Deserving Candidates**
How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.
HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286



शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित करते डीएम। ● अमृत विचार

### सिटी कॉन्वेंट स्कूल में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**खटीमा :** सिटी कॉन्वेंट स्कूल में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। विजय दिवस का प्रारंभ विद्यालय के संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय, प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने देशभक्ति व शहीदों को समर्पित भाषण और कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। इस अवसर पर आर्मी एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय, लक्ष्मी मेहता प्रवीण सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के सैनिक भवन चक्कीमोड़ में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया शौर्य दिवस, शहीदों को किया नमन

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के आश्रितों और घायल सैनिक को किया सम्मानित, महापौर, डीएम, एसएसपी समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** 26वें कारगिल विजय दिवस ( शौर्य दिवस) पर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक स्थल में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मेयर विकास शर्मा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेवानिवृत्त) सीपी कोठारी ने शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित किया। इस दौरान कारगिल में शहीद हुए जनपद के हवलदार पदमराम और राइफलमैन अमित नेगी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और जवानों ने शस्त्र सलामी देकर मान बढ़ाया। इसके अलावा घायल हुए नायक मान सिंह मेहता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि देश की रक्षा सर्वोपरि है। सैनिकों ने देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान किया है, हमें उन पर गर्व करना चाहिए। जिन वीर सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किया है। उनकी कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी ने वर्ष 1999 में हुए कारगिल युद्ध के कारणों एवं कारगिल विजय पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए कारगिल फतह किया था। इस युद्ध में देश के 30 हजार सैनिकों ने हिस्सा लिया। जिसमें 527 जवानों ने अपनी शहादत दी। जिनमें प्रदेश के 75 और जिले के दो जवान शामिल हैं। युद्ध में 1363 जवान घायल हुए। उन्होंने बताया कि इस युद्ध में शहीद हुए जवानों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर सीडीओ दिवेश शाशनी, एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एएसपी अभय प्रताप, आरडी मठपाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, सहायक अधिकारी सुंदर सिंह, पूर्व सैनिक सूबेदार खड़क सिंह कार्की, पूर्व सैनिक किशन सिंह रावत, भरत सिंह खाती, रूप सिंह अधिकारी, मनोज कुमार पांडेय, गिरधर सिंह, सुनील कुमार, सुदर्शन सिंह, गिरीश भट्ट, लक्ष्मण सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।



घायल सैनिक को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते महापौर, डीएम, एसएसपी।

### प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**रुद्रपुर :** शौर्य दिवस के मौके पर शिक्षण संस्थाओं ने कारगिल युद्ध व देशभक्ति से संबंधित चित्रकला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता और खेल विभाग की ओर से आयोजित क्रॉस कंट्री प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में सोनिया ध्यानी प्रथम, खुशी राठौर द्वितीय व अस्मिता सिंह तृतीय रहीं, भाषण में मंहिता प्रथम, दीपा रस्तोगी द्वितीय व सानिया तृतीय रहीं। इसी तरह चित्रकला में वंशिका वर्मा प्रथम, भूमि सिंह द्वितीय व सुमित तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही क्रॉस कंट्री रेस में ओपन बालक वर्ग में सोलित कुमार प्रथम, पुष्कर चंद्र द्वितीय व अनुपम तृतीय रहे, ओपन बालिका वर्ग में अजरा बी पाशा प्रथम, दीपा द्वितीय व पल्लवी तृतीय स्थान पर रहीं जिन्हें कार्यक्रम में अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

### सपूतों के त्याग के लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : पानू

**दिनेशपुर :** जिला पंचायत पूर्व सदस्य मोहन सिंह पानू ने कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सपूतों के त्याग व समर्पण के लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने कारगिल योद्धाओं (शहीदों) को पुष्प अर्पित कर नमन किया। शनिवार को सैनिक भवन चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अतिथियों व पूर्व सैनिकों ने कारगिल के सपूतों को याद करते हुए पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष कै.धन सिंह कोरंगा व संचालन समिति सचिव भगत सिंह धर्मशक्तू ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र पाठक, सूबेदार महिपाल सिंह कोश्यारी, कै.खुशहाल सिंह मेहता, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, सूबेदार लाल सिंह नयाल, सूबेदार विक्रम सिंह रावत, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, गोपाल सिंह ठठोला, देव सिंह धर्मशक्तू, राजेंद्र सिंह रावत, लोकपाल शाही, राजेंद्र सिंह पानू, दान सिंह कार्की, खुशाल सिंह बोरा, हरीश सुयाल, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, सुरेश कनियाल, दान सिंह बड़ती आदि मौजूद रहे।



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कला प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

### कारगिल विजय दिवस शौर्य और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम

**सितारगंज :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शनिवार को कारगिल विजय दिवस बेहद गर्व और जोश के साथ मनाया गया। यह प्रेरणादायक आयोजन जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के मार्गदर्शन में एनवाईवी रश्मि राणा (ब्लॉक सितारगंज) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों की गाथा से परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान रश्मि राणा ने छात्राओं को कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक संदर्भ, उसमें शामिल भारतीय सेना के साहस, बलिदान और समर्पण की गाथाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही पोस्टर प्रतियोगिता, जिसमें देशभक्ति के रंगों और भावनाओं को छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम स्थान, मनीषा ने द्वितीय स्थान और नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान आकर्षित किया। छात्राओं के पोस्टरों में भारतीय सैनिकों की वीरता, तिरंगे का गौरव और मातृभूमि के लिए प्रेम भावनात्मक रूप से उभरकर सामने आए। विद्यालय की प्रधानाचार्य ललिता कोहली, सीमा सुरक्षा बल के वीर जवान नरेंद्र सिंह राणा, मोनिका कन्नौजिया, ब्रजेश, कविता और दिव्या राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### शांतिपुरी में भी मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी में 26वां कारगिल विजय दिवस धूम धाम से मनाया। जिसमें शांतिपुरी व जवाहरनगर पूर्व सैनिक संगठन के अलावा ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता कुमाऊं शेखर चंद्र त्रिपाठी व स्थानीय ग्रामीणों ने शनिवार को प्रतिभाग कर कारगिल के वीर शहीदों को नमन किया। संगठन के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी व जिला सैनिक लीग के अध्यक्ष देवी दत्त उपाध्याय व कारगिल युद्ध के चश्मदीद सुबेदार भीष्म सिंह दानू ने शहीदों की वीर गाथा का वर्णन किया।



शांतिपुरी में पूर्व सैनिकों को संबोधित करते अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद जोशी।

# वीरों के शौर्य को पूर्व सैनिकों ने किया नमन



कुंडेश्वरी में कारगिल शहीद पदमराम कन्याल की पत्नी को सम्मानित करते अतिथि।



कारगिल युद्ध में घायल हुए पूर्व कैप्टन बहादुर सिंह को सम्मानित करते शिक्षक।

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहीद चौक कुंडेश्वरी में विजयपथ पूर्व सैनिक कल्याण समिति एवं काशीपुर पूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों ने कारगिल में प्राप्त हुई अभूतपूर्व विजय का जश्न मनाया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष पूर्व कैप्टन बीएस नेगी और संचालन पूर्व सूबेदार मेजर त्रिलोक सिंह नेगी ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वजारोहण से हुई। राष्ट्रीय गान के बाद मुख्य अतिथि मेयर दीपक बाली एवं उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अतिथियों ने शहीद हवलदार पदम राम कन्याल की धर्मपत्नी भगवती कन्याल एवं शहीद राइफल मैन अमित नेगी के छोटे भाई सुमित नेगी को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर तहसीलदार पंकज चंदोला, किसान इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. किरण सिंह, संगठन के उपाध्यक्ष कैप्टन जगमोहन सिंह नेगी, सचिन सूबेदार मेजर कुलवीर भंडारी, कोषाध्यक्ष पूर्व हवलदार संजय लखेड़ा आदि मौजूद रहे। इधर उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में कारगिल दिवस पर युद्ध में घायल हुए पूर्व कैप्टन बहादुर सिंह ने छात्रों के बीच अपने अनुभवों को किया साझा। कैप्टन सिंह ने बताया कि जब वह दराज सेक्टर से आक्रमण करने जा रहे थे, उस दौरान दोनों ओर से बम के गोले बरसाए जा रहे थे। तो दुश्मन का एक गोला उनके नजदीक से गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, एनसीसी अधिकारी मेजर मुनीश कांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्या, मनोज कुमार शर्मा, विजय पाल आदि मौजूद रहे।

# पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया जश्न

- **वीरांगनाओं, अतिथियों और बच्चों को किया सम्मानित**

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में पूर्व सैनिक संगठन द्वारा 26 वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिसमें शहीदों को याद किया गया और स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बाधा। इस दौरान वीरांगनाओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, उप निरीक्षक पंकज महर, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष ने किया। सर्वप्रथम युद्ध में शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नोजगे पब्लिक स्कूल तथा सिटी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष कैप्टन गंभीर सिंह धामी ने किया। इस दौरान वीर नारियों व संगठन में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दान सिंह बोरा, होशियार बोरा, धन सिंह सामंत, धन सिंह बोरा, भूपेंद्र खोलिया, कुंदन राम, इंद्रजीत सिंह कुंवर, पुष्कर सिंह बिष्ट, अमर सिंह बोरा, कल्याण सिंह भंडारी तथा राजकुमार थापा आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में आयोजित कार्यक्रम में वीरांगना को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी।

### मेघावाला गांव में ही बंटेगा राशन

**जसपुर :** ग्रामीणों की मांग पर मेघावाला गांव में ही राशन वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) ने पूर्ति निरीक्षक को वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। पूर्ति निरीक्षक मुकुल कुमार गजरौला ने बताया कि ग्राम मेघावाला के राशन डीलर सुधीर कुमार ने स्वास्थ्य कारणों से अपनी दुकान को संचालित करने में असमर्थता जताई थी। डीएसओ के निर्देश पर दुकान को ग्राम मनोरथपुर की राशन डीलर फूल जहां को अटैच कर राशन वितरण की व्यवस्था की गई थी। लेकिन मेघावाला के ग्रामीणों ने मनोरथपुर गांव की दूरी अधिक होने के कारण वितरण व्यवस्था को गांव में ही किए जाने की मांग की थी। उन्होंने इसके लिए एक शिकायती पत्र थी दिया था। बीते शुक्रवार को डीएसओ विनीत कुमार ने आदेश जारी कर राशन वितरण व्यवस्था मेघावाला में सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

### एकलव्य स्कूल में लेट्रल एंट्री प्रवेश शुरू

**खटीमा :** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में अनुसूचित जनजाति के बच्चों के लिए केंद्रीय लेट्रल एंट्री प्रवेश आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य भारती यादव ने बताया कि कक्षा 7, 8, 9 एवं 11वीं की रिक्त सीटों पर लेट्रल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पूर्ण रूप से आवेदन भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। आवेदन पंजीकृत डाक अथवा विद्यालय में आकर जमा किया जा सकता है। प्राचार्य ने बताया कि आवेदन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के निर्देशानुसार किये जा रहे हैं। आवेदन पत्र विद्यालय से निशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं अथवा विद्यालय की वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

**सराहनीय** | बोले-यदि बेकार शरीर का प्रयोग मेडिकल शिक्षा प्रणाली में होता है तो यह सौभाग्य की बात होगी

# शांति किशन ने जन्मदिन पर किया देहदान

- **साइंस फॉर सोसाइटी से किया करार, डीएम-एसएसपी को भेजा गया पत्र**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अभी तक ज्यादातर लोगों ने नेत्रदान करते हुए सुना होगा, लेकिन शांति किशन ने अपने जीते जी ही अपना देह यानी शरीर साइंस फॉर सोसाइटी को दान दे दिया है। यह निर्णय शांति किशन ने अपने जन्मदिन पर लिया। उनका मानना है कि शरीर नश्वर है और आत्मा सत्य। निधन के बाद शरीर का दाह संस्कार कर नष्ट कर दिया जाता है। इसी कारण सामाजिक कुरीतियों व सजगता नहीं होने के कारण वर्तमान में मेडिकल स्टूडेंट को शव नहीं मिल पा रहे हैं।

बताते चलें कि 60 वर्षीय शांति किशन जगतपुरा में अपने परिवार के साथ रहते हैं और डेयरी का व्यवसाय करते हैं। साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को उनका जन्मदिन था और उसी दिन उन्होंने निर्णय लिया कि नेत्रदान के अलावा वह अपना संपूर्ण शरीर चिकित्सा शिक्षा के लिए सौंप देंगे और उन्होंने साइंस फॉर सोसाइटी हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से संपर्क किया। साथ ही समझौतानामा लिखवाया। पूछे जाने पर शांति किशन ने बताया कि पारिवारिक जिम्मेदारी पूर्ण करने के बाद वह अब निश्चिंत हैं। सत्यता यह है कि शरीर से आत्मा निकलने के बाद शरीर बेकार है। ऐसे में यदि बेकार शरीर का प्रयोग मेडिकल शिक्षा प्रणाली में हो जाता है तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात होगी। कारण वर्तमान में एक शव पर 75 प्रशिक्षित डॉक्टर रिसर्च करते हैं, जबकि मानक 10 से 12 शव पर 75 डॉक्टर्स का है। उन्होंने कहा कि शरीर नश्वर है और उसका उपयोग मानव समाज के विकास के किसी काम में आता है तो उनके लिए सबसे बड़ी खुशी की बात होगी। इस संबंध में उन्होंने अपनी पत्नी और अपने बच्चों से भी सलाह ली और उसके बाद ही साइंस फॉर सोसाइटी के सदस्य गिरीश आर्य से संपर्क कर सारी औपचारिकताएं पूरी की। साथ ही देह दान का पत्राचार डीएम व एसएसपी को भी किया है।



देहदान करने वाले शांति किशन।

### 80 प्रशिक्षित डॉक्टर एक शव पर कर रहे रिसर्च: मेहता

**रुद्रपुर :** संयोजक साइंस फॉर सोसाइटी मदन सिंह मेहता ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा के लिए शव का होना बेहद जरूरी है। वर्तमान में स्थिति यह है कि 80 प्रशिक्षित डॉक्टर एक शव पर रिसर्च कर रहे हैं, जबकि 10 से 12 प्रशिक्षित डॉक्टर पर एक शव होना चाहिए। इससे प्रशिक्षित डॉक्टर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और गंभीर बीमारियों पर रिसर्च भी पूर्ण नहीं हो पा रही है। रुद्रपुर के जगतपुरा निवासी शांति किशन ने अपना देहदान देकर समाज को एक संदेश दिया है कि नश्वर शरीर का दान कर आधुनिक चिकित्सा खोज को गतिमान बनाएं। साइंस फॉर सोसाइटी लगातार जनजागरण अभियान चला रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### 20 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** एसओजी और पुलिस की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान 20 पेटी अवैध शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओजी काशीपुर के प्रभारी एसआई रविंद्र सिंह बिष्ट, एसआई मनोज धोनी पुलिस टीम के साथ शुक्रवार की रात को मुरादाबाद रोड स्थित डिजाइन सेंटर के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टांडा तिराहे की ओर से आते हुई एक संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली। कार में से 20 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम गौतम सिंह निवासी ग्राम गढ़ी गंज बताया। कार चालक ने बताया कि वह राइस मिल में नौकरी करता है, जहां उसको तनख्वाह कम मिलती है। यह शराब गांवों में चल रहे पंचायत चुनाव में बेचने के लिये लेकर जा रहा था। बताया रात को शराब की अच्छी कीमत मिल जाती है। पुलिस ने आरोपी गौतम सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब की कीमत 1 लाख 87 हजार 200 रुपये आंकी गई है।

### सड़क हादसों में मां-बेटा सहित चार लोग घायल

**बाजपुर :** अलग-अलग सड़क हादसों में मां-बेटा सहित चार लोग घायल गए। शनिवार की सुबह ग्राम कनौरी निवासी दिलशान स्कूटी पर सवार होकर घर से दोराहा की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर ग्राम महेशपुरा के कट के नजदीक तेज रफ्तार कार चालक ने चपेट में ले लिया जिसमें दिलशान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना में स्कूटी व कार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव बाजपुर निवासी रिजवान अपनी मां जुबैदा के साथ बाइक पर दवाई लेने रामनगर नैनीताल जा रहा था। इसी बीच बन्नाखेड़ा-बैलपड़ाव मुख्यमार्ग पर बल्ली वन चौकी के निकट स्कूटी सवार से टक्कर हो गई। हादसे में मां-बेटा के साथ ही स्कूटी सवार बुजुर्ग घायल हो गया।

### हादसे में गाय की मौत कार चालक को पकड़ा

**बाजपुर :** ग्राम बन्नाखेड़ा-बैलपड़ाव रोड पर तेज रफ्तार कार चालक ने शनिवार को अनियंत्रित होकर गाय को टक्कर मार दी, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद हिंदुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ ही मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिन्होंने आरोपी कार चालक को पकड़ लिया। इसी बीच कार्यकर्ताओं की सूचना पर विहिप गौ रक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस भी मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पर बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी हासिल की।

### एमएनए और अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, कटौती व अभद्र व्यवहार का उठाया मुद्दा

# सुपरवाइजर और विद्युत कटौती के खिलाफ भड़के व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम के सफाई सुपरवाइजर के दुर्व्यवहार और अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ व्यापारी नेताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर मुख्य नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल और यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी विद्युत को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने आगाह किया कि यदि दोनों ही मुद्दों पर कोई सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

शनिवार को एमएनए को ज्ञापन सौंपते हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि मुख्य बाजार के सफाई सुपरवाइजर अपने किसी परिचित के प्लास्टिक बैग की बिक्री करने के लिए बेवजह व्यापारियों और ठेले वालों पर दबाव बना रहे हैं। जबकि बाजार में कई कंपनियां इसी प्रकार का बैग बना रही हैं। आरोप था कि कई बार सुपरवाइजर दुकानों पर जाकर बहसबाजी व दुर्व्यवहार कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने एमएनए से कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहीं दूसरी ओर शहरी इलाकों में हो रही लगातार अघोषित विद्युत कटौती के कारण व्यापारी हो या फिर आम जनमानस परेशान हो चुका है। मुख्य बाजार में कटौती से पहले जेई कटौती की कोई सूचना नहीं देते। जिस कारण ग्राहकों के अलावा व्यापारी वर्ग परेशान है और व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से अघोषित विद्युत कटौती रोकने और कटौती करने से पूर्व सूचना देने की बात कही। इस मौके पर कोषाध्यक्ष संदीप राव, पवन गाबा, संजय अरोड़ा, बलदेव ग्रोवर, आकाश भुसारी, ऋतिक छाबड़ा, राजकुमार सीकरी, अंशुल अग्रवाल, सागर छाबड़ा, शिवेन सेठी, पारस अरोड़ा, रवि गुलाटी आदि मौजूद रहे।


यूपीसीएल के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार


एमएनए को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

# विदेश भेजने के नाम पर युवती से ठगे 11.50 लाख

संवाददाता, काशीपुर

- कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचारः** विदेश भेजने के नाम पर एक युवती और उसके परिवार के साथ 11.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फर्जी ऑफर लेटर, फर्जी फीस रसीद और फर्जी वीजा बनवाकर युवती को दे दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जसपुर खुर्द निवासी रणवीर सिंह ने अदालत में प्रार्थना पत्र दिया। इसमें कहा कि उन्होंने अपनी भांजी अमनप्रीत कौर को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने को लेकर उनकी मां की पारिवारिक मित्र जसविंदर कौर ने उन्हें अपने भतीजे गुरजंट सिंह निवासी सिकरौरा, बिलासपुर रामपुर यूपी से मिलवाया। जो कि अपनी पत्नी सुखदीप कौर के साथ विदेश भेजने का कार्य करता है। रणवीर सिंह के मुताबिक गुरजंट सिंह, उसके पिता साहब सिंह चीमा, पत्नी सुखदीप कौर, बुआ जसविंदर कौर और फूफा गुरप्रीत सिंह ने अमनप्रीत को यूके भेजने का भरोसा दिलाया।

अमनप्रीत के मूल दस्तावेज पासपोर्ट, मार्कशीट, आधार कार्ड आदि भी आरोपियों ने ले लिए। जिसके बाद युवती को एक फर्जी वीजा देकर ऑस्ट्रेलिया भेजने की तैयारी कर दी। जब टिकट बुक कराने के लिए वीजा चेक कराया गया, तो वह कूटरचित व नकली निकला। इन पांच लोगों ने किस्तों में 11.50 लाख रुपये ठग लिए।

# अभेद-अचूक होगी सुरक्षा : 12 जोन, 34 सेक्टर में बांटा इलाका

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दूसरे चरण की तैयारी पूरी, तैनात होगी भारी पुलिस फोर्स, चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा के आदेश, कल होगा मतदान




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतदान के पहले चरण की समाप्ति के बाद अब पुलिस प्रशासन ने दूसरे चरण की तैयारी भी पूरी कर ली है। साथ ही मतदान केंद्रों की कड़ी सुरक्षा का खाका भी बना लिया है। जिसके चलते भयमुक्त होकर मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेगा। वहीं दूसरे चरण के पंचायती इलाकों को 12 जोन और 34 सेक्टर में तब्दील कर दिया गया है। साथ ही चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा के आदेश एसएसपी ने दिए हैं।

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में जहां पुलिस एवं जिला प्रशासन ने गदरपुर, खटीमा और सितारगंज ब्लॉक में शांतिपूर्वक ढंग से पहले चरण का मतदान पूर्ण किया है। वहीं अब पुलिस एवं जिला प्रशासन के सामने दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण कराने की चुनौती है। जिसका खाका तैयार करते हुए एसएसपी ने सभी मतदेय स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन किया और मतदेय स्थल अभेद एवं अचूक रहे। इसके लिए पंचायती इलाकों को 12 जोन और 34 सेक्टर में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा 8 राजपत्रित अधिकारी, 25 इंस्पेक्टर, 152 सब इंस्पेक्टर एवं अपर उपनिरीक्षक, 163 हेड कांस्टेबल, 544 महिला एवं पुरुष सिपाही, 54 फायर कर्मी, 40 वन कर्मी, 410 होमगार्ड, 543 पीआरडी, 25 आबकारी कर्मी, 96 ग्राम प्रहरी, चार कंपनी पीएसी व आईआरबी के जवानों के तैनाती रहेगी। इसके अलावा बॉर्डर पर 27 जुलाई से ही सख्त व निगरानी प्रारंभ किए जाने का आदेश भी एसएसपी ने दिए हैं।


मतदान-मतगणना कार्मिकों का रेंडमाइजेशन करते डीएम। ● अमृत विचार

### 2790 मतदान और 2500 मतगणना कार्मिकों का हुआ रेंडमाइजेशन

**रुद्रपुर** : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नितिन सिंह भदौरिया व प्रेक्षक रोहित मीणा की उपस्थिति में दूसरे चरण के 2790 मतदान कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही 2500 मतगणना कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। शनिवार को रेंडमाइजेशन के बाद जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के दूसरे चरण में विकासखंड रुद्रपुर, काशीपुर व जसपुर में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए 505 बूथों के लिए 558 मतदान पार्टियों के 2790 मतदान कार्मिकों का तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया। तृतीय रेंडमाइजेशन से मतदान पार्टियों को बूथ आवंटित हुए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, मुख्य शिक्षा अधिकारी व नोडल कार्मिक केएस रावत, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य आदि मौजूद रहे।

# कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण 1300 सीसीटीवी कैमरे किए सक्रिय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस कार्यालय स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया और 1300 एक्टिव कैमरों की स्थिति को समझा। इस दौरान अधीनस्थों को आदेशित किया कि जनपद के अलावा सीसीटीवी कैमरों से सीमावर्ती बॉर्डर की भी निगरानी की जाएगी। अगर कोई भी संदिग्ध या अपराधी चिह्नित होता है तो फौरन उसकी घेराबंदी होगी।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने जिलाधिकारी को बताया कि सीसीटीवी कंट्रोल रूम जनपद की सुरक्षा का महत्वपूर्ण तंत्र है। कंट्रोल रूम में आधुनिक कैमरे 24 घंटे पैनी नजर रखते हैं और आपात स्थिति, अपराध, संदिग्ध गतिविधि या चुनावी माहौल में गड़बड़ी पर तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए पुलिस को जरूरी जानकारी मुहैया कराता है। डीएम ने सीसीटीवी फुटेज की निगरानी, डेटा रिकॉर्डिंग और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र की कार्यप्रणाली को समझा।

जिलाधिकारी ने यह भी जांचा कि किसी भी अप्रिय घटना या चुनावी हिंसा से निपटने के लिए पुलिस कितनी तैयार है और विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के साथ समन्वय कैसे स्थापित किया जाता है। सीओ संचार रेवाधर मठपाल ने बताया कि इस प्रणाली से भीड़भाड़ वाले इलाकों, संवेदनशील स्थानों, प्रमुख चौराहों, चुनावी गतिविधियों वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी हो रही है। महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और अवांछनीय तत्वों पर कड़ी नजर रखने के साथ-साथ चुनाव संबंधी शांति भंग करने वाले तत्वों पर भी है। एसएसपी ने बताया कि भविष्य में सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ाकर 2500 तक किया जाएगा।



सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम व एसएसपी। ● अमृत विचार

# गदरपुर के मतदान केंद्र संख्या 84 में 28 जुलाई को होगा पुनर्मतदान

संवाददाता, रुद्रपुर

- 24 को मतदान केंद्र में बैलेट पेपर फटने का है मामला
- निर्दलीय प्रत्याशी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट से शिकायत कर उठाई थी जांच की मांग

**अमृत विचारः** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत विकासखंड गदरपुर के मतदान केंद्र संख्या 84 राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानपुर पश्चिम कक्ष संख्या-02 के जिला पंचायत 20 खेमपुर के सदस्य पद के लिए 28 जुलाई 2025 को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक पुनर्मतदान कराया जाएगा।

शनिवार को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने आरओ विकासखंड गदरपुर व विकास अधिकारी गदरपुर को निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया कि पुर्नमतदान की सूचना को जिला पंचायत-20 खेमपुर के मतदान स्थल संख्या-84 राजकीय प्राथमिक विद्यालय खानपुर पश्चिम कक्ष संख्या-02 में सदस्य जिला पंचायत पद के लिए संबंधित प्रत्याशियों एवं मतदाताओं को डुगडुगी बजाकर व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार की जानकारी दें। ताकि संबंधित मतदेय स्थल पर शत-प्रतिशत मतदाता मतदान हो सके। यहां बता दें कि 24 जुलाई को मतदान के दिन खानपुर पश्चिम मतदान केंद्र में जिला पंचायत सदस्य पद के निर्दलीय प्रत्याशी संजय चतुर्वेदी के चुनाव चिह्न वाल मतपत्र कटी फटी हालत में केंद्र में मिले थे। इसको लेकर उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ. अशोक कुमार को जानकारी देते हुए पीठासीन अधिकारी पर लापरवाही का आरोप लगाया और जांच की मांग की थी। वहीं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ने बताया कि बूथ संख्या 84 खानपुर पश्चिम मतदान केंद्र में बैलेट पेपर फटने की शिकायत आयी थी। मामले की जांच के बाद यहां दोबारा पुनर्मतदान कराया जा रहा है।

### सिडकुल कर्मी से झपट्टा मारकर लूटा मोबाइल

**रुद्रपुर :** कोतवाली एवं थाना ट्रांजिट कैंप में अभी बाइक चोरी की घटनाएं थमी नहीं थी कि अब इलाके में मोबाइल लुटेरों ने भी दस्तक दे दी है। घटना को अंजाम देते हुए बाइक सवार तीन युवकों ने सिडकुल कर्मी का झपट्टा मार कर मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगतपुरा निवासी हरीश सिंह ने बताया कि वह 9 जुलाई की शाम को सवा 10 बजे ड्यूटी के लिए अटरिया मोड़ से 100 मीटर पहले आवास विकास में बाइक पर खड़ा होकर कंपनी की बस का इंतजार कर रहा था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक आये और झपट्टा मार कर मोबाइल लूटकर फरार हो गये। सिडकुल कर्मी ने आवास विकास पुलिस चौकी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो बाइक सवार तीन संदिग्ध कैमरे में कैद भी हो गए। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# कंपनी कर्मचारी का शव संदिग्ध हालात में मिला

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कोतवाली अंतर्गत रुद्रपुर मार्ग पर खेत में एक अधेड़ फैक्ट्री कर्मचारी का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। खेत में शव पड़ा होने की सूचना पर तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। डायल 112 पर घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मौका मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी एवं कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण करते हुए जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह रुद्रपुर मार्ग स्थित इंटरार्क कंपनी के सामने खेत में एक अधेड़ का शव पड़े होने की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। कुछ देर में तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। डायल 112 पर सूचना के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी, कोतवाल धीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद के साथ पुलिसकर्मी बृजमोहन सिंह, देवराज सिंह एवं नवीन भट्ट की टीम क्राइम किट बॉक्स लेकर मौके पर पहुंच गई।

मृतक की तलाशी के दौरान पुलिस ने मृतक के पास से बरामद आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान ग्राम देवलीखेत, मल्ली सलोनी, पोस्ट एवं तहसील रानीखेत, जनपद अल्मोड़ा निवासी 55 वर्षीय मोहन सिंह के रूप में की गई है। इस दौरान पुलिस की पूछताछ में स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक ग्राम किशनपुर स्थित सिद्धार्थ एलॉय कंपनी में नौकरी करता था और शराब पीने का आदी था। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस की सूचना पर सिद्धार्थ एलॉय कंपनी के एचआर राहुल पांडे मौके पर पहुंच गए और मृतक की पहचान मोहन सिंह के रूप में की। राहुल पांडे ने पुलिस को बताया कि मृतक मोहन सिंह कंपनी में करीब 2 महीने से रात्रि शिफ्ट में कार्यरत था और 22 जुलाई से कंपनी में ड्यूटी करने नहीं पहुंचा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचा दिया है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए जांच शुरू कर दी है।


किच्छा के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

**पहल** फरियादियों ने रखीं सड़क, बिजली, पानी और अन्य समस्याएं, महापौर बोले-समस्याओं को दूर करना प्राथमिकता

# महापौर ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा के निजी आवास पर आयोजित जनता दरबार में विभिन्न वार्डों और बस्तियों से आए फरियादियों ने सड़क, बिजली, पानी, जल निकासी, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सुविधाएं जैसी मूलभूत समस्याएं रखीं। इस दौरान महापौर ने समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही मामलों को लेकर संबंधित अधिकारियों से बात कर समाधान के निर्देश दिए।

शनिवार को जनता दरबार के दौरान वार्ड एक के पार्षद पवन राणा के नेतृत्व में नागरिकों ने सड़क और जल निकासी की गंभीर समस्या उठाई, जिस पर महापौर ने कार्ययोजना बनाने और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बिंदुखेड़ा निवासी जसवीर सिंह ने बिजली कनेक्शन न मिलने की शिकायत की, जिस पर महापौर ने एसडीओ सुभाष शर्मा को फोन कर समस्या का समाधान करवाया। वहीं, जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश अरोड़ा की ओर से कॉलेज में जलापूर्ति की मांग पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों से बात कर नया पानी कनेक्शन दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एक महिला ने अपने पति के इलाज में आयुष्मान कार्ड न होने से आ रही परेशानी को साझा किया, जिस पर महापौर ने तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था कराई। इसके अतिरिक्त बागवाला झील क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट लगाने और ट्रांजिट कैंप व संतोषी माता मंदिर क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों में नल कनेक्शन की मांग भी रखी। महापौर ने संज्ञान लेते हुए तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।


जनता दरबार के दौरान समस्याओं को लेकर अधिकारियों से वार्ता करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

# बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाया तो पुलिस करेगी जुर्माने की कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

- ड्रोन उड़ाने से पहले संबंधित थाना और चौकी से लेनी होगी अनुमति

**अमृत विचारः** पिछले कुछ दिनों से इलाके में ड्रोन उड़ाकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली अफवाहों पर विराम लगाते हुए एसएसपी ने गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसके तहत बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाने पर पुलिस की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अब ड्रोन संचालक को संबंधित थाना-चौकी से अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही एसएसपी ने अधीनस्थों को आदेशित किया है कि अफवाह फैलाने वालों को भी चिन्हित कर कार्रवाई करें।



पिछले कुछ दिनों से जनपद व सीमावर्ती जनपदों जैसे बिजनौर, मुरादाबाद, पीलीभीत में ड्रोन उड़ने और द्रोण के माध्यम से चोरी की घटनाएं होने की चर्चाओं ने लोगों की नींद उड़ा दी है। सीमावर्ती यूपी से उड़ी अफवाह ने ऊधमसिंह नगर में भी हड़कंप मचा दिया और जिले के कई इलाकों में पुलिस को भी भागदौड़ करनी पड़ी। हालांकि अभी तक इस प्रकार की घटनाओं के कोई पुख्ता साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आदेश जारी किया है कि जनपद में कोई भी बिना थाना चौकी पुलिस की अनुमति के ड्रोन को संचालित नहीं कर सकता है।

एसएसपी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता हुआ पाया जाता है तो पुलिस ड्रोन कैमरा जब्तीकरण, जुर्माना कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा सोशल मीडिया या फिर मैनुअल अफवाह फैलाने को भी चिह्नित करने का आदेश एसएसपी ने दे दिया है। उन्होंने बताया कि भ्रामक अफवाह व जानकारी से समाज में अनावश्यक भय व अशांति का माहौल पैदा हो रहा है। साथ ही गांव वालों ने रात्रि में सुरक्षा कर्मी या फिर चौकीदार नियुक्त किया है।

## सिटी ब्रीफ

### खटीमा नगर सीमा में दुरुस्त होगी प्रकाश व्यवस्था

**खटीमा :** पीलीभीत मार्ग पर नगर सीमा क्षेत्र में पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी ने प्रकाश व्यवस्था सुचारु करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया है। पीलीभीत मार्ग के दोनों ओर सालबोझी नंबर 1,2,3 के अलावा वार्ड संख्या 14 व 17 एवं 20 का भूभाग जुड़ा है। देर शाम इस मार्ग से आने जाने वाले ग्रामीणों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी रामू को बताया कि वर्तमान में यह मार्ग जर्जर हाल में है। लोगों को अंधेरे में इस मार्ग से आने-जाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे ही नहीं, काले रंग के लावारिस गौवंश बड़ी संख्या में मिलते हैं। रात के अंधेरे में कई लोग इन जानवरों से टकराकर गंभीर रूप से घायल, अंग भंग होकर अस्पतालों में पड़े रहते हैं। पालिकाध्यक्ष जोशी ने नगर सीमा तक इस मार्ग में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने को निर्देशित किया है।

### पेंशन के नाम पर आंदोलनकारियों को दी जा रही टोकन मनी

**खटीमा :** वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी भगवान जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय द्वारा उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के हित में लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार द्वारा 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, लंबित चिन्हीकरण एवं पेंशन वृद्धि पर सादी चुप्पी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सरकार की निरंकुश अफसर शाही के चलते 25 वर्ष से गुजरने के बाद भी यह मामले लंबित चल रहे हैं। 10% क्षैतिज आरक्षण अदालत में लंबित है। चिन्हीकरण से वंचित वास्तविक आंदोलनकारी उम्र दराज होकर दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। वहीं पेंशन के नाम पर राज्य सरकार आंदोलनकारियों को टोकन मनी दे रही है। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी जोशी ने रविन्द्र जुगरान के इस बयान की कड़ी निंदा की है कि जिसमें वह नौकरी कर रहे लोगों को पेंशन व उनके बच्चों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। उत्तराखंड राज्य आंदोलन से जुड़े 12 हजार से अधिक परिवार आज भी गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। जिन्हें उनके आश्रित सहित सम्मान की जिंदगी जीने की पूरी घोषणाएं सुनने को मिलती हैं।

### राणा प्रताप कॉलेज में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड का लोकार्पण

**खटीमा :** राणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति जगदीश प्रसाद गोयल के सहयोग से जीव विज्ञान कक्ष में स्मार्ट डिजिटल बोर्ड का लोकार्पण किया गया। बाद में विद्या परिसर में एक वृक्ष मां के नाम तहत पौधा रोपित किया गया। इस दौरान जगदीश प्रसाद गोयल, मालती गोयल, नीरज गोयल, गुंजन गोयल, प्रधानाचार्य रविन्द्र प्रकाश पंत, दिनेश अग्रवाल, गीताराम बंसल, राजीव अग्रवाल, हरीश जोशी, टीडी काण्डपाल आदि मौजूद रहे।

# बाजपुर में हरियाली तीज की धूम

## मेहंदी, थाल सज्जा, रंगोली-अल्पना प्रतियोगिताओं का आयोजन, विजेता सम्मानित

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर में शनिवार को हरियाली तीज की धूम रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ.प्रीति रस्तोगी ने किया। इस दौरान मेहंदी, थाल सज्जा, रंगोली-अल्पना आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 316 छात्राओं ने हिस्सा लिया। मेहंदी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आसना प्रथम, प्रीति सैनी द्वितीय, सीनियर वर्ग में जसप्रीत, सानिया, याचिका और संजना क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रही। रंगोली में नैना और जिया ने प्रथम, शुभनीत और अनीता ने द्वितीय व कशिश और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग की अल्पना प्रतियोगिता में जैनब प्रथम, कीर्ति द्वितीय स्थान पर रही। थाल सज्जा की जूनियर वर्ग में माही और सुमन प्रथम, पायल, श्वेता द्वितीय, गौरी और माहिरा तृतीय स्थान पर रही, जबकि सीनियर वर्ग में रानी गौड प्रथम, अंशिका द्वितीय रही। वहीं प्रधानाचार्या ने सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर डलविंदर कौर, भारती बिष्ट, नीलम सूर्यवंशी, अनीता राठौर, नानू उप्रेती, मीना, रेखा उपाध्याय, ऋतु बंसल, पूनम, छाया, दीपा, पूजा, अर्चना, प्रियांशी, श्वेता गुप्ता, श्वेता सरना, अनुलता आदि मौजूद रही। वहीं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंहटा में तीज पर्व की पूर्व संध्या पर छात्राओं द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य धूम बहादुर सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में दीपिका-आदिति की जोड़ी ने प्रथम, भावना-अंशिका की जोड़ी द्वितीय एवं रीनू-तन्नू की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम प्रभारी एवं निर्णायक डीआर बाराकोटी ने संचालन किया। निर्णायक मंडल में गीता यादव भी शामिल रहीं। इस मौके पर दीपक शर्मा, राजकिशोर, अनीसुर्रहमान, सोमनाथ सिंह, देवेंद्र जलाल, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के विद्यालय में हाथों पर रचाई गई मेहंदी दिखातीं छात्राएं।



किच्छा में सुंदर वेशभूषा में सजे नन्हे मुन्ने बच्चे। ● अमृत विचार

### लोटस स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने मनाया तीज पर्व

**किच्छा :** नगर स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा हर्षोल्लास के साथ तीज का पर्व मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के सुनेहरी वार्ड स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में तीज पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं हुईं। छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर वेशभूषा धारण कर कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में एलजी की छात्रा लवीशा को तीज क्वीन चुना गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रिहाना ने तीज पर्व के महत्व को विस्तार से बताते हुए मेधावी बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया।

### महिलाओं ने बांधा समां

**खटीमा :** लायंस क्लब के तत्वावधान में हरियाली तीज का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब की महिलाओं ने भागीदारी की तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। कार्यक्रम का आयोजन नीतू भट्ट, इंदु अग्रवाल और रूपम भटनागर ने किया। कार्यक्रम में तीज क्वीन, सावन सुंदरी सहित विभिन्न खिताबों से नवाजी गई महिलाओं को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

## प्यार के इजहार के बाद छात्रा से दुष्कर्म

**रुद्रपुर:** कोतवाली इलाके की रहने वाली बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने काशीपुर के रहने वाले युवक पर प्यार का इजहार कर हवस का शिकार बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी को गुहार पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली इलाके की रहने वाली बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने एसएसपी को पत्र देते हुए बताया कि तीन साल पहले उसकी मुलाकात काशीपुर के रहने वाले एक युवक से हुई। वर्ष 2022 को युवक उससे रुद्रपुर मिलने आया और घर से स्कूल जाते वक्त बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही आश्वासन दिया था कि बालिग होने वह उससे शादी कर लेगा और संबंध बनाने के बाद युवक प्रतिदिन फोन कर अपने सच्चे प्यार का इजहार करता रहा और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। आरोप था कि जब वह 18 साल की बालिग हुई तो आरोपी युवक ने 20 साल की होने पर शादी का भरोसा दिलाया और दो साल बाद वह 20 साल की हुई। एक दिन उसने युवक को फोन कर शादी करने के दिए आश्वासन को याद दिलाया तो युवक ने अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा और शादी से इंकार करते हुए फोन भी बंद कर दिया। पीड़िता का कहना था कि उसने युवक के खिलाफ 29 जून 2025 को चौकी प्रतापपुर काशीपुर को तहरीर सौंपी थी।



नमामि गंगे के तहत बनाए गए पोस्टरों के साथ बच्चे और अतिथि। ● अमृत विचार

### गंगा केवल नदी नहीं, हमारी सांस्कृतिक पहचान

**सुल्तानपुर पट्टी :** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चिकित्सक डॉ. विनीत कोठारी उपस्थित रहे। डॉ. कोठारी ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र गौतम और वरिष्ठ प्रवक्ता ज्योति जोशी ने गंगाजल के ऐतिहासिक, धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन भानु प्रकाश पांडे ने किया। इस अवसर पर छात्रों के लिए एक चार्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने रंग-बिरंगे चित्रों और स्लोगन के माध्यम से नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्य, गंगा संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया।



खटीमा के हिंद पब्लिक स्कूल में खो-खो विजेताओं के साथ प्रबंधन। ● अमृत विचार

### हिंद पब्लिक स्कूल में हुई इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता

**खटीमा :** हिंद पब्लिक स्कूल में आयोजित इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बल और बुद्धि का नमूना पेश करते हुए खो-खो प्रतियोगिता के बालक वर्ग कक्षा छह से आठ में यलो ईगल ने प्रथम और रेड ड्रैगन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि बालिका वर्ग में रेड ड्रैगन ने प्रथम और यलो ईगल ने द्वितीय स्थान प्राप्त करके अपने हाउस का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रबंधक नीरज कुमार, मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी, उप प्रधानाचार्य पूजा जोशी,उपासना बिष्ट, रेनू सिंह , रोली सक्सेना, गीता कन्याल, पुष्पा धामी, रजत भटनागर, गौरव सिंह, टीडी पंचोली, योगेश गुप्ता मौजूद रहे।

# शिव मंदिर का भूमि पूजन किया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वार्ड नंबर 01 स्थित फुलसुंगी क्षेत्र की जेपी नगर कॉलोनी में धार्मिक आयोजन के तहत शिव मंदिर का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि महापौर विकास शर्मा ने विधि विधान से पूजन कर मंदिर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान महापौर ने कहा कि जेपी नगर कॉलोनी में शिव मंदिर की स्थापना का निर्णय न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक पहचान की दृष्टि से भी अत्यंत सराहनीय है। नगर निगम की ओर से इस मंदिर निर्माण के लिए जो भी आवश्यक सहयोग होगा वह निःसंकोच और प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के धार्मिक स्थलों को सजाने, संवारने एवं उनका समुचित विकास करने का उन्होंने एक नैतिक और सामाजिक संकल्प लिया है।

इसी संकल्प के तहत शहर में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संरचनाओं को संवर्धित किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, कॉलोनी अध्यक्ष तिवारी, पार्षद राजेंद्र राठौर, पवन राणा, एमपी मौर्य, ओबीसी मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपराम लोधी, मनीष तिवारी एवं राजीव आदि उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

### गोवंशीय पशु के साथ कुकृत्य का आरोपी धरा

**काशीपुर :** पुलिस ने गोवंशीय पशु के साथ कुकृत्य करने वाले आरोपी किशोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज किया है। कटोराताल पुलिस चौकी इंचार्ज विपुल जोशी ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी, कि एक संदिग्ध किशोर नाजायज हथियार के साथ कब्रिस्तान के पास खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध किशोर को पकड़ लिया। किशोर की पहचान 17 वर्षीय निवासी मोहल्ला काली बस्ती के रूप में हुई। पूछताछ में किशोर ने बताया कि लगभग 15 दिन पहले उसने मोहल्ला लाहोरियान स्थित मनसा देवी मंदिर के पास गली में एक गोवंशीय पशु के साथ कुकृत्य किया था। उसके मोहल्ले के लड़कों ने उसे बताया कि उसकी इस हरकत की वीडियो वायरल हो गई है। जिसके डर से वह घर नहीं गया और इधर-उधर छिप रहा था।

# बैटिंग, बॉलिंग के माध्यम से खिलाड़ियों की परख

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** सीबीएसई नॉर्थे जोन-प्रथम क्रिकेट ट्रायल्स के दूसरे दिन 700 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। रविवार को चयनित खिलाड़ियों की चार टीमों के बीच पहला मैच होगा। शनिवार की रात को चयन समिति नाम के साथ टीमों की घोषणा करेगी।

प्रधनाचार्या मधु शर्मा ने बताया कि शनिवार को बैटिंग, बॉलिंग और विकेट कीपिंग के माध्यम से खिलाड़ियों को परखा गया। साथ ही तकनीकी दक्षता, फिटनेस, मानसिक संतुलन और टीम भावना का मूल्यांकन भी किया गया। अब तक 1800 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर चुके हैं। अंडर-14, 17 एवं 19 वर्ग आयु के 4000 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में आवेदन किया है। दूसरे चरण के ट्रायल्स को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था। मैच जीतकर अव्वल आने वाले छात्रों में से प्रत्येक आयु वर्ग से एक-एक टीम का चयन किया जाएगा। जो नॉर्थ जोन प्रथम की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। 28 जुलाई को राष्ट्रीय टीम का चयन होगा। सीबीएसई बोर्ड की ओर से राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर चयन समिति बनाई गई है ताकि योग्यता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

### खटीमा में युवक पर किया भालू ने हमला

**खटीमा :** बीती रात्रि खटीमा रेंज के अंतर्गत आने वाले गांव गोसीकुंआ में भालू ने हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन विभाग ने मौका मुआयना कर घायल को मुआवजे का आश्वासन दिया है। शुक्रवार देर रात करीब दो बजे गोसीकुंआ निवासी संजीत सिंह राना (45) पुत्र राजाराम रात्रि में करीब दो बजे शौच के लिए घर से बाहर आया। उसी समय पहले से ही बैठे भालू ने उसपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की चीख पुकार पर घर के लोग भी बाहर आ गए और शोर मचाया तो भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती को दी गई। जिसपर वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। सीएमएस डॉ. केसी पंत ने शनिवार को अस्पताल में भर्ती युवक के स्वास्थ्य की जांच की और उसे खतरे से बाहर बताया।

# ताइक्वांडो में स्कॉलर वैली का परचम

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** स्कॉलर वैली इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज के छात्र तेजवीर सिंह और विद्यालय के कोच शिवचरण ने थाईलैंड में आयोजित हर मिनिस्ट्री क्वीन स्वीकृत – दा क्वीन मदर ऑफ थाईलैंड चैलेंज कप की 11वीं अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर इतिहास रच दिया। महज कक्षा 6 में पढ़ने वाले तेजवीर सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की, वहीं कोच शिवचरण ने भी मुकाबले में भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाया और भारत का गौरव बढ़ाया। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख, प्रधानाचार्या कमलजीत कौर, सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपेन्द्र सिंह, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर उत्तम तिवारी एवं असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर सुखवंत कौर सहित समस्त स्टाफ ने दोनों विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया। समारोह की सबसे बड़ी घोषणा तब हुई जब विद्यालय प्रबंधक ने तेजवीर सिंह को उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए 100% स्कॉलरशिप (पूर्ण शुल्क माफी) देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तेजवीर की यह जीत न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और इससे अन्य छात्रों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।



स्कॉलर वैली इंटरनेशनल स्कूल में कोच व छात्र को सम्मानित करते प्रबंधक।

### तीन संदिग्ध युवकों को लोगों ने पकड़ा

**बाजपुर :** दोराहा-बाजपुर में घूम रहे तीन संदिग्ध युवकों को लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर दोराहा चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तीनों को पूछताछ के लिए चौकी ले गई। कई घंटे की पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को उनके स्वजन को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया है। तीनों युवक सीमावर्ती स्वार रामपुर उप्र के एक गांव के निवासी हैं, जोकि नशे के आदी बताए जा रहे हैं। शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े 11 बजे दोराहा-बाजपुर क्षेत्र में तीन युवक इधर से उधर घूम रहे थे और उनकी गतिविधियां संदिग्ध लग रही थीं। जिसके चलते कुछ ही देर में ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख युवक घबराकर भागने लगे, जिन्हें ग्रामीणों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। इसी बीच चोर पकड़ने जाने की अफवाह फैली तो वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गए। इसी बीच सूचना मिलने पर दोराहा चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तीनों युवकों को पूछताछ के लिए पुलिस चौकी लाया गया।

# मेहंदी में यामिनी और निदा हयात की जोड़ी प्रथम

- बैगलेस-डे पर छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** पीएमश्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा में बैगलेस-डे पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर वर्ग में यामिनी, निदा हयात और सीनियर वर्ग में अक्सा परवीन, सना परवीन की जोड़ी को प्रथम चुना गया। प्रधानाचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

शनिवार को विद्यालय में स्वच्छता और बागवानी पर विशेष अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को नैतिकता एवं खेलकूद की विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। इसके बाद आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता की जूनियर वर्ग में यामिनी, निदा हयात प्रथम, अकाय, साबिया परवीन द्वितीय व नम्रता व जियानूर की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह सीनियर वर्ग में अक्सा परवीन, सना परवीन ने प्रथम, मिस्बाह, अल्फिजा ने द्वितीय एवं साबिया परवीन और सोफिया परवीन की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. तजम्मुल हसन, राजेश चौधरी, अजय कुमार, नाजिम कमर, योगेश पंत, उपेंद्र सिंह, अरुण कुमार, नफीस अहमद, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।




जसपुर के महुआडाबरा में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाती छात्राएं। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम** | मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# आईआईएम में दिखी भविष्य के नेतृत्व के पोषण की झलक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने 21 से 25 जुलाई तक "भविष्य के नेतृत्व का पोषण" शीर्षक से एक पांच दिवसीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों, राज्य द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों, अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों और निजी स्ववित्तपोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं फैकल्टी सदस्यों के लिए डिजाइन किया गया था। इसका उद्देश्य उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, नेतृत्व कौशल और शिक्षण संबंधी समझ को विकसित करना था, ताकि वे अपने संस्थानों को इस योजना के लक्ष्यों की ओर प्रभावी रूप से अग्रसर कर सकें। यह "भविष्य के नेतृत्व का पोषण" कार्यक्रम का चौथा बैच था, जिसमें देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से कुल 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया।


इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केस स्टडीज, समूह अभ्यास, अनुभवात्मक शिक्षण, डिजाइन थिंकिंग और नवाचार, नीति आधारित इनपुट्स और श्रेष्ठ प्रथाओं के आदान-प्रदान को शामिल किया गया, जिससे प्रतिभागियों को संस्थागत चुनौतियों को समझने और उनके समाधान की दृष्टि विकसित करने में मदद मिली। वहां पर प्रो. कुनाल गांगुली (डीन डेवलपमेंट), प्रो. केएन बधानी और प्रो. वैभव भामोरिया मौजूद रहे।



काशीपुर के आईआईएम में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### सितारगंज में स्नातक के लिए 28 जुलाई तक कराएं प्रवेश

**सितारगंज :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर की कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया 18 जुलाई से प्रारम्भ हो चुकी है। समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की प्रथम वरीयता सूची 17 जुलाई को महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा कर दी गई थी, जिसमें चयनित छात्रों के लिए प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 28 जुलाई निर्धारित की गई है तथा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि भी 28 जुलाई की रात 12 :00 बजे तक है। प्रथम सूची में चयनित सभी संकायों के अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि तक प्रवेश सुनिश्चित कर लें। इसके उपरांत 29 जुलाई को प्रातः 10 :00 बजे द्वितीय वरीयता सूची महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी तथा उसी दिन से प्रवेश प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी जाएगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थी 30 जुलाई तक आवश्यक दस्तावेजों सहित महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।



काशीपुर में मृतका के पति को चेक सौंपते मेयर दीपक बाली। ● अमृत विचार

### सफाई कर्मचारी के पति को सौंपा दस लाख रुपये का चेक

**काशीपुर :** कोविड महामारी के दौरान ड्यूटी पर मुस्तैद रहते हुए शहीद हुई सफाई कर्मचारी उषा के पति को मुख्यमंत्री राहत कोष से मिले 10 लाख रुपये के चेक को महापौर दीपक बाली ने भेंट किया और दिवंगत उषा को श्रद्धांजलि दी। सफाई कर्मचारी उषा की कोविड के दौरान ड्यूटी करते हुए मृत्यु हो गई थी। उन्हें कोरोना योद्धा मानते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की। इस धनराशि का चेक काशीपुर नगर निगम को दिया गया। शनिवार को महापौर दीपक बाली ने अपने कार्यालय में मृतका के पति सुंदरलाल को चेक भेंट किया और दिवंगत उषा को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सहायक नगर अधिकारी कमल सिंह मेहता, संजय कापड़ी, एसआई मनोज सिंह बिष्ट एवं सलीम अहमद भी मौजूद रहे।

ब्रीफ न्यूज

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अखिलेश ने जीता कांस्य पदक

**अल्मोड़ा :** स्प्रिंग डेल्स स्कूल के छात्र अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित



13वीं एशियन जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे अल्मोड़ा जनपद और देश के लिए गौरव का क्षण है। विद्यालय की प्राचार्या ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह हमारे स्कूल, शहर और देश के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। अखिलेश की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण ने यह मुकाम हासिल किया है। हम सभी को उस पर गर्व है।

## देशभक्ति गीतों के साथ वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**रानीखेत :** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में एनसीसी के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ,जिसमें सर्वप्रथम कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त वीर सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट द्वारा देशभक्ति गीतों के माध्यम से वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर पी .एन तिवारी ,डॉक्टर निधि पांडे, डॉक्टर शंकर कुमार,डॉक्टर रुचि शाह ,डॉक्टर कोमल गुप्ता ,डॉक्टर पारुल भारद्वाज मौजूद रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धा सुमन

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** कारगिल विजय दिवस की छब्बीसवी वर्षगांठ पर गेवाड़घाटी क्षेत्र में भी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। क्षेत्र के सभी गांवों के निवासियों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित परिवारों ने भी कारगिल शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बताते चलें कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान द्वारा शुरू किये गए अघोषित कारगिल युद्ध में देश के 527 जांबाज शहीद हुए थे। इनमें 75 शहीद उत्तराखंड के थे। क्षेत्र के पान, बैरती, सेलागढ़ी, भैनर, भगतोला, सुन्दरखोला, चित्रेश्वर, गैराड़ ,चितैली, ककनर ,चितैलीगाड़, उलैनी, सुन्दरनौला, सदीगांव, मेहलचौरा, बमनगांव- दड़माड़, महाकालेश्वर, नौगांव- अखोडिया, मिरई, छाना, बसभीडा, गड़स्यारी, दंतोला, महतगांव, घुंघोली व सिरोली आदि गांवों में लोगों ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## पूर्व सैनिकों ने निकाली प्रभातफेरी

**लोहाघाट :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को लोहाघाट में पूर्व सैनिकों और जनप्रतिनिधियों ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को याद किया और उनके बलिदान को नमन किया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने युद्ध के समय की वीरता के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कै. आरएस देव ने की। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनीष जुकरिया और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अमर जवान ज्योति स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सैनिक विश्राम गृह तक प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम में कै. आरएस बोहरा, कै. एनके पुनेठा, कै. देव सिंह अधिकारी, बलवंत सिंह, गणेश सिंह, हयात सिंह, सीबी बिष्ट, हेमंत राय, प्रेम बल्लभ, अजय उप्रेती, सरदार सिंह, त्रिलोक सिंह, महेश पांडेय, गिरीश बिष्ट, केसरी देवी, जानकी देवी, महेश्वरी देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



अल्मोड़ा में शनिवार को शौर्य दिवस पर पुष्प चक्र अर्पित करने जाते डीएम आलोक कुमार पांडे। ● अमृत विचार



रानीखेत में इन्फेंट्री चौक का उद्घाटन करते ब्रिगेडियर एसके यादव। ● अमृत विचार

# शहीदों की दास्तां सुन नम हुईं हजारों आंखें

## कैंट स्थित शहीद स्मारक में आयोजित हुआ कार्यक्रम, शहीदों के अदम्य साहस व शौर्य को नमन किया

● जिला मुख्यालय में वीरांगनाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले भर में विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शहीदों की दास्तां सुनकर लोगों की आंखें नम हो गई। वहीं, सम्मान में सीना गर्व से चौड़ा हो गया। जगह-जगह सम्मान समारोह का आयोजन कर वीरांगनाओं का सम्मानित किया गया।

जिला मुख्यालय के कैंट स्थित शहीद स्मारक में शनिवार को हुए कार्यक्रम में डीएम आलोक कुमार पांडे, एसएसपी देवेंद्र पींचा, मेयर अजय वर्मा सहित अन्य ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। डीएम ने कहा कि आजादी से पहले और आजादी के बाद उत्तराखंड के वीर सपूतों ने देश की रक्षा में अहम योगदान रहा है। कारगिल युद्ध में वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। एसएसपी ने भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया और गैरीसन अल्मोड़ा की सैन्य टुकड़ी ने शहीदों के सम्मान में सलामी दी।

गैरीसन अल्मोडा के प्रभारी कमान अधिकारी मेजर राहुल तिवारी, कारगिल युद्ध के शौर्य चक्र (सेनि) कर्नल जयंत थापा, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, सीपीओ दिनेश चंद्र तिवारी, सुबेदार मेजर (आले) नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह मेहरा, राजकुमार बिष्ट, कैलाश चंद्र कांडपाल, देवेंद्र कुमार, लाल सिह, हेमंत लाल वर्मा, चम्पा देवी, पूरन सिंह सिराड़ी, सुबेदार एमएस बिष्ट, सुरेंद्र सिह बिष्ट, एसएस बिष्ट, पीजी गोस्वामी, विनोद गिरि, सुरेंद्र लाल टम्टा, पूरन सिह मेहता, राजेश बिष्ट व अन्य मौजूद रहे।

उधर सोबन सिंह जीना विवि की 24 यूके बालिका वाहिनी की ओर से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अल्मोड़ा परिसर में स्थित शहीद स्मारक एवं शौर्य दीवार में पुष्प अर्पण किए गए। परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी की कैडेट्स द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 45 कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिसमें से प्रथम स्थान पर कैडेट सोनिया, द्वितीय स्थान पर कैडेट पायल तिवारी तथा तृतीय स्थान पर कैडेट प्राची गोस्वामी रहे। कैडेट्स को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट (डॉ) ममता पंत ने कहा कि देश की सेवा एवं रक्षा हमारा सबसे बड़ा धर्म है। हमें अपने सैनिकों के त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए, साथ ही उनके संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए हमेशा कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए।

यहां अंडर ऑफिसर बरखा मुस्यूनी, सार्जेंट निधि मेहता, सार्जेंट आकांक्षा पिलख्वाल मौजूद रहीं।



अल्मोड़ा में शनिवार को शहीद दिवस पर वीरांगनाओं को सम्मानित करते डीएम व एसएसपी।



बनबसा में श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक कैप्टन भूपेंद्र सिंह कुंवर।

### वीरांगनाओं को किया सम्मानित

कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती माया घले पत्नी शहीद नायक हरी बहादुर घले सेना मेडल, सावित्री देवड़ी पत्नी शहीद लांस नायक हरीश देवड़ी, ममता चम्याल पत्नी पीटीआर उमेद सिंह चम्याल, कमला गोस्वामी पत्नी शहीद नायल देवेंद्र गिरी को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया।

### कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रानीखेत में इन्फेंट्री चौक का उद्घाटन

**रानीखेत, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर, कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर एसके यादव, वीएसएम द्वारा इन्फेंट्री चौक का उद्घाटन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह भारतीय पैदल सेना की अदम्य भावना को समर्पित एक गौरवशाली स्मारक है। एक विंटेज आरसीएल माउंटेड जीप के इर्द-गिर्द निर्मित यह चौक साहस, बलिदान और अटूट देशभक्ति का प्रतीक है। यह उन वीरों की अमर स्मृति को समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। रानीखेत के हृदय में स्थापित यह इन्फेंट्री चौक आने वाली पीढ़ियों को भारतीय सेना के पैदल सैनिक की वीरता और पराक्रम की गौरवशाली परंपरा को निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

### कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया

**बनबसा, अमृत विचार :** स्टेशन मुख्यालय बनबसा छावनी मे कारगिल विजय दिवस बड़े धूमधाम से बनाया गया। 26 राजपूत रेजीमेंट मे स्थापित युद्ध स्मारक पर कर्नल आकाश अशोक तापड़िया (सेना मेडल) स्टेशन कमांडर बनबसा छावनी एवं कमांडिंग ऑफिसर 26 राजपूत बटालियन ने शहीद स्मारक पर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कि गई। श्रद्धांजलि देने वालों में उपकमान अधिकारी 26 राजपूत बटालियन कर्नल मनीष सेमयाल, प्रशासनिक अधिकारी स्टेशन मुख्यालय बनबसा छावनी कर्नल राम करण सिंह, ऑफिसर कमांडिंग 236 आवागमन शिवर बनबसा छावनी कर्नल नवल पांडे, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद, कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट, पुष्कर दत्त कपड़ी, कैप्टन अमर सिंह सहित शहीद दर्जनों पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि दी।



शौर्य दिवस पर अमर शहीदों को पुष्प अर्पित करते पिथौरागढ़ डीएम विनोद गोस्वामी।

## वीरों के बलिदान से हम जी रहे सुरक्षित जीवनः गोस्वामी

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस को पिथौरागढ़ में शौर्य दिवस के रूप में श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया।

शहीद स्मारक स्थल पर डीएम विनोद गोस्वामी ने जनपद के कारगिल शहीदों-जोहार सिंह, किशन सिंह, गिरीश सिंह और कुंडल सिंह बेलाल के चित्रों पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पुलिस द्वारा शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर वीर नारियों-लीला देवी (पत्नी शहीद जोहार सिंह), तनुजा देवी (पत्नी शहीद किशन सिंह), शांति सामंत (पत्नी शहीद गिरीश सिंह) और कूना देवी (माता शहीद कुंडल सिंह बेलाल) को जिलाधिकारी द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल व निबंध प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों की समूह प्रस्तुति दी गई, वहीं एनसीसी कैडेट्स ने प्रभावशाली मार्च पास्ट किया। डीएम गोस्वामी ने संबोधन में कारगिल युद्ध के इतिहास को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में हमारे सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए यह युद्ध जीता।

अनेक वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्हीं के बलिदान से आज हम स्वतंत्र और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। मेयर कल्पना देवलाल ने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों ने जिस साहस और आत्मबल के साथ विजय प्राप्त की, वह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। ऐसे वीरों को जन्म देने वाले माता-पिता को नमन है। इस अवसर पर एसपी रेखा यादव, सीडीओ डॉ. दीपक सैनी, एसडीएम सदर मनजीत सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल केएस बिष्ट, सीएमओ डॉ. एसएस नबियाल, सीईओ हरक राम कोहली, डीएसओ अनूप बिष्ट, सैनिक संगठनों के पदाधिकारी, पूर्व सैनिक, छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बोल्डर हटाने में स्वयं जुटे डीएम, सुचारू किया मार्ग

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने शनिवार को मानवीय संवेदनशीलता और प्रशासनिक जिम्मेदारी का अनुपम उदाहरण पेश किया है।

दरअसल, पंचायत चुनाव के तहत पोलिंग बूथों के निरीक्षण के क्रम में शनिवार अपराह्न जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी सड़क मार्ग से झूलाघाट क्षेत्र के मतदान केंद्रों का जायजा लेने जा रहे थे। इसी दौरान कटियानी रोड पर भारी पत्थर और बोल्डरों के कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए स्वयं श्रम कर बोल्डरों को हटाने में सहयोग किया। उनके साथ मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों की सहायता से मार्ग को शीघ्र ही आवागमन के योग्य बना दिया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने दूरस्थ मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कटियानी का स्थलीय निरीक्षण भी किया और मतदान हेतु सारी व्यवस्थाएं परखी।



रास्ते से बोल्डर हटाते डीएम व सहयोगी।

## कैलाश से तीसरा दल भारतीय सीमा में लौटा

**पिथौरागढ़ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 के अंतर्गत यात्रियों का तीसरा दल शनिवार को सफलतापूर्वक अपनी यात्रा पूर्ण कर भारतीय सीमा में प्रवेश कर चुका है। सुबह 9:05 बजे, लिपुलेख दर्रे पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों द्वारा दल का पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया। दल ने प्रातः 10:45 बजे गुंजी के लिए प्रस्थान किया। मार्ग में काला पानी स्थित काली माता मंदिर में श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की, जिसके उपरांत दोपहर 12:00 बजे यात्रियों ने पुनः गुंजी की ओर यात्रा जारी रखी। उल्लेखनीय है कि यह तीसरा दल 13 जुलाई की सायं धारचूला पहुंचा था। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# कारगिल के रणबांकुरों को किया नमन

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) जनपद में उल्लास और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में हुआ, जहां अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वीर जवानों, वीरांगनाओं व उनके स्वजन को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (से.नि.) उमेद सिंह, आदि ने वीर नारियों, पूर्व सैनिकों, सेना व अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों के साथ अमर ज्योति में दीप प्रज्वलन कर शहीदों को नमन किया। पुलिस की टुकड़ी ने द्वारा गार्ड आफ आनर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कारगिल के वीर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि यह बलिदान हम सभी को प्रेरित करता है कि राष्ट्रहित में सदैव कर्तव्यनिष्ठ रहें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चम्पावत के पाटी क्षेत्र में सैनिकों के लिए रेस्ट हाउस और सैनिक कार्यालय की स्थापना की जा रही है तथा जिला चिकित्सालय में ईसीएचएस सुविधा उपलब्ध कराई जाएंगी। कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिजनों के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ लें। विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर सैनिकों और उनके परिवारों के हित में कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भी अपने विचार रखे। कारगिल युद्ध में दुश्मन की गोली से घायल हुए वीर नायक दान सिंह मेहता के अलावा वीर नारी पार्वती देवी, पत्नी स्व. विक्रम सिंह, बच्ची देवी, माता स्व. जगत सिंह और हरु देवी, माता सेना मैडल प्राप्त शहीद राहुल रैंसवाल को भी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नायक दान सिंह मेहता ने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व एनसीसी कैडेट्स ने आकर्षक मार्च पास्ट एवं झांकी के साथ साथ देशभक्ति गीत-सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्तां हमारा प्रस्तुत किया। जीजीआईसी चंपावत की छात्राओं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। संचालन राजेंद्र गहतोड़ी ने किया।



चम्पावत में शहीद स्मारक पर शहीदों को नमन करते डीएम मनीष कुमार।

## स्प्रिंग डेल्स में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** स्प्रिंग डेल्स अल्मोड़ा में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

बच्चों ने समाज में मौजूद समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समाधानात्मक मॉडल्स बनाए हैं, शिक्षक विपुल कार्की ने बताया कि विद्यार्थियों को लगातार प्रोत्साहित किया गया है कि वे ऐसे मॉडल्स तैयार करें जो केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी सहायक हों और समाज को आगे ले जाने में योगदान दें। यहां विद्यालय की प्राचार्या ज्योत्सना सोहनलाल, सागर, विधि, मेघा, नेहा, सचिन, हर्षिता, सौम्य, पूजा, वरीषा, तनुजा, उर्मिला रहे।

चुनाव

द्वितीय चरण के मतदान को लेकर संपन्न हुआ तृतीय रेंडमाइजेशन

# 632 मतदान केंद्रों के लिए पार्टियों का गठन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान के लिए शनिवार को जनपद में तृतीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार पांडे की मौजूदगी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपादित की गई।

जनपद के 5 विकासखंडों के लिए कुल 632 मतदान केंद्रों के लिए मतदान पार्टियों का गठन किया गया, जिनमें अतिरिक्त रूप से 65 पार्टियां रिजर्व रखी गई हैं। इस प्रकार कुल 697 मतदान पार्टियों के गठन के लिए तृतीय रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ।

प्रक्रिया के माध्यम से कुल 3485 कार्मिकों को पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम, द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ के रूप में नामित किया गया है। ये सभी कार्मिक निर्धारित तिथि पर प्रशिक्षण प्राप्त कर, निर्वाचन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।




अल्मोड़ा कलक्ट्रेट में पंचायत चुनाव को लेकर कार्मिकों का रेंडमाइजेशन करते डीएम।

### 14 पोलिंग पार्टियां गंतव्य के लिए रवाना

**पिथौरागढ़ :** पंचायत चुनाव के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ के बेरीनाग विकास खंड की 8 एवं मुनाकोट विकासखंड की 6 सहित 14 पोलिंग पार्टियां शनिवार को अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। प्रशासन ने इनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

### चम्पावत व बाराकोट की पार्टियां भी रवाना

**चम्पावत :** चम्पावत जनपद के मतदान केंद्रों के लिए शनिवार को पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। ये पार्टियां विकासखंड चम्पावत एवं बाराकोट के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने निर्वाचन कर्मियों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और समयबद्ध मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चम्पावत विकासखंड से कुल 11 पोलिंग पार्टियां और बाराकोट से 2 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। इनमें बाराकोट के सील और नेत्र सलान तथा चम्पावत के खिरद्वारी, गंगसीर, लोहारजुला, बुडम, डांडाककनई, हेलागोठ, सेलागाड़, सौराई, बकौड़ा, फुरकियाझाला और कठोल शामिल हैं।

## मजिस्ट्रेट समय से जांचें मतदान केंद्रों की स्थिति

संवाददाता, अल्मोड़ा

● 28 जुलाई को होना है द्वितीय चरण का मतदान

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत के द्वितीय चरण के चुनावों को जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने चुनाव के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की।

शनिवार को आयोजन बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर और ज़ोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों की भौतिक स्थिति की जांच कर लें और यदि कहीं कोई समस्या है, तो उसका शीघ्र समाधान कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान से पूर्व सभी बूथों की अवस्थिति दुरुस्त कर ली जाए, ताकि चुनाव के दिन किसी भी प्रकार की शिकायत की गुंजाइश न रहे। लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर चेकिंग सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी सेक्टर और ज़ोनल मजिस्ट्रेट अपने संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक में एडीएम चंद्र सिंह मरतोलिया, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीडीओ संतोष कुमार पंत, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



'तुलसी' काया खेत है,
मनसा भयौ किसान।
पाप-पुन्य दोउ बीज हैं,
बुवै सो लुनै निदान॥

गोस्वामी जी कहते हैं कि शरीर मानो खेत है, मन मानो किसान है। जिसमें यह किसान पाप और पुण्य रूपी दो प्रकार के बीजों को बोता है। जैसे बीज बोएगा वैसे ही इसे अंत में फल काटने को मिलेंगे। भाव यह है कि यदि मनुष्य शुभ कर्म करेगा तो उसे शुभ फल मिलेंगे और यदि पाप कर्म करेगा तो उसका फल भी बुरा ही मिलेगा।

# एको रुद्र द्वितीयो नास्ति

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है।

सावन का माह भारत में शिव उपासना की मंगल मुहूर्त है। शिव सोम प्रेमी हैं। सोम प्रकृति की सृजन शक्ति है। सृजन की यही शक्ति शिव ललाट की दीप्ति है। ऋग्वेद के ऋषियों के दुलारे सोम वनस्पतियों के राजा हैं। सोम प्रसन्न होते हैं, वनस्पतियां औषधियां उगती हैं खिलती हैं खिलखिलाती हैं। भारतीय सप्ताह में पहला दिन रविवार रवि का तो दूसरा दिन सोमवार सोम का। शिवभक्तों को सोमवार प्रीतिकर है। काशी बहुत जाता हूं। काशी मंदिर में शिव उपासना की मूर्ति है। शिव दर्शन कई बार हुआ। लेकिन सावन में मैंने समूची काशी को सोम शिव पाया। हर-हर महादेव की गूंज व लोक उल्लास।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सत्य, शिव और सुंदर की त्रयी में सत्य परम है। सत्य शिव है। सत्य और शिव का एकात्म सुंदर होता है। शिव में तीनों हैं। शिव और लोकमंगल पर्यायवाची हैं। आस्तिकों के लिए यह ऊर्जा सहज प्राप्य नहीं है। शिव के प्रति लोक आस्था विस्मयकारी है। शिव प्राप्ति के प्रयास जरूरी हैं। पार्वती को भी शिव प्राप्ति के लिए महातप करना पड़ा था। कालिदास के 'कुमार संभव' में तपरत पार्वती को एक ब्रह्मचारी ने भड़काया "पार्वती! आप भी किस प्रेम में फंस गई। आपका सुंदर हांथ सांप लिपटे शंकर को कैसे छुएगा। कहां हंस छपी चूनर ओढ़े आप? और कहां खाल ओढ़े शंकर?" शिव शंकर के रूप-कुरूप पर उसने बहुत कुछ कहा। पार्वती ने कहा "संसार के सारे रूप शिव के ही हैं-विश्वकूर्तेखाधार्यते वपु।" शिव ही सभी रूपों में रूप रूप प्रतिरूप हैं। कालिदास के कथानक में तब शिव ने अपना रूप प्रकट कर दिया। शिव बोले "अब मैं तुम्हारा दास हूं, पार्वती-तवस्मि दासः।" मन करता है कि पूंछू शिव से-महादेव! इतना कठोर तप क्यों कराते हैं? लेकिन शिव तप प्रभाव में स्वयं भक्त के भी भक्त बन जाते हैं।

भारतीय साहित्य शिव-पार्वती के सम्वाद से भरापूरा है। पार्वती प्रश्नाकुल हैं और शिव समाधानकर्ता। तुलसीदास के रामचरित मानस में पार्वती ने सीधे राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न पूंछा। शिव ने ब्रह्म तत्व समझाया लेकिन पार्वती ने स्वयं परीक्षा ली। यह भी उचित था। अनुभव करना सुनने से ज्यादा श्रेष्ठ है। लेकिन शिव सब जानते थे। वे सर्वत्र उपस्थित हैं। उनके कण्ठ में विष है। वे नीलकंठ हैं। गले में सांप भी हैं लेकिन चन्द्रमा शिव का प्रिय आभूषण है। शरद चन्द्र की पूर्णिमा सोम की ही वर्षा करती है। शिव ने सनत कुमारों को बताया कि उनके तीन नेत्र हैं। सूर्य दांया नेत्र है और बांया चन्द्रमा। अग्नि मध्य नेत्र हैं।

शिव अजन्मा हैं। उनका न जन्म हुआ और न ही मृत्यु। वे अजर अमर भोले शंकर हैं, औघड़दानी हैं। गण समूहों के मित्र हैं। गणों के साथ स्वयं भी नृत्य करते हैं। वे रूद्र शिव एशिया के बड़े भूभाग में प्राचीन काल से ही उपासित हैं। शिव गूढ़ रहस्य हैं। युधिष्ठिर के मन में शिव जिज्ञासा थी। भीष्म से उन्होंने तमाम प्रश्न पूछे थे। वे भीष्म से शिव गुण भी सुनना चाहते थे। भीष्म ने कहा, "शिवगुणों का वर्णन करने में मैं असमर्थ हूं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। श्रीकृष्ण के अलावा उनका तत्व दूसरा कोई नहीं जानता। फिर अर्जुन से कहा, "रूद्र भक्ति के कारण ही श्रीकृष्ण ने जगत् को व्याप्त किया है।" यहां श्रीकृष्ण के विराट का कारण भी शिव तत्व का बोध है। देवों के देव महादेव नमस्कारों के योग्य हैं।

पौराणिक शिव बड़े आकर्षक हैं। बैल की सवारी और पार्वती से बतरस। 'विज्ञान भैरवतंत्र' में शिव और पार्वती के मध्य गहन दार्शनिक संवाद का उल्लेख है। कालिदास ने शिव बरात का मनोरम शब्द चित्र खींचा है। बताया है कि शिव बरात नगर पहुंची। स्त्रियां अपना कामधाम छोड़कर छतों की ओर भागी। एक की जूड़े की माला टूट गई। एक ने दांयी आंख में ही काजल लगाया था, वह बाई आंख का काजल लगाना छोड़ भाग चली। पार्वती शिव जगत् के माता पिता हैं। विवाह के बाद देवों ने शुभकामनाएं दीं।" हम भारतवासी बहुदेव उपासक हैं। बहुदेव उपासना हमारी प्रकृति है। शिव एशिया के बड़े भाग में प्रचलित देव हैं। वे हजारों बरस से भारत के मन में रमते हैं। एक अकेले ही। एको रूद्र द्वितीयोनास्ति। कुछेक विद्वान रूद्र शिव को आयातित देवता मानते हैं। श्रीराम गोयल ने 'विश्व की प्राचीन सभ्यताएं' (पृष्ठ 416) में शिव उपासना को आर्येतर बताया है। उन्होंने ऋग्वेद के रूद्र को भी परवर्ती शिव से भिन्न बताया है। गोयल आर्यों को भारतीय मूल का नहीं मानते थे। वे देवताओं को भी आयातित मानते थे। लेकिन ऋग्वेद की प्राचीनता से ही ऐसे आरोप निरस्त हो जाते हैं। सिंधु घाटी से प्राप्त मुद्राओं में पशुओं की बहुतायत है। शिव पशुपति हैं ही। शिव उपासना पश्चिम एशिया व मध्य एशिया तक विस्तृत थी भी। प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा है "वास्तव में शैवमत, वैष्णवमत, बौद्धमत इन सबके स्रोत भारत में थे। यहां से इन मतों का प्रसार मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में हुआ।" शिव उपासना का मूल केन्द्र भारत है। यजुर्वेद प्राचीन है। इसका 16वां अध्याय शिव की ही स्तुति है। यहां शिव कण-कण में व्याप्त परम चेतना हैं।

सोम चन्द्रमा के पर्याय हैं। वे विराट ब्रह्माण्ड का मन हैं। जैसे चन्द्र कलाएं घटती बढ़ती हैं, वैसी ही हमारे मन की चंचलता है। सोम संसारी देवता हैं। ओम सूक्ष्मतम विराट का एकात्म नाद। परम ध्वनि। अस्तित्व सूक्ष्मतम से भी सूक्ष्म है और विराट से भी विराट। अन्तर्यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है। पत्ती, पुष्प से पेड़ और पेड़ से जड़ की यात्रा सुगम है। जड़ें देखते ही बीज का ध्यान आता है। बीज के भीतर अनंत संभावनाएं होती हैं। पेड़, शाखा, पत्तियां और फूल। फिर-फिर बीज। ओम प्राण शक्ति है और सोम बीज का पल्लवन पुष्पन। ऋग्वेद के सोम कम लोगों को याद हैं लेकिन सोमवार हर सातवें दिन उन्हीं की स्मृति दिलाता है। सोम से ओम की यात्रा शिव है। यहां कोई भौगोलिक दूरी नहीं। सोम और ओम साथ-साथ हैं। सोम शिव के ललाट पर हैं ही। शिव का सोम चन्द्र प्रतीक बड़ा प्यारा है। ऋग्वेद में सोम को पृथ्वी का निवासी बताया गया है। सोम असाधारण देवता हैं। आनंददाता भी हैं।

ऋग्वेद में रूद्र शिव 'सुगंधिं पुष्टिवर्द्धनं' हैं। देवों को पुष्पार्चन किया जाता है लेकिन शिव को बेलपत्र और धतूरे का फल। शिव मस्त मस्त बिंदास देवता हैं। परम योगी। नट-राज। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन पर तीनों लोक मोहित हुए थे तो शिव के डमरू की धुन पर तीनों लोक अस्तित्व में रहते हैं। शिव जब चाहते हैं, रूद्र हो जाते हैं। प्रलयंकर हो जाते हैं लेकिन यही रूद्र शिव भी हैं। ऋग्वेद में "जो रूद्र है, वही शिव भी है।" शिव महाकाल हैं। त्रिशूल उनका हथियार। तीन शूल दैविक, दैहिक और भौतिक कष्ट हैं। भौतिक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक वेदनाएं हैं। शिव दुखहारी हैं-त्रिशूल धारक जो हैं। सोंचने से मन नहीं भरता। मैं तनाव की स्थिति में यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त दोहराता हूं-"हमारा मन भागता है। यहां वहां। ऐसा हमारा मन शिव संकल्प से भरापूरा हो-तन्मे मनः शिव संकल्पं अस्तु।" मंच, माला, माइक का त्रिशूल मेरे भीतर है। सोम सामने है, भीतर ओम है। लेकिन सोम से वंचित हूं। ओम की अनुभूति नहीं। करूं तो क्या करूं? ऋग्वेद के ऋषि वशिष्ठ ने आर्तभाव से पुकारा था र्तयम्बक रूद्र को-हमें पकी ककड़ी की तरह मृत्यु बंधन से मुक्त करो।

# डिजिटल मीडिया की क्रांति शहरों से गांवों तक

भारत में डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। 2025 तक, भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 90 करोड़ को पार कर चुकी है, जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। स्टेटिस्टा के अनुसार, ग्रामीण भारत में स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं की संख्या 40 करोड़ से अधिक हो गई है, जो 2015 की तुलना में दस गुना वृद्धि दर्शाता है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का प्रतीक है। डिजिटल मीडिया ने न केवल शहरों की चकाचौंध को बल्कि गांवों की मिट्टी को भी अपनी चपेट में लिया है, जिससे सूचना, शिक्षा और अवसरों का एक नया युग शुरू हुआ है। डिजिटल मीडिया ने सूचना के प्रसार को लोकतांत्रिक बनाया है। पहले जहां समाचार पत्र और टेलीविजन कुछ बड़े शहरों तक सीमित थे, वहीं आज यूट्यूब, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने गांवों के कोने-कोने तक सूचना पहुंचाई है। ग्रामीण भारत में लोग अब न केवल समाचार देखते हैं, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर अपनी राय भी व्यक्त करते हैं। उदाहरण के लिए, उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव में रहने वाला किसान अब अपनी फसलों की जानकारी के लिए यूट्यूब चैनलों का सहारा लेता है, जहां उसे उन्नत खेती की तकनीकों से लेकर सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने भाषा की बाधाओं को भी तोड़ा है। हिंदी, तमिल, बंगाली और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कंटेंट ने ग्रामीण दर्शकों को जोड़ा है, जिससे सूचना का प्रवाह पहले से कहीं अधिक समावेशी हो गया है।



डॉ. शैलेश शुक्ला
लखनऊ

यह लोकतंत्रीकरण केवल सूचना तक सीमित नहीं है। डिजिटल मीडिया ने लोगों को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया है। ट्विटर (अब एक्स) और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ग्रामीण युवा अपनी कला, संस्कृति और समस्याओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं।

यह लोकतंत्रीकरण केवल सूचना तक सीमित नहीं है। डिजिटल मीडिया ने लोगों को अपनी आवाज उठाने का मंच दिया है। ट्विटर (अब एक्स) और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर ग्रामीण युवा अपनी कला, संस्कृति और समस्याओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं। डिजिटल मीडिया ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया आयाम दिया है। ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग ने ग्रामीण उद्यमियों को अपने उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने का अवसर दिया है। उदाहरण के लिए, अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स ने ग्रामीण हस्तशिल्पियों और छोटे व्यापारियों को अपने उत्पाद बेचने के लिए एक मंच प्रदान किया है। इसके अलावा, डिजिटल भुगतान प्रणालियों जैसे यूपीआई ने ग्रामीण व्यापार को और आसान बनाया है। पहले जहां नकद लेन-देन और बैंकों की कमी एक बड़ी बाधा थी, वहीं अब एक स्मार्टफोन के जरिए ग्रामीण दुकानदार सीधे ग्राहकों से भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल समय बचाता है, बल्कि पारदर्शिता और वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देता है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल मीडिया ने अभूतपूर्व परिवर्तन लाया है। ग्रामीण भारत में जहां अच्छे स्कूलों और शिक्षकों की कमी एक बड़ी समस्या थी, वहां ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स जैसे बायजूस, उडेमी और यूट्यूब ने शिक्षा को हर घर तक पहुंचाया है। डिजीटल क्रांति भारत को एक नए युग की ओर ले जा रहा है। शहरों से गांवों तक, यह लहर हर किसी को सशक्त और प्रेरित कर रही है।

# वृक्ष भी मानव जैसे

वर्षा-ऋतु में भूत भावन भोलेनाथ कैलाश पर्वत से उतर कर पृथ्वी पर जब आते है तो उत्सव का माहौल बन जाता है। आकाश से मेघ बरसते हैं तो नदियां ही नहीं उछलती-कूदती है बल्कि खुशी और आनन्द के साथ आस्था भी हिलोरे लेने लगती हैं। धार्मिक उत्सवों के साथ वन-महोत्सवों का दौर शुरू हो जाता है। सूखते पेड़, बाग-बगीचों को जैसे नया जीवन मिल जाता हैं। चतुर्दिक हरियाली छा जाती है। हरियाली का आशय ही 'हरि' (पालनकर्त्ता नारायण) की सत्ता। जो पृथ्वी की सम्पन्नता का सूचक है। वनस्पति-शास्त्र का वृक्षों के आपस मे संवाद की बात वैज्ञानिक है। पेड़-पौधे मनुष्य जैसे ही नहीं बल्कि मानव-सृष्टि के विकास में इनकी अहम एवं अग्रणी भूमिका रही है।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

विंदु एवं नादसृष्टि-विंदु सृष्टि से मानव का जन्म तो वृक्षों के पत्तों की सनसनाहट, वृक्षों से फल गिरने पर जो आवाज हुई, उससे इशारों से काम लेने वाले आदि-मानवों ने शब्द ईजाद किए। जो विकसित होते भाषा बनी। मनुष्य के समृद्ध होने का सिलसिला चल पड़ा। अभिव्यक्ति का दौर शुरू हुआ जिसे नाद सृष्टि कहा गया।

शब्दों की व्युत्पत्ति-आम के पेड़ से ढेर सारे फलों के गिरने पर 'वद वद' की आवाज को पहली बार सुना गया। इसी 'वद' को बोलने के क्रम में इस्तेमाल किया गया। यही 'विद' शब्द बना जिसका अर्थ 'जानना' हुआ। फिर शब्दों की यात्रा बढ़ती गयी और 'वद' 'विद' होते 'वर' 'वर्ण' 'वरण' 'वीर' 'बल' 'वरदान' 'बलवान' हो गए। पानी में किसी पदार्थ के गिरने, आकाश के गर्जन आदि से शब्द बनते गए जिससे नए-नए शब्दों का इजाफा होता गया। कीमती धातु की तरह शब्दों की संरचना में धातु और प्रत्यय का प्रयोग कर एवं एक 'धातु' में अलग-अलग प्रत्यय लगा कर अलग-अलग शब्द और उसके अर्थ हुए।

वृक्षों का परिवार-वृक्षों में नर-मादा फूल निकलते हैं। इनसे पराग कण लेने वाले मधुमक्खी एक वृक्ष से जब दूसरे वृक्षों पर बैठते हैं एवं बगीचों से पशुओं के पैरों (खुरों) में लगे ये पराग-कण इधर उधर जाते हैं और मिट्टी के संपर्क में आने से इनके परिवार का मनुष्यों के परिवार जैसा विस्तार होता है। मनुष्य के परिवार की तरह देश-विदेश जाने एवं बसने की तरह फल-फूल भी पैदा कहीं होते हैं और उसका उपयोग विभिन्न स्थानों पर होता है जहां इनके बीज जब फेंक दिए जाते है। अवसर तथा स्थान उपयुक्त पाकर ये उस स्थान में फलते-फूलते हैं जिसे वंशवृद्धि कहते हैं।

मणिद्वीप विंध्याचल-विंध्याचल के मणिद्वीप होने का कारण यह है कि उत्तर गङ्गा विंदु सृष्टि तो दक्षिण विंध्य पर्वत के अरण्य से अक्षर ततपश्चात शब्दों की उत्पत्ति हुई। जो मानव सभ्यता की प्रथम सीढ़ी है। इस दृष्टि से पृथ्वी के अस्तित्व में आने के साथ 'विंध्य' पर्वत की उत्पत्ति का ठोस आधार दिखाई पड़ता है।

अतः एक वृक्ष का मतलब अनन्य पुत्र की ऋषियों की घोषणा सार्थक करने के लिए वृक्षारोपण पुण्यदायी है। इस मौसम में इस कार्य में लगना भी वर्षा ऋतु का संदेश है।


# लचीली होती उच्च शिक्षा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों के लिए राहत देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने की तैयारी की जा रही है। नए मसौदे में यह व्यवस्था की जा रही है कि विद्यार्थी अब उच्च शिक्षा को स्वेच्छा से बीच में ही कभी भी छोड़ सकेंगे। यही नहीं, छोड़ी गई शिक्षा को वे आजीवन कभी भी पूरा कर सकेंगे। ऐसी व्यवस्था किए जाने पर विचार किया जा रहा है कि विद्यार्थियों के द्वारा जिस स्तर पर उच्च शिक्षा को छोड़ा जाएगा वहां तक अर्जित किए गए क्रेडिट अंक उनके एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट में जमा हो जाएंगे।



यूजीसी के द्वारा उठाया गया यह कदम उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभप्रद होगा जिनकी शैक्षिक यात्रा में निर्धनता विशेष रूप से आने आ जाती है और इस कारण उन्हें अपनी इस यात्रा को बीच में ही विराम देना पड़ जाता है। जाहिर सी बात है कि विद्यार्थी परिस्थितियोंवश पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाता है।

गौरतलब है कि भारत में 29 जुलाई 2020 से नई शिक्षा नीति लागू है। इस शिक्षा नीति की खासियत यह है कि इसमें शिक्षा को समावेशी, बहुआयामी एवं लचीला बनाने का प्रयास किया गया है। यूजीसी के नए दिशानिर्देशों के अनुसार सभी उच्च शिक्षण संस्थान विभिन्न पाठ्यक्रमों के संबंध में एक समान क्रेडिट फ्रेमवर्क तैयार करेंगे, ताकि कोई भी विद्यार्थी एक संस्थान से शिक्षा छोड़ने के उपरांत उसी डिग्री को किसी अन्य संस्थान से पूरा कर सके। निस्संदेह विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से यह एक अनूठा कदम है। उच्च शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर लचीलापन लागू करने से विद्यार्थी चिंता एवं तनाव से रहित होकर अपनी शिक्षा को पूर्ण कर सकेंगे एवं कैरियर को उन्नत दिशा देते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान करने में सक्षम एवं समर्थ हो सकेंगे। किंतु कहीं न कहीं इस व्यवस्था का दुरुपयोग होने की संभावना भी नजर आ रही है। गौर से देखा जाए तो इस व्यवस्था में विद्यार्थी को एक सीमा से अधिक ढिलाई एवं छूट मिली हुई है। मुझे नहीं लगता कि गंभीर विद्यार्थियों को बीच में ही शिक्षा को लगाम देकर भविष्य में कभी आगे पूरा करने की आवश्यकता पड़ेगी, परिस्थितिवश कुछ मामलों में ऐसा होना एक अलग मसला है। एक बात उल्लेखनीय है कि जब उच्च शिक्षा अवधि के दायरे में बंधी होती है, तो विद्यार्थी भी अनुशासन एवं नियम की डोर से बंध जाता है एवं उसके मनमस्तिष्क में कहीं न कहीं यह विचार मौजूद रहता है कि उसे अथक परिश्रम करते हुए निर्धारित समय के अंदर पाठ्यक्रम को पूर्ण करना है। डिग्री को आजीवन कभी भी पूर्ण कर लेने की स्वतंत्रता विद्यार्थी के मन में लापरवाही की भावना को जन्म दे सकती है। नतीजा यह होगा कि जिस विद्यार्थी को कर्मठता की ओर रुख करना चाहिए, वह आलस्य की ओर कदम बढ़ा सकता है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आमतौर पर विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के क्रेडिट की वैधता अवधि पांच से दस वर्ष तक निर्धारित की गई है। किंतु नई सिफारिशों में यूजीसी के द्वारा ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि विद्यार्थी छोड़ी गई पढ़ाई को क्रेडिट की वैधता अवधि समाप्त होने के उपरांत भी आजीवन कभी भी शुरू कर सकेगा। ऐसी स्थिति में उसके क्रेडिट का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। मसौदे के प्रारूप से स्पष्ट है कि यूजीसी की मंशा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु अधिक से अधिक प्रेरित करने की है।

यूजीसी के द्वारा उठाया गया यह कदम उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभप्रद होगा जिनकी शैक्षिक यात्रा में निर्धनता विशेष रूप से आने आ जाती है और इस कारण उन्हें अपनी इस यात्रा को बीच में ही विराम देना पड़ जाता है। जाहिर सी बात है कि विद्यार्थी परिस्थितियोंवश पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो जाता है। नई व्यवस्थाओं के लागू होने पर विद्यार्थी इस समस्या से निजात पा जाएगा, क्योंकि यदि किसी कारणवश वह पढ़ाई को जारी रखने में असमर्थ है तो भविष्य में परिस्थितियों के अनुकूल होने पर भी वह शिक्षा को पुनः आरंभ कर सकेगा। ऐसी दशा में उसने अपने अथक परिश्रम से जो कुछ भी पहले अर्जित किया है, वह कदापि बेकार नहीं जाएगा अपितु उसकी आगे की शैक्षिक यात्रा में जुड़ जाएगा। बहरहाल उच्च शिक्षा की प्रगति हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा उठाया गया यह कदम में निस्संदेह सराहनीय है।

# समाज की नींव गढ़ता है शिक्षक

बच्चों से बातचीत के सेशन में जब यह सवाल पूछा गया कि मोटरसाइकिल पर जाते वक्त अगर रास्ते में शिक्षक, पुलिस और लेखपाल-ये तीनों लिफ्ट मांगें तो किसी एक में किसको बिठाओगे, तो पहले तो बच्चों ने थोड़ा सोचते हुए शिक्षक कहा। शायद इसलिए क्योंकि पूछने व्यक्ति शिक्षक था। लेकिन दुनियादारी से वाकिफ कुछ बच्चों ने मुस्कुराते हुए तुरंत जवाब दिया-पुलिस को। वजह पूछने पर किसी ने कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी मुस्कान और नजरें बहुत कुछ कह गईं।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

बच्चों को भले ही समाजशास्त्र न पढ़ाया गया हो, लेकिन उन्हें ताकत की भाषा समझ आ चुकी है। ये वही बच्चे हैं जो रोज स्कूल जाते हुए रास्ते में, और समाज में, अपने घर में कहानियों और खबरों के जरिए पुलिस की वर्दी से डरना सीखते हैं, जो जानते हैं कि लेखपाल के पास जमीन की किस्मत है और जो जानते हैं कि शिक्षक केवल पढ़ा सकता है, सिखा सकता है, लेकिन उन्हें सीधे लाभ या हानि नहीं पहुंचा सकता।

इस छोटे-से सवाल के जवाबों में हमारे समाज की प्राथमिकताएं और मूल्य व्यवस्था पूरी तरह उजागर हो जाती है। शिक्षक, जो असल में समाज की नींव गढ़ता है, आज सबसे कमजोर समझा जाता है। वो व्यक्ति जो बच्चों को सोचने की ताकत देता है, अब खुद ताकतहीन प्रतीत होता है। दूसरी ओर, वर्दीधारी पुलिस जो भय और शक्ति का प्रतीक बन चुकी है, और लेखपाल जो सरकारी व्यवस्था में 'फैसला' और 'फायदा' बांटने का माध्यम है, उन्हें पहले बिठाने की वजह यही है कि हमारे समाज में ताकत का सम्मान ज्यादा है, और नैतिकता या ज्ञान का कम।

यह चिंतन केवल बच्चों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का आइना है। जब एक बच्चा यह सोचने लगे कि किसी शिक्षक को बिठाने से कुछ नहीं मिलेगा लेकिन पुलिस को बिठाने से झंझट नहीं होगी, तो समझ लीजिए कि शिक्षक की सामाजिक हैसियत अब प्रेरणा नहीं, बल्कि सहानुभूति की मांग करने लगी है।




सवाल उठता है कि हमने कैसा समाज बनाया है, जहां जो सबसे ज्यादा देता है-वो सबसे कम माना जाता है। यह वक्त है न केवल शिक्षा व्यवस्था की, बल्कि समाज की सोच को आईना दिखाने का। जब तक शिक्षक को सिर्फ एक मजबूर सेवा प्रदाता समझा जाएगा, तब तक ज्ञान की असल ताकत और उसका सम्मान खोखला ही रहेगा।

# मुक्त व्यापार समझौते से समृद्ध होगी आर्थिकी

ब्रिटेन के साथ एफटीए हो जाने से भारत की पश्चिमी देशों के साथ लोकतांत्रिक एवं आर्थिक विश्वसनीयता भी मजबूती से प्रदर्शित होगी। यह समझौता हमारी वैश्विक स्तर पर उभरती शक्ति एवं कूटनीतिक दक्षता का भी द्योतक है। इस समझौते से कारोबारी, व्यापारिक और आर्थिक गतिविधियां तेजी से संचालित होने के साथ ही स्वास्थ्य, पर्यावरण, ऊर्जा एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के अंतर्गत कुछ विशिष्ट शर्तों व सीमाओं के साथ क्षेत्रीय व्यापार को प्रोत्साहित करने हेतु मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का प्रावधान किया गया है। इन प्रावधानों में टैरिफ घटाने की प्रक्रिया के साथ यह भी शामिल है कि इन समझौतों से किसी तीसरे देश के साथ व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। मुक्त व्यापार समझौतों के अंतर्गत अधिकांशतः व्यापारिक और कारोबारी वस्तुएं शामिल होती हैं। विश्व व्यापार संगठन का मुख्य उद्देश्य वैश्विक व्यापार को मुक्त एवं भेदभाव रहित बनाना है। भारत के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते हो चुके हैं। ब्रिटेन के साथ होने वाला यह समझौता निश्चित रूप से दोनों देशों की आर्थिकी को गति प्रदान करेगा। इस समझौते में मुख्य रूप से चमड़ा, जूते, कपड़े और श्रम प्रधान उत्पादों के निर्यात से कर हटाने तथा ब्रिटेन से कार व व्हिस्की के आयात को सस्ता करने का प्रावधान है। भारत और ब्रिटेन का द्विपक्षीय कारोबार लगभग 58 अरब डॉलर के आसपास है, जबकि चीन और ब्रिटेन का कारोबार लगभग 132 अरब डॉलर का रहा है। यह समझौता भारत के कारोबार को बढ़ाने के साथ ही जीडीपी में स्थायी वृद्धि को प्रेरित करने में सहायक सिद्ध होगा।



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद अधिकांश वस्तुओं पर ब्रिटेन के बाजार में शुल्क नहीं लगेगा, जिससे भारतीय वस्तुएं अन्य देशों की तुलना में सस्ती हो जाएंगी। भारत की तुलना में चीन का ब्रिटेन के साथ कारोबार दुगने से भी अधिक है, परंतु चीन के साथ ब्रिटेन का कोई एफटीए नहीं है। इसलिए भारत के साथ एफटीए होने के बाद ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पाद-विशेष रूप से चमड़े की वस्तुएं, ज्वैलरी, टेक्सटाइल, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक आदि-सस्ती होंगी, जिससे उनकी मांग में बढ़ोतरी होगी। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क खत्म होने से इन उत्पादों का कारोबार चीन की तुलना में अधिक होने की संभावना है। साथ ही ब्रिटेन से भी भारत को चॉकलेट, मेडिकल उपकरण, ऑटोमोबाइल, शराब व अन्य खाद्य पदार्थ कम दामों पर उपलब्ध हो पाएंगे, जिससे रोजगार सृजन एवं आर्थिकी को गति मिलेगी। भारत का जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, यूएई, सिंगापुर तथा आसियान देशों के साथ पहले से ही एफटीए के प्रावधानों के तहत कारोबारी रिश्ते हैं। भारत का इन देशों से हुए मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से निर्यात में वृद्धि हुई है तथा रोजगार के अवसर भी उत्पन्न हो रहे हैं। भारतीय उद्योगों को सस्ता कच्चा माल मिलने के साथ-साथ तकनीकी सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

मुक्त व्यापार समझौते से मुख्य रूप से घरेलू उद्योगों को निर्यात के लिए नया बाजार मिलता है, जहां वे अपनी वस्तुएं एवं सेवाएं बेच सकते हैं और इससे विदेशी मुद्रा भी अर्जित होती है। उपभोक्ताओं को भी कम मूल्य पर वस्तुओं के अधिक विकल्प उपलब्ध होते हैं तथा गुणवत्ता युक्त उत्पाद सुलभ हो पाते हैं। इससे तकनीकी ज्ञान का स्थानांतरण प्रोत्साहित होने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार के समझौते विदेशी निवेश को आकर्षित करने, दो देशों के बीच आर्थिकी व व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक और कूटनीतिक सहयोग को भी सशक्त बनाने में सहायक होते हैं।

इस समझौते से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के उद्योगों तथा सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इसके लिए भारत की युवा शक्ति को समयानुसार आवश्यक कौशल से युक्त करना होगा, ताकि जनसंख्याकीय लाभांश का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त हो सके। यह उपलब्धि भारत की बहुध्रुवीय कूटनीति का उदाहरण है, जिसका अर्थव्यवस्था को दीर्घगामी लाभ होगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# सुंदर अदाओं की ग्लैमर गुड़िया हैं
# रोशनी वालिया

20 सितंबर 2001 को प्रयागराज में जन्मीं अभिनेत्री रोशनी वालिया छह साल बाद फिल्मों में धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। उनकी पिछली फिल्म साल 2019 में 'आई एम बन्नी' थी। इस बार वह अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से बड़े पर्दे पर कमबैक कर रही हैं। उनका अलग अंदाज देखने के लिए फैंस खासे बेताब हैं। अजय देवगन स्टारर 'सन ऑफ सरदार-2' फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। यह 13 साल पहले आई 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल पार्ट है। इस फिल्म में रोशनी ने अजय देवगन की झूठी बेटी का अभिनय किया है। वह हाल ही में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पूरी स्टारकास्ट के सामने अपनी छोटे से शहर से बड़े मुकाम तक पहुंचने की कहानी सुनाते हुए इतनी इमोशनल हो गई थीं, कि फफककर रो पड़ी थीं। फिल्म में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के बाद रोशनी वालिया का महत्वपूर्ण रोल है। रोशनी वालिया की पहचान टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस के रूप में होती रही है। उन्होंने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने करियर की शुरुआत की थी। चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर ही उन्होंने भारत का वीर पुत्र महाराणा प्रताप में नन्ही राजकुमारी अजबदे का रोल निभाया था।

**अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' से बड़े पर्दे पर किया कमबैक**

### कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं

- रोशनी 'बालिका वधू', 'कच्ची उम्र के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव महादेव' और 'रिंगा रिंगा रोजेस' जैसे फेमस टीवी सीरियल में नजर आई थीं। तारा-सुतारा सीरियल ने जहां उन्हें बड़ी पहचान दिलाई थी, वहीं 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' में भी उनका काम सराहा गया था। रोशनी कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं. वह 'माय फ्रेंड गणेशा-3' और 'मछली जल की रानी है' के साथ ही स्टार कॉमेडियन कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी काम किया था।



### रोशनी ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

हाल में ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी ग्लैमरस फोटो शेयर कर इंटरनेट का पारा हाई कर दिया था। बॉथ टब में उन्होंने एक से बढ़कर एक पोज दिए थे। इनमें वह गोल्डन वर्क वाली ब्रालेट में अदाएं दिखाती नजर आई थीं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग बॉटम वियर पहन रखी थी और बालों को ओपन वेबी स्टाइल में बना रखा था। रोशनी की मां का नाम स्वीटी और पिता का नाम विपुल वालिया है। उनकी बहन का नाम नूर है। रोशनी के मुताबिक उनको आर्यन खान पर क्रश है। जब वह छोटी थीं, तो उनकी फोटो काटकर कमरे में लगाती थीं।

**न्यू रिलीज**



# रजनीकांत की 'कुली' हिंदी में होगी 'मजदूर'

**14 अगस्त से बड़े पर्दे पर धूम मचाने को तैयार 350 करोड़ बजट वाली सुपरस्टार की 171 वीं फिल्म**

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' 14 अगस्त, 2025 को बड़े पर्दे पर धूम मचाएगी। फिल्म की रिलीज से पहले कहा जा रहा है कि इसका हिंदी नाम 'मजदूर' होगा। सोशल मीडिया हैंडल पर हिंदी नाम का खुलासा किया जा चुका है। लेकिन प्रोडक्शन हाउस की ओर से अभी इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अमिताभ बच्चन की कुली फिल्म के कारण हिंदी में नाम बदलने का फैसला लिया गया है। कुली एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है, जिसमें नागार्जुन, उपेंद्र और पूजा हेगड़े जैसे सितारे भी शामिल हैं। हाल ही में जारी फिल्म के टीजर में रजनीकांत एक बंदरगाह पर खड़े दिखाई देते हैं और कुछ आक्रामक दृश्यों के बाद वीडियो सुपरस्टार की सीटी के साथ समाप्त होता है।



कुली फिल्म को आधिकारिक तौर पर सितंबर 2023 में अस्थायी शीर्षक थलाइवर-171 के तहत रजनीकांत की मुख्य अभिनेता के रूप में 171वीं फिल्म के रूप में घोषित किया गया था। बाद में फिल्म के कुली शीर्षक की घोषणा अप्रैल 2024 में की गई थी। फिल्म की शूटिंग चेन्नई, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, जयपुर और बैंकॉक में हुई है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। छायांकन गिरीश गंगाधरन और संपादन फिलोमिन राज ने किया है। कुली फिल्म का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। खबरों के मुताबिक रजनीकांत ने फिल्म के लिए 150 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। निर्देशक लोकेश कनगराज भी 50 करोड़ ले रहे हैं। फिल्म के प्रिंट और प्रचार के लिए 25 करोड़ अलग से खर्च किए जा रहे हैं। इस तरह कुल बजट 375 करोड़ तक हो चुका है। इस खर्च के मुकाबले फिल्म को डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स 130 करोड़ में बेचे गए हैं, सेटेलाइट राइट्स 90 करोड़ और म्यूजिक राइट्स को 20 करोड़ में बेचा गया है। इस आंकड़े से साफ है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से अगर सिर्फ 135 करोड़ भी वसूलने में सफल रहती है तो साल 2025 की ब्लॉकबस्टर साबित होगी।

**फैशन**

# ग्लैमर के साथ स्टाइल बढ़ा रही लेदर ज्वेलरी

अधिकतर विदेश में पसंद की जाने वाली लेदर ज्वेलरी अब देश में भी युवाओं के बीच ग्लैमर के साथ स्टाइल का तड़का लगा रही है। इसकी आकर्षक डिजाइन जहां एथनिक लुक को नया अंदाज प्रदान करती है, वहीं लेदर ड्रेस के साथ खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। लेदर ज्वेलरी के प्रति युवाओं की बढ़ती पसंद देखकर एक्सपोर्टर अब देशी बाजार में भी बेहतर क्वालिटी के उत्पाद उतार रहे हैं। पहले टैरिफ और अब युद्ध के बीच कमजोर हो रहे विदेशी बाजार की वजह से फिलहाल लेदर ज्वेलरी काफी कम कीमत पर उपलब्ध हो रही है।

कानपुर से फ्रांस, जॉर्डन, थाईलैंड, मलेशिया व सिंगापुर जाने वाली लेदर ज्वेलरी पिछले कुछ समय से शहर के बाजार में भी युवाओं को उपलब्ध हो रही है। कई रंगों में मौजूद लेदर ज्वेलरी में इयरिंग, अंगूठी, ब्रेसलेट, नेकलेस और घड़ी जैसे आभूषण युवाओं को खास पसंद आ रहे हैं। जींस व टीशर्ट के साथ पहनी जाने वाली यह ज्वेलरी देखने में खूबसूरत और नए फैशन ट्रेंड से मैच करती हुई मिल रही है। डिजाइन की बात की जाए तो इन ज्वेलरी में पारंपरिक राजस्थानी फोर्ट आर्ट को प्राथमिकता के साथ उकेरा गया है। इसके साथ ही पुर्तगाली डिजाइन को भी जगह दी गई है। लेदर ज्वेलरी के फैशन ट्रेंड को लेकर सना इंटरनेशनल एक्जिम के एमडी डॉ. जफर नफीस ने बताया कि बीते कुछ समय से लेदर ज्वेलरी की मांग स्थानीय बाजार में बढ़ी है। इसकी बड़ी वजह युवाओं के ट्रेंड में बदलाव आना है। इसके अलावा अब सोशल मीडिया फैशन ट्रेंड सेट करने लगा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में लेदर ज्वेलरी सबसे अधिक हिट हुई है। इसका असर बाजार की मांग पर भी पड़ा है।

कानपुर से विदेश में सबसे अधिक लेदर ज्वेलरी निर्यात की जाती थी। हाल ही में युद्ध और तनाव के साथ टैरिफ विवाद से वैश्विक बाजार में बदलाव आया है। इसके चलते एक्सपोर्टर के कई ऑर्डर भी कैंसिल हुए। विदेशी ऑर्डर कैंसिल होने के बाद कारोबारियों को भी नए बाजार की तलाश करनी पड़ी। इस स्थिति में सोशल मीडिया में अचानक बढ़े ट्रेंड के चलते कारोबारियों को देश के युवाओं के रूप में एक नया बाजार मिल गया। सोशल मीडिया रील्स को एक्सपर्ट लेदर ज्वेलरी के फैशन ट्रेंड में आने की बड़ी वजह मानते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार आ रही 'बिंगो' रील्स में सबसे अधिक लेदर ज्वेलरी का इस्तेमाल हो रहा है। जिसे देखकर युवा भी उस ट्रेंड को फॉलो कर रहे हैं। ऐसे में सोशल मीडिया रील्स तेजी से लेदर ज्वेलरी ट्रेंड को हिट कर रही है। ऐसे में नई-नई डिजाइन की मांग पूरी करना एक चैलेंज है। इसे पूरा करने के लिए लेदर ज्वेलरी निर्माताओं ने हाल ही में कई डिजाइनर हायर किए हैं।







प्रस्तुति: राजीव त्रिवेदी



## एक ऐसी अभिनेत्री, जो अभिनय के साथ ही देश और समाज में भी निभाना चाहती हैं अपनी भूमिका

**इंटरव्यू**

# मधुरिमा तुली : 'द फेस ऑफ फोकस एंड फायर'

हर यात्रा की एक शुरुआत होती है। कभी संयोग से तो कभी संकल्प से। लेकिन, जब किसी कलाकार की यात्रा जुनून और समर्पण से हो तो वह प्रेरणा बन जाती है। ऐसी ही प्रेरणादायी शख्सियत हैं अभिनेत्री मधुरिमा तुली। एक खिलाड़ी से 'मिस उत्तरांचल' और फिर हिंदी सिनेमा की चमकदार दुनिया तक का उनका सफर केवल रोशनी और शोहरत तक की कहानी नहीं है, बल्कि यह संघर्ष आत्मविश्वास और पारिवारिक मूल्यों से जुड़ा एक ऐसा सफर है, जो हर युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा है। 'खेलों इंडिया' में विशेष अतिथि के रूप में मुम्बई से दिल्ली शिरकत करने आयीं अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने बातचीत के दौरान न सिर्फ अपने फिल्मी सफर को साझा किया बल्कि, अपनी वास्तविक पहचान चुनौतियों, भावनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की। मधुरिमा कलाकार के साथ-साथ एक कुशल एथलीट भी रही हैं। उनकी सोच यही तक सीमित नहीं हैं। उनके भीतर राजनीति को लेकर भी एक चेतना है वे सिर्फ रोल निभाने को नहीं, देश को दिशा देने की इच्छा भी रखती हैं। उनके साथ बातचीत के कुछ अंशः

प्रस्तुति: निशा सिंह



■ ***आपने फिल्मों में आने का फैसला कब और कैसे लिया ?***

यह सब एक खूबसूरत संयोग की तरह शुरू हुआ। 90 के दशक की बात है, उस समय मेरे पापा प्रवीण तुली उड़ीसा में टाटा स्टील में एजीएम के पद पर कार्यरत थे। 25 वर्षों की सफल नौकरी के बाद उन्होंने अर्ली रिटायरमेंट ले लिया और हम-सब देहरादून शिफ्ट हो गए। यही 2003 में 'मिस्टर एंड मिस उत्तरांचल' प्रतियोगिता हुई, जिसमें मैंने भाग लिया और सौभाग्य से मुझे 'मिस उत्तरांचल' का खिताब मिला। यहीं से पहली बार यह एहसास हुआ कि मेरी असली रूचि एक्टिंग, डांसिंग और माडलिंग में है। मैंने अपनी मम्मी-पापा से मुम्बई जाकर अभिनय के क्षेत्र में कदम रखने की इच्छा जताई। उन्होंने मेरे सपने को अपना बनाया और हम-सब मुम्बई शिफ्ट हो गए। मुम्बई आकर मैंने एक्टिंग कोर्स किया और यहीं से मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत हुई। यह सफर आसान नहीं था, लेकिन जब जुनून सच्चा हो, तो रास्ते खुद-ब-खुद बनते जाते हैं।

### जब आप किसी फिल्म या धारावाहिक के लिए रोल चुनती हैं, तो किन बातों का विशेष ध्यान रखती हैं ?

**सबसे पहले मैं यह देखती हूं कि मेरा किरदार कहानी में क्या है और कितना महत्वपूर्ण है फिर स्क्रिप्ट कितनी सशक्त है, निर्देशक और प्रोड्यूसर कौन है साथ ही को-एक्टर पर भी विशेष ध्यान देती हूं।**

■ **आपकी पहली फिल्म और उससे जुड़ा अनुभव कैसा रहा ?**

मेरी पहली फिल्म दुर्भाग्यवश रिलीज नहीं हो पाई और यह मेरे लिए एक भावनात्मक झटका था। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। इसके बाद मुझे 'वार्निंग' फिल्म में काम करने का अवसर मिला, जिसके निर्देशक गुरूमीत और प्रोड्यूसर अनुभव सिन्हा थे। इस फिल्म के शूटिंग के दौरान हमलोगों ने खूब मस्ती की। यह फिल्म मेरे करियर का अहम मोड़ बनीं। इसके बाद मुझे 'बेबी' जैसी बड़ी फिल्म में काम करने का अवसर मिला, जिसमें मैंने अक्षय कुमार की पत्नी की भूमिका निभाई। यह फिल्म मेरे लिए एक सपने के पूरे होने जैसा था। इस फिल्म में काम करके न केवल मुझे खुशी मिली, बल्कि ऐसा लगा कि मेरी मेहनत रंग लाई।

■ **क्या आपको लगता है कि फिल्में समाज को बदलने की ताकत रखती है ?**

बिल्कुल, फिल्मों में समाज को बदलने की अद्भुत ताकत होती है। आजकल 'नारी प्रधान' फिल्में बन रही है। फिल्मों ने ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया है, जिन्हें पहले यह भी नहीं पता था कि टायलेट क्या होता है, आज वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं। महिलाओं में आत्मनिर्भरता और बदलाव की जो चेतना आई है, उसमें सिनेमा की बड़ी भूमिका है।

■ **सोशल मीडिया पर आपकी छवि और वास्तविक जीवन में कितना अंतर है ?**

दरअसल बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। मैं अपना सोशल मीडिया खुद हैंडल करती हूं इसलिए वहां वहीं नजर आता है जो मैं वास्तव में हूं। करियर की शुरुआत में, जब मैं काफी यंग थी, तो बिना सोचे समझे पोस्ट कर देती थी, एंजायटी से बचने के लिए अब मैं केवल अपने काम से जुड़ी बातें या अपनी यात्राओं की झलकियां ही साझा करतीं हूं। दिखावा मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है इसलिए सोशल मीडिया पर वहीं दिखाती हूं जो मैं असल में हूं।

■ **अगर आपको कोई और बनने का मौका मिले तो आप क्या बनना चाहेंगी ?**

अगर मुझे कोई और बनने का मौका मिले, तो मैं बिना किसी झिझक के देश की प्रधानमंत्री बनना चाहूंगी और देश को एक नई दिशा देना चाहूंगी।

■ **इंडस्ट्री में आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती क्या थीं ?**

जब मैंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा, तो चुनौतियां हर मोड़ पर थीं और सच कहूं तो अब भी है। ये एक ऐसी यात्रा है जिसमें धैर्य, समर्पण और जुनून की परीक्षा हर दिन होती है। कई बार ऑडिशन के बाद उम्मीद बंधती थी, लेकिन आखिरी वक्त पर रोल किसी और को मिल जाता था, उस समय बहुत निराशा होती थी। मैंने खुद से वादा किया था कि मैं हार नहीं मानूंगी, लेकिन जब भी कमजोर पड़ी, मेरी फैमिली मेरा सबसे बड़ा सहारा बनी।

■ **कैमरे के पीछे आप कैसी हैं, गंभीर मस्त-मौला या शरारती ?**

कैमरे के पीछे मैं एक मिक्सचर हूं, कभी गंभीर तो कभी मस्तमौला। बचपन में मैं काफी शांत थी, लेकिन अब चुलबुली हूं। जिंदगी को पूरे दिल से जीने वाली, एकदम 'चिल्ड आउट'।

■ **क्या आपकी कोई गिल्टी प्लेजर फिल्म रहीं हैं ?**

हां, मेरी फिल्म 'वार्निंग' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लाप रही हो, लेकिन मुझे आज भी ये फिल्म बेहद इंटरटेनिंग लगतीं हैं इस फिल्म से मेरी कई यादें जुड़ी हैं। शूटिंग के दौरान हमलोगों ने खूब मस्ती की थीं।

■ **किस अभिनेता या अभिनेत्री के साथ काम करने की ख्वाहिश है ?**

लिस्ट तो लम्बी है! लेकिन खासतौर पर अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, रितिक रोशन, माधुरी दीक्षित, करीना कपूर, सुष्मिता सेन जैसी दिग्गजों के साथ काम करने की ख़्वाहिश है। ये सभी अपने दमदार अभिनय और प्रेरणादायक शख्सियत के लिए जाने जाते हैं।

■ **अपने फैंस से जुड़ा कोई वाकया जो आपके दिल को छू गया हो ?**

ऐसे कई वाकये है जो दिल को छू जाते हैं। कभी-कभी जब सुबह-सुबह मन थोड़ा उदास होता है और आप यूं हीं मोबाइल उठाकर देखते हैं, तो फैंस आपके लिए एक खूबसूरत पोस्ट डाल चुका होता है। उस पल जो मुस्कान चेहरे पर आती है, वो शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। ऐसे नि:स्वार्थ प्यार बहुत कम देखने को मिलता है इससे आत्मबल बढ़ता है।

■ **एक्टिंग के अलावा और कौन-कौन से काम करने की इच्छा है ?**

मेरे भाई श्रीकांत ने मुम्बई में एक प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की है, मैं उसके साथ प्रोडक्शन करना चाहूंगी। इसके साथ ही अगर मौका मिलेगा तो मैं निश्चित तौर पर निर्देशन के क्षेत्र में भी किस्मत आजमाऊंगी।

■ **एक युवा कलाकार होने के नाते, आप आज के युवा कलाकारों को क्या सलाह देना चाहेंगी ?**

सभी युवा कलाकारों को मैं सलाह देना चाहूंगी कि आप हमेशा अपने मकसद को याद रखें। मुश्किलें भी आएंगी, निराशा भी घेर सकती है, लेकिन यही वक्त है जब आपको अपने सपनों को थामें रहना है। अपने काम पर पूरा फोकस बनाए रखें साथ ही अपने परिवार से जुड़े रहें क्योंकि निराशा के वक्त परिवार बहुत बड़ा सहारा होता है।

**इंडसइंड बैंक की निगरानी समिति का कार्यकाल बढ़ाया**

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने इंडसइंड बैंक की निगरानी समिति का कार्यकाल एक महीने बढ़ाकर 28 अगस्त तक कर दिया है। बैंक पिछले एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया के इस्तीफे के बाद नए एमडी और सीईओ की तलाश में है। कठपालिया ने 29 अप्रैल को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद इस समिति का गठन किया गया। समिति का कार्यकाल 28 जुलाई, 2025 तक था।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 27 जुलाई 2025
www.amritvichar.com



# भारत-ब्रिटेन एफटीए से हर वर्ग को होगा लाभ


## उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- ब्रिटेन की संसद की मंजूरी के साथ लागू हो जाएगा व्यापार समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ इसी सप्ताह किया गया व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (भारत-ब्रिटेन सेटा) वहां की संसद की स्वीकृति के साथ ही लागू हो जाएगा और इसका फायदा उठाने के लिए देश के उद्यमियों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। यह एफटीए क्राती लाने वाला है।

गोयल ने इसे भारत द्वारा किसी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि ब्रिटेन के साथ इस तरह के समझौते के लिए 22-23 वर्ष की कशमकश के बाद यह संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर नए आत्म विश्वास के साथ अपनी बात रखता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन - दोनों देशों के लिए लाभ और समृद्धि का समझौता है। भारत ने इसे अपनी शर्तों पर किया है। इसका भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में इसी सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा में हुए भारत-ब्रिटेन सेट के महत्वपूर्ण पहलुओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारत ने दूनिया ब्रिटेन जैसी एक विकसित और बड़ी अर्थव्यस्था वाले देश के साथ बड़े आत्मविश्वास के साथ समझौता किया है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में गुरुवार को हुए इस समझौते से सालाना द्विपक्षीय व्यापार में 34 अरब डॉलर की वृद्धि होने की संभावना है। उम्मीद है कि 2030 तक अपसी व्यापार दो गुना हो कर 112 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 99 प्रतिशत निर्यात माल को ब्रिटेन में शून्य या बहुत रियायती दर पर वहां के बाजार में प्रवेश मिलेगा जबकि हमने डेयरी जैसे अपने संवेदनशील बाजारों में रत्ती भर भी रियायत नहीं दी है और चावल, चीनी तथा हमारे किसानों और कामगारों की दृष्टि से संवेदनशील अन्य क्षेत्रों का बचाव सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, भारत के 95 प्रतिशत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को ब्रिटेन में मुक्त प्रवेश मिलने जा रहा है।



● कहा- 22 से 23 वर्ष की कशमकश के बाद संभव हुआ यह समझौता

### भारत के समुद्री खाद्य निर्यात वियतनाम, सिंगापुर से मुकाबले को तैयार

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के साथ एक व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद, भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक ब्रिटेन के बाजार में वियतनाम और सिंगापुर के साथ समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। यह समझौता पिछले शुल्क के कारण होने वाले नुकसानों को समाप्त करता है। मत्स्य पालन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। यह समझौता भारतीय समुद्री उत्पादों को वियतनाम और सिंगापुर के प्रतिस्पर्धियों के बराबर लाता है, जो पहले से ही क्रमश: ब्रिटेन-वियतनाम मुक्त व्यापार समझौते (यूके-वीएफटीए) और ब्रिटेन-सिंगापुर मुक्त व्यापार समझौते (यूके-एसएफटीए) से लाभान्वित हैं। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय निर्यातकों को पहले शुल्क बाधाओं का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें खासकर झींगा मछली और मूल्यवर्धित समुद्री खाद्य वस्तुओं सहित उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से नुकसान होता था। मंत्रालय ने आगे कहा कि इन टैरिफ को समाप्त करने से भारतीय कंपनियों को देश की पर्याप्त उत्पादन क्षमता, कुशल कार्यबल और उन्नत ट्रेसेबिलिटी सिस्टम का लाभ उठाने में मदद मिलेगी ताकि वे ब्रिटेन के समुद्री खाद्य बाजार में बड़ा हिस्सा हासिल कर सकें। यह व्यापार समझौता भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाज़ार में विविधता लाकर अमेरिका और चीन जैसे पारंपरिक बाज़ारों पर अपनी निर्भरता कम करने का अवसर भी प्रदान करता है।

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से बढ़ रही : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत तेज़ी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, अमेरिका तेज़ी से प्रगति कर रहा है। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अगले दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल अगस्त में भारत का दौरा करेगा। भारत और अमेरिकी के दलों ने पिछले हफ़्ते वाशिंगटन में इस समझौते के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। दोनों देश प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को सितंबर-अक्टूबर तक अंतिम रूप देने की योजना बना रहे हैं। इसका लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डॉलर से 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

# थाईलैंड-कंबोडिया तनाव से कानपुर का 400 करोड़ का निर्यात हो सकता प्रभावित

● मुख्य रूप से पर्यटन व चमड़े के उत्पादों का होता है निर्यात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। थाईलैंड-कंबोडिया के बीच पैदा हुए तनाव से शहर के निर्यातक संशय में हैं। शहर से थाईलैंड में सालाना लगभग 400 करोड़ का कारोबार होता है। इसी तरह कंबोडिया में सालाना 30 से 35 करोड़ के उत्पाद निर्यात होते हैं। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तनाव लंबा खिंचता है तो सालाना लगभग 400 करोड़ का कारोबार प्रभावित हो सकता है।

शहर से थाईलैंड में सबसे अधिक लेदर गुड्स, लेदर एसेसरीज, लेदर ट्वाय, एडवेंचर स्पोर्ट्स में इस्तेमाल होने वाले सेफ्टी प्रोडक्ट व बोट एसेसरीज का निर्यात सबसे अधिक होता है। इसके अलावा शहर से सालाना 5 हजार के आस-पास पर्यटक थाईलैंड घूमने के लिए जाते हैं। दोनो देशों के बीच हाल ही में पैदा हुए तनाव से फिलहाल ऑर्डर पर कोई रुकावट नहीं आई है। पुराने ऑर्डर की सप्लाई अभी जारी है। यदि यह तनाव अधिक दिन तक चलता है तो कारोबार प्रभावित हो सकता है।

इस संबंध में फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि यदि थाईलैंड और कंबोडिया में तनाव लंबा खिंचता है तो निश्चित रूप से शहर के निर्यातकों के ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं। सबसे अधिक प्रभाव थाईलैंड के साथ होने वाले कारोबार पर पड़ सकता है। हालांकि अभी कोई प्रत्यक्ष प्रभाव सामने नहीं आया है। निर्यातक हालात पर नजर रखे हैं। वहीं कंबोडिया में शहर के निर्यातकों का कोई विशेष बाजार माना नहीं जाता है।



### 2024-25 में भारत का थाईलैंड से 1.25 लाख करोड़ और कंबोडिया के साथ 4,175 करोड़ रुपये का हुआ था व्यापार

भारत का थाईलैंड और कंबोडिया के साथ व्यापार संतुलित है, लेकिन यह संघर्ष भारत के निर्यात और निवेश को प्रभावित कर सकता है। 2024-25 में भारत का थाईलैंड के साथ व्यापार 1.25 लाख करोड़ रुपये और कंबोडिया के साथ लगभग 4,175 करोड़ रुपये था। थाईलैंड ने अपनी 817 किलोमीटर लंबी सीमा को बंद कर दिया है और कंबोडिया ने थाईलैंड से फल, सब्जियां, बिजली और इंटरनेट सेवाओं के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, भारत थाईलैंड को ऑटोमोबाइल पार्ट्स, फार्मास्यूटिकल्स और रसायन का निर्यात करता है। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो आपूर्ति चेन बाधित हो सकती है, जिससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। वहीं, कंबोडिया में फार्मा और कृषि क्षेत्र में भारतीय निवेश है।

## किसानों को यूरिया और डीएपी के साथ नहीं बेच सकेंगे कीटनाशक

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने उर्वरक विनिर्माताओं को चेतावनी दी है कि यूरिया और डीएपी जैसे सब्सिडी वाले मृदा पोषक तत्व बेचते समय किसानों को कीटनाशकों, नैनो-आधारित फसल पोषक तत्वों जैसे गैर-सब्सिडी वाले उत्पादों को जबरन बेचने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत आने वाले उर्वरक विभाग ने 21 जुलाई को इस मुद्दे पर सभी उर्वरक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को एक पत्र लिखा।

पत्र में कहा गया, विभाग को पता चला कि कुछ गैर-सब्सिडी वाले उत्पाद जैसे कीटनाशक, नैनो उर्वरक, जैव-उत्तेजक और अन्य उत्पादों को यूरिया और डीएपी/एनपीके जैसे सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ जोड़कर किसानों को बेचा जा रहा है। विभाग ने कहा कि उर्वरक आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत आवश्यक वस्तुएं हैं और इसलिए, अन्य उत्पादों को सब्सिडी वाले उर्वरकों के साथ गलत तरीके से जोड़ना इस कानून के साथ ही उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 का भी उल्लंघन होगा। विभाग ने कहा कि वह ऐसी प्रथाओं को हतोत्साहित करने के लिए परामर्श जारी कर रहा है।

● सरकार ने उर्वरक निर्माताओं को दी चेतावनी



## भारत-मालदीव के बीच मत्स्य पालन का समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और मालदीव ने एक मत्स्य पालन सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे मालदीव को अपनी मछली प्रसंस्करण क्षमताओं को बढ़ाने और टिकाऊ तरीके से टूना मछली उद्योग को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समझौते से भारत को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र के गहरे समुद्र में मत्स्य पालन संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों देशों के बीच छह द्विपक्षीय समझौते हुए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारत के मत्स्य विभाग और मालदीव के मत्स्य पालन एवं महासागर संसाधन मंत्रालय के बीच यह समझौता हुआ।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी: अरविंद पनगढ़िया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक जगह बनाएगा। यह उम्मीद 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने जताई। इस सप्ताह न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक संवाद के दौरान पनगढ़िया ने कहा, वर्तमान में चल रही कई गतिविधियां बहुत रोमांचक हैं।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के चलते देश में व्यापक उदारीकरण होगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, विशेष रूप से, मैं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का उल्लेख करना चाहता हूं, जिस पर बातचीत चल रही है। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ का समझौता भी है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक बार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हो जाए, तो यूरोपीय संघ के साथ भी समझौता हो जाएगा। पनगढ़िया ने कहा, इन दो व्यापार समझौतों के साथ भारत का यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ एक खुला बाजार होगा। ये दो सबसे बड़े बाजार हैं। किसी भी भावी निवेशक के लिए, यह भारत को एक बहुत ही आकर्षक स्थान बनाता है।

यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और शुल्कों पर सवाल के जवाब में पनगढ़िया ने कहा, जहां तक भारत का संबंध है, मुझे लगता है कि इससे संभावित रूप से बहुत कुछ अच्छा निकल सकता है, क्योंकि जब अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो भारत अपने शुल्क भी कम कर देगा।



● न्यूयॉर्क स्थित भारतीय दूतावास में कहा-वर्तमान में कई गतिविधियां बहुत ही रोमांचक चल रहीं हैं

## व्यक्तिगत रुचि के उत्पादों का कॉर्पोरेट गिफ्टिंग में बढ़ा चलन

नई दिल्ली, एजेंसी

बदलती जीवनशैली और जिंदगी में टेक्नोलॉजी की मौजूदगी बढ़ने के साथ विभिन्न मौकों पर दिये जाने वाले उपहारों की प्रकृति भी बदली है। दिल्ली के भारत मंडपम में 24 जुलाई से आयोजित तीन दिवसीय गिफ्ट वर्ल्ड एक्सपो में बड़ी संख्या में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, जीवनशैली से जुड़े उत्पाद, पूजा के सामान और अन्य धार्मिक उत्पाद, खेल के सामान, स्टेशनरी, बैग, किचन के सामान और घरेलू सजावट के उत्पाद बनाने वाली कंपनियां भी हिस्सा ले रही हैं।

एमईएक्स एग्जिबिशन्स की निदेशक हिमानी गुलाटी ने बताया कि आजकल गिफ्टिंग का दायरा विस्तृत हो गया है कि हर चीज उपहार में दी जा सकती है। किचन का सामान भी उपहार में दिया जाता है, एक पेन भी उपहार है और मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में सबने देखा कि एक जेट भी उपहार में दिया जा सकता है। यह आपके बजट, मौके और किसे उपहार दे रहे हैं, उस पर निर्भर करता है। पिछले कुछ समय में उपहारों की प्रकृति में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जीवनशैली से जुड़े उत्पाद जैसे चादरें, डेकोर और किचन के सामान और टेक्नोलॉजी से जुड़े उत्पाद जैसे स्पीकर, हेडफोन आदि का प्रचलन बढ़ा है।





# ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को दिया स्पष्ट संदेश

## थलसेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा

द्रास (करगिल), एजेंसी

थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए हमलों ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। जनरल द्विवेदी ने यहां करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक संदेश था और साथ ही यह भारत को गहरा जख्म देने वाले पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब भी था था।

इस बार भारत ने न केवल शोक व्यक्त किया बल्कि यह भी दिखाया कि जवाब निर्णायक होगा। सेना प्रमुख ने विजय दिवस पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुश्मन को कड़ा जवाब देना भारत के लिए अब सामान्य बात है। उन्होंने कहा, देशवासियों द्वारा दिखाए गए विश्वास और सरकार द्वारा दी गई खुली छूट के कारण भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। कोई भी ताकत जो भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने या लोगों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उसे करारा जवाब दिया जाएगा। यह भारत के लिए अब सामान्य बात है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ने निर्दोषों को कोई नुकसान पहुंचाए बिना पाकिस्तान में नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया। उन्होंने कहा, भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर निर्णायक जीत हासिल की। सेना ने आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए पाकिस्तान के अन्य आक्रामक प्रयासों को विफल किया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत ने शांति का मौका दिया लेकिन पाकिस्तान ने कायरता दिखाई। उन्होंने कहा, आठ और नौ मई को पाकिस्तानी कार्रवाई का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। हमारी सेना की वायु रक्षा एक अभेद्य दीवार की तरह खड़ी रही जिसे कोई भी मिसाइल या ड्रोन भेद नहीं सका। जनरल द्विवेदी ने कहा, रुद्र ब्रिगेड की स्थापना की जा रही है, जिसके लिए मैंने कल मंजूरी दे दी। इसके तहत हमारे पास एक ही स्थान पर पैदल सेना, मशीनीकृत पैदल सेना, बख्तरबंद इकाइयां, तोपखाने, विशेष बल और मानव रहित हवाई इकाइयां होंगी जो साजो-सामान और युद्ध संबंधी सहायता प्रदान करेंगी। जनरल द्विवेदी ने बताया कि सेना ने एक विशेष बल 'भैरव लाइट कमांडो' इकाई का गठन किया है जो सीमा पर दुश्मन को चौंकाने के लिए हमेशा तैयार है।



कारगिल के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर एक सरकारी स्कूल की छात्राओं ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को राखी बांधी। ● एजेंसी

### वीरों द्वारा दिए गए बलिदान से ही राष्ट्र सुरक्षित

द्विवेदी ने कहा, हर पैदल सेना बटालियन में अब एक ड्रोन पलटन है। तोपखाने में 'शक्तिबाण रेजिमेंट' का गठन किया गया है, जो ड्रोन, ड्रोन रोधी उपकरणों और आत्मघाती ड्रोन से लैस होगी। सेना प्रमुख ने कहा कि आगामी दिनों में सेना की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी क्योंकि सेना की वायु रक्षा प्रणालियों को स्वदेशी मिसाइलों से लैस किया जा रहा है। जनरल द्विवेदी ने पिछले साल रजत जयंती समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि शीर्ष नेताओं की उपस्थिति दर्शाती है कि यह केवल एक सेना दिवस नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक उत्सव है। बर्फीली चोटियों पर वीरों द्वारा दिए गए बलिदान के कारण ही राष्ट्र सुरक्षित है। हम उनके समर्पण एवं दृढ़ संकल्प को याद करते हैं और उन वीर नायकों को नमन करते हैं जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी ताकि हम शांतिपूर्ण जीवन जी सकें।

### पंछी प्रेमी



हैदराबाद के मुसल्लम जंग पुल पर शनिवार को कबूतरों के झुंड को दाना खिलाता व्यक्ति। कबूतर अपनी शान, बुद्धिमत्ता और सैन्य कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, कई संस्कृतियों में इनका सम्मान किया जाता है। ● एजेंसी

## विमान हादसे के 166 पीड़ित परिवारों को एअर इंडिया ने दिया अंतरिम मुआवजा

मुंबई, एजेंसी

निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने पिछले महीने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के 166 पीड़ित परिवारों को अंतरिम मुआवजा दे दिया है। इसके अलावा 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा, एयर इंडिया ने मारे गए 229 यात्रियों में से 147 के परिवारों और दुर्घटनास्थल पर जान गंवाने वाले 19 लोगों के परिवारों को अंतरिम मुआवज़ा जारी कर दिया है। विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई, जबकि जमीन पर जान गंवाने वालों सहित कुल मृतकों की संख्या 260 थी। टाटा समूह ने दुर्घटना पीड़ितों को समर्पित 'एआई-171 मेमोरियल एंड वेलफेयर ट्रस्ट' भी पंजीकृत किया है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास के बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण में सहयोग देने का संकल्प भी लिया है।

● 52 अन्य पीड़ितों के परिवारों को भुगतान की प्रक्रिया जारी

## संसद की कार्यवाही बार-बार बाधित होने से सरकार से अधिक विपक्ष को नुकसान : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सदन कार्यवाही बार-बार बाधित होने से विपक्ष को अधिक नुकसान होता है, क्योंकि वह सरकार को जवाबदेह ठहराने का महत्वपूर्ण अवसर खो देता है।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब मानसून सत्र के पहले हफ्ते में विपक्षी सांसदों के बार-बार विरोध प्रदर्शन के कारण कोई विशेष कामकाज नहीं हो सका। 'प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन' द्वारा आयोजित संसद रत्न पुरस्कार समारोह में रीजीजू ने याद दिलाया कि कैसे नौकरशाह संसद स्थगित होने पर कभी-कभी राहत महसूस करते हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं कि जब संसद नहीं चलती तो अधिकारी राहत महसूस करते हैं क्योंकि उन्हें सवालों से छुटकारा मिल जाता है। संसद में सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सकता है। जब सदन चलता है, तो मंत्रियों को कठिन सवालों का सामना करना पड़ता है। जब सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट में स्थगित हो जाती है, तो वे सवाल भी नहीं उठते। कार्यवाही बाधित होने से अधिक नुकसान विपक्ष को होता है। बाधित करने वालों को लगता है कि वे सरकार को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन वास्तव में, वे लोकतंत्र में अपनी भूमिका को कमजोर कर रहे होते हैं।



## अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ तीसरे दिन भी छापेमारी

**मुंबई।** मुंबई में रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी की कार्रवाई शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एजेंसी ने कई स्थानों से बड़ी संख्या में दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण जब्त किये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय जांच एजेंसी ने 24 जुलाई को कथित तौर पर 3,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के तहत छापेमारी शुरू की थी। इसके अलावा कुछ कंपनियों द्वारा करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के कई अन्य आरोप भी हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत बृहस्पतिवार को छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई थी और मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में से कुछ स्थानों पर यह शनिवार को भी जारी रही।

## कांग्रेस की हार के लिए 'पक्षपाती अंपायर' निर्वाचन आयोग जिम्मेदार

आणंद, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात में पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों को आश्वासन दिया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय उनकी राय पर भी विचार किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'संगठन सृजन अभियान' के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान निर्वाचन आयोग पर 'पक्षपाती' होने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा को उसके 'मुख्य गढ़' गुजरात में हराना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आणंद शहर के पास एक रिसॉर्ट में जिला पार्टी कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के लिए शिविर का आयोजन किया है। पार्टी के मिशन 2027 के लिए खाका तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का समापन 28 जुलाई को होगा। गुजरात कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आश्वासन दिया कि नेतृत्व पूरी तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है।

● कांग्रेस नेता बोले- भाजपा को उसके गढ़ गुजरात में हराना महत्वपूर्ण



## वर्ल्ड ब्रीफ

### त्रिपुरा : दो बांग्लादेशी तस्कर सीमा पर ढेर

**अगरतला।** बीएसएफ ने त्रिपुरा के दक्षिणी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेश के दो तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ की गोलीबारी में एक अन्य बांग्लादेशी घायल हो गया जबकि भारत के दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना शुक्रवार तड़के अमजदनगर में हुई। घटनास्थल से 15 लाख रुपये मूल्य की दवाइयों की खेप बरामद की गई है। मारे गए बांग्लादेशी तस्कर का शव बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश की मौजूदगी में पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### पंजाब: 50 करोड़ की हेरोइन जब्त, 8 दबोचे

**अमृतसर।** पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 10 किलो हेरोइन बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि एक किशोर समेत आठ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन, जो सीमावर्ती क्षेत्र के एक गाँव से सक्रिय है, सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है।

### पेरू में बस पलटने से 18 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू में लीमा से अमेजन क्षेत्र जा रही एक बस एंडीज पर्वतमाला में एक राजमार्ग पर पलट गई जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य लोग घायल हो गए। जूनिन के स्वास्थ्य निदेशक क्लिफोर क्यूरीपाको ने बताया कि एक्सप्रेसो मोलिना लिडर इंटरनेशनल कंपनी की एक डबलडेकर बस जूनिन क्षेत्र के पाल्का जिले में सड़क से फिसलकर एक ढलान से नीचे गिर गई। अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। इससे पहले तीन जनवरी को भी एक बस नदी में गिर गई थी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी और 32 लोग घायल हो गए थे।

### यमनी सेना और हूतियों में संघर्ष, 10 मारे गए

**अदन (यमन)।** उत्तरी प्रांत सादा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हूती मिलिशिया द्वारा किए गए बड़े पैमाने के हमले को नाकाम कर दिया गया है। यमन के सरकार समर्थक बलों ने कहा कि उन्होंने सादा प्रांत के उत्तर में अलेब सैन्य मोर्चे पर हूतियों के बड़े पैमाने के हमले को विफल कर दिया। इस संघर्ष में 10 सरकारी सैनिक मारे गए, दर्जनों दुश्मन लड़ाके भी मारे गए या घायल हुए। इसमें यह भी कहा गया है कि हूती आतंकवादियों के शव इलाके की घाटियों में बिखरे पड़े मिले और तीन हूती सैन्य वाहन नष्ट हो गए।

# कर्नाटक : सीएम और डिप्टी सीएम के ओएसडी में चले जूते

नई दिल्ली/बेंगलुरु, एजेंसी




एच अंजनेया और सी मोहन कुमार।

- डिप्टी सीएम के ओएसडी ने की शिकायत, सुरक्षा पर चिंता जताई

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बहस के बाद मारपीट हो गई। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच अंजनेया ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी मोहन कुमार पर जूते से हमला करने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी ये घटना तब प्रकाश में आई जब अंजनेया ने स्थानीय आयुक्त इमकोंगला जमीर के समक्ष शिकायत दर्ज कराते हुए कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। अंजनेया ने शिकायत में कहा, मुझे जूते से पीटा गया। उन्होंने कार्यस्थल पर अपनी सुरक्षा पर भी गंभीर चिंता जताई। जमीर ने शिकायत मिलने की पुष्टि की और कहा कि मामले पर मानक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हमें शिकायत प्राप्त हुई है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

## दास्तां भारतीय सेना अद्वितीय के शौर्य की

# कारगिल का युद्ध


कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मई को शुरू होकर 26 जुलाई 1999 तक 86 दिन चला था। लद्दाख के कारगिल जिले की ऊंची पहाड़ियों पर लड़ा गया यह एक असामान्य युद्ध था और कई मायनों में भारत के लिए खास था। पूरी दुनिया में आज भी इस युद्ध के दौरान भारतीय सेना की रणनीति, साहस और सैन्य नैतिकता की मिसाल दी जाती है। पाकिस्तान के छल के बावजूद भारतीय सेना ने रणनीतिक धैर्य के साथ अंतरराष्ट्रीय मर्यादा का प्रदर्शन किया और पाकिस्तानी सेना को सीमा से परे धकेलने में अविश्वसनीय कामयाबी हासिल की। इसी वजह से यह युद्ध भारतीय सेना के लिए विजय ही नहीं बल्कि भारतीय नीति और जवानों के अद्वितीय बलिदान का जीवंत उदाहरण भी बना।

### क्यों अलग था कारगिल का युद्ध

- कारगिल युद्ध समुद्र तल से लगभग 16,000–18,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ा गया। इतनी ऊंचाई पर युद्ध करना सेना के लिए शारीरिक और रणनीतिक दोनों स्तर पर अत्यंत कठिन था।
- पारंपरिक युद्ध की तरह यह घोषित युद्ध नहीं था। पाकिस्तान ने घुसपैठ को मजदूरों या मुक्ति संग्रामियों का काम बताया, लेकिन असल में ये पाकिस्तानी सेना और उसकी नॉर्दर्न लाइट इन्फेंट्री के सैनिक थे।
- भारत ने इस भीषण युद्ध में एलओसी के इस पार सिर्फ अपने क्षेत्र को ही खाली कराया, इसके साथ अंतरराष्ट्रीय नियमों का भी पूरी तरह पालन किया। पाकिस्तान के खिलाफ यह भारत की नैतिक जीत थी।

### शहादत

इस युद्ध में भारत के 527 जवान हुए और 1,363 से ज्यादा गंभीर घायल हुए। भारत की सेना की इस जांबाजी ने पाकिस्तान को उल्टे पैर भागने पर मजबूर कर दिया।



### ये थीं बड़ी चुनौतियां

- दुर्गम पहाड़ों पर दुश्मन ऊंचाई पर बैठा था। भारतीय सैनिकों को बर्फ, पत्थरों और खुले मैदानों में सीधे हमले का सामना करते हुए सीधी चढ़ाई करनी पड़ी।
- भारतीय सैनिकों ने अत्यधिक ठंड और कम ऑक्सीजन वाली स्थिति में लड़ाई लड़ी गई जो शारीरिक रूप से बहुत थकाने वाली थी। फिर भी वे डटे रहे।
- युद्ध की शुरुआत में भारतीय सेना को यह मालूम नहीं था कि कितनी ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया गया है और कितनी बड़ी मात्रा में घुसपैठ हुई है।

### कारगिल के हीरो

- मरणोपरांत परमवीर चक्र से नवाजे गए कैप्टन विक्रम बत्रा ने प्वाइंट 5140 और प्वाइंट 4875 पर अद्भुत साहस दिखाया। शहीद होने से पहले कहा- तिरंगा लहराकर आऊंगा या फिर तिरंगे में लिपटकर।
- मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित कैप्टन अनुज नैयर ने भी प्वाइंट 4875 पर दुश्मन के सामने अदम्य साहस दिखाया। कई दुश्मनों को ढेर कर शहीद हुए।
- परमवीर चक्र से सम्मानित ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव ने घायल होते हुए भी दुश्मन के बंकरों में घुसकर हमला किया और कई दुश्मनों को मार गिराया।
- राइफलमैन संजय कुमार ने दुश्मन की फायरिंग पोस्ट पर अकेले कब्जा किया, दो पाक सैनिक भी मार गिराए। उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

### ... और फतह

भारत ने उन पहाड़ियों को एक-एक कर फतह कर लिया जिन पर पाकिस्तानी सेना ने कब्जा जमा लिया था। भारत ने इसके साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान की घुसपैठ को उजागर किया। इस युद्ध में अनुमानित तौर पर पाकिस्तान के 1,000 से अधिक सैनिक मारे गए हालांकि उसने आधिकारिक तौर पर इसे स्वीकार नहीं किया।

# थाईलैंड और कंबोडिया में संघर्ष से डेढ़ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

## सीमा पर गोलीबारी के बाद तेज हुई लड़ाई, एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप

सुरिन (थाईलैंड), एजेंसी

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर शनिवार को लगातार तीसरे दिन संघर्ष जारी रहा, जिसमें अब तक कुल 33 लोग मारे जा चुके हैं और 168,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फिर से हमले करने का आरोप लगाया है।

कई सीमावर्ती गांवों के पास गोलीबारी की खबरें आई है, जिससे लड़ाई और बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को सीमा पर एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने सेपांच थाई सैनिकों के घायल होने के बाद संघर्ष फिर से भड़क गया। कंबोडियाई और थाई अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई करने का दावा किया है। दोनों देशों ने अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। थाईलैंड ने कंबोडिया से लगी अपनी उत्तर-पूर्वी सीमा को बंद कर दिया है।

क्षेत्रीय समूह दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) पर अपने दोनों सदस्य देशों के बीच तनाव कम करने का दबाव बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक आपात बैठक के दौरान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने तनाव कम करने का आह्वान किया और आसियान से शांतिपूर्ण समाधान के लिए मध्यस्थता कराने की अपील की। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच 800 किलोमीटर लंबी सीमा दशकों से विवादित रही है, लेकिन पिछले टकराव सीमित और संक्षिप्त रहे हैं। मौजूदा तनाव मई में तब शुरू हुआ जब एक टकराव में एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई। इससे कूटनीतिक तनाव पैदा हो गया और थाईलैंड की घरेलू राजनीति में उथल-पुथल मच गई।

कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाईलैंड ने शनिवार तड़के पुरसात प्रांत में कई जगहों पर पांच भारी तोपों से गोले दागे। कंबोडिया ने इसे अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कार्रवाई बताया। मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा कि कोह कांग प्रांत में तनाव बढ़ गया है, जहां कथित तौर पर चार थाई नौसैनिक जहाज तट के पास पहुंच गए हैं जबकि चार अन्य रास्ते में हैं।



कंबोडिया में सीमावर्ती इलाके से पलायन करता एक परिवार। ● एजेंसी

### सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाएं भारतीय नागरिक

**नोम पेन्ह।** भारत ने कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर तीन दिन से जारी संघर्ष के बीच कंबोडिया में अपने नागरिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी है। बृहस्पतिवार को शुरू हुए इस संघर्ष में 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। थाईलैंड में 19 और कंबोडिया में 13 लोगों की मौत हुई है। यहां भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में कहा, कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर जारी संघर्ष को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने भारतीय नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में +855 92881676 नंबर या ईमेल के जरिए संपर्क साधने का भी आग्रह किया। इससे पहले शुक्रवार को भारत ने थाईलैंड में अपने नागरिकों के लिए इसी तरह का परामर्श जारी करके उन्हें सावधानी बरतने और देश के सात प्रांतों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी थी।

### सीमा पर संघर्ष में 13 की मौत, 71 से ज्यादा घायल

**नोम पेन्ह/बैंकॉक।** कम्बोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर तीसरे दिन जारी संघर्ष में दोनों ओर हुई झड़पों में कम से कम 13 कंबोडियाई नागरिकों की मौत हो गई और 71 घायल हो गए हैं। थाई मीडिया के अनुसार कम्बोडिया की ओर से थाईलैंड के जवानों पर गोलीबारी करने के बाद शनिवार सुबह तीसरे दिन भी सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। कम्बोडिया के रक्षा मंत्रालय के उप राज्य सचिव और प्रवक्ता माली सोचेता ने कहा, पांच कंबोडियाई सैनिक मारे गए और 21 घायल हो गये। इसके अलावा, ओड्डार मींचे प्रांत में आठ नागरिक मारे गए और 50 घायल हो गए हैं। नवीनतम घटनाक्रम में कम्बोडियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि थाईलैंड की सेना ने आज कम्बोडिया के एक अन्य प्रांत पुरसात में भी अपने सैन्य हमलों को तेज किया है।

## विजय दिवस



शनिवार को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय सैन्य स्मारक पर कारगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 75 फीट ऊंचे वीरगल्लू (नायक पत्थर) के अनावरण के दौरान पुष्पार्पण करते छात्र और पूर्व सैन्य कर्मचारी। एजेंसी

### ईरान : आतंकी हमले में आठ लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी दक्षिण-पूर्वी शहर ज़ाहेदान में न्याय विभाग की इमारत पर शनिवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए और अन्य 13 घायल हो गये। हमले में मारे गए लोगों में पांच नागरिक और तीन हमलावर भी शामिल हैं। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन जैश अल-जुल्म ने ली है। ईरान ने इसे एक आतंकवादी समूह घोषित किया है।

# विमान अपहरण के दोषी की समय पूर्व रिहाई से इन्कार का फैसला कोर्ट ने किया रद्द

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड को वापस भेजा मामला
- 1993 में हुआ था 192 यात्रियों से भरे विमान का अपहरण

दिल्ली हाईकोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) के उस फैसले को रद्द कर दिया है जिसमें वर्ष 1993 में 192 यात्रियों से भरे इंडियन एयरलाइन के विमान का अपहरण करने के दोषी एक व्यक्ति को समय से पहले रिहा करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने मामले को नए सिरे से विचार के लिए एसआरबी को वापस भेज दिया और उसे आठ हफ्तों के भीतर अपना फैसला सुनाने को कहा।

हाईकोर्ट ने सात जुलाई के आदेश में कहा, यह साफ है कि एसआरबी का विवादित फैसला अपर्याप्त तर्क और प्रासंगिक सामग्रियों पर विचार न करने से ग्रस्त है, जिसमें याचिकाकर्ता के आचरण और सुधार संबंधी न्यायिक टिप्पणियां भी शामिल हैं। इसलिए इस फैसले को बरकरार नहीं रखा जा सकता। अदालत ने कहा कि जेल में दोषी हरि सिंह के आचरण से सुधार के संकेत मिले हैं। सिंह को अपहरणरोधी अधिनियम की धारा चार और आईपीसी की धारा 353, 365 और 506(दो) के तहत दोषी ठहराकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उसे 2001 में अधीनस्थ अदालत ने दोषी ठहराया था। 2011 में हाईकोर्ट ने उसकी अपील खारिज कर दी और सुप्रीम कोर्ट से विशेष अनुमति याचिका वापस ले ली गई।

### एसीआरबी की ओर से दिया गया तर्क अपर्याप्त

हाईकोर्ट का कहना था कि एसआरबी द्वारा समयपूर्व रिहाई पर विचार के लिए समय-समय पर उसका नाम लिया गया था, लेकिन इसे लगातार खारिज कर दिया गया। बारह मई तक सिंह ने 17 वर्ष, 11 महीने और छह दिन की वास्तविक कारावास और 22 वर्ष, छह महीने और 20 दिन की कुल कारावास की सजा छूट सहित काट ली थी। अदालत ने कहा कि सिंह के आवेदन को खारिज करते समय एसआरबी का तर्क अपर्याप्त था और एक कार्यकारी प्राधिकारी द्वारा आदेश देने के लिए आवश्यक उचित औचित्य के अपेक्षित मानकों को पूरा नहीं करता था।

# जन्मजात नागरिकता: ट्रंप के आदेश पर एक और संघीयअदालत की रोक

बोस्टन, एजेंसी

- दस से ज्यादा राज्यों ने ट्रंप के फैसले को असंवैधानिक बताया

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे माता-पिता के बच्चों को मिलने वाली जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध लगाने के ट्रंप प्रशासन के फैसले पर शुक्रवार को एक संघीय न्यायाधीश ने रोक लगा दी।

जून में उच्चतम न्यायालय के एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद से तीसरी बार किसी न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन के आदेश पर रोक लगाई है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले दस से अधिक राज्यों ने अदालत में कहा कि ट्रंप का जन्मजात नागरिकता आदेश स्पष्ट रूप से असंवैधानिक है। उम्मीद की जा रही है कि यह मामला जल्द ही देश के उच्चतम न्यायालय में वापस जाएगा।

न्यू जर्सी के अटॉर्नी जनरल मैथ्यू प्लैटकिन ने एक बयान में कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि जिला अदालत ने राष्ट्रपति के घोर असंवैधानिक जन्मजात नागरिकता आदेश को कहीं भी प्रभावी होने से रोक दिया है। उन्होंने कहा, अमेरिका में जन्मे बच्चे अमेरिकी हैं। राष्ट्रपति एक कलम से कानूनी नियम को नहीं बदल सकते।

# भारत-मालदीव के संबंध अटूट और कूटनीति से परे

माले, एजेंसी



- मालदीव के राष्ट्रपति ने हिंद महासागर को दोनों देशों के दीर्घकालिक संबंधों का प्रमाण बताया

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने हिंद महासागर को मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक संबंधों का जीवंत प्रमाण बताते हुए कहा है कि दोनों देशों ने एक मजबूत और अटूट बंधन स्थापित किया है जो कूटनीति से परे है।

शुक्रवार रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय भोज के दौरान मुइज्जू ने भारत सरकार का निरंतर समर्थन और दृढ़ मित्रता के लिए आभार व्यक्त किया। मालदीव और भारत के बीच 60 वर्षों के राजनयिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए मुइज्जू ने इन्हें साझा इतिहास और स्थायी साझेदारी का प्रतिबिंब बताया।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुइज्जू ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंध औपचारिक कूटनीति से परे हैं तथा सदियों पुराने गहरे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि मालदीव सरकार एक समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था के निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाने और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। s

### मालदीव के मामलों में किसी भी देश को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे


**माले।** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल और मालदीव पुलिस सेवा को संबोधित कर रहे थे। मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो। मालदीव की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समारोह में मुख्य अतिथि थे। मुइज्जू ने मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं मातृभूमि की रक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 10 .41 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- वर्षा। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 16 .23 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। प्रेमी जन से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा। छोटे मोटे तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**वृष** — आज व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं। अपनी क्षमताओं को विकसित करने पर काम कर सकते हैं। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

**मिथुन** — आज जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनंद उठायेंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। विरोधियों के बीच आपका मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है। परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। मन का तनाव दूर होगा।

**सिंह** — आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में बढ़ोत्तरी होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — आज विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। निरर्थक कार्यों में समय बर्बाद हो सकता है। आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आय की स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आयेगा। पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। काम के तरीके में बदलाव ला सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपकी रुचि नए कार्यों को लेकर बढ़ेगी। नए संबंध विकसित होने के योग बन रहे हैं। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा।

**धनु** — आज उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। कोई महत्वपूर्ण काम पूर्ण हो सकता है। कर्मचारियों से अधिक बहसबाजी न करें। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन फंस सकता है।

**मकर** — आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। बच्चों की परेशानियों को समझें।

**कुंभ** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। अधिकारियों से आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। भाई-बन्धुओं के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। विरोधियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 4 | | | 2 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| 5 | | | 9 | | | 6 | | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | 3 | 2 | | | | 5 | 1 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 3 |
| | | 4 | | | 5 | | 2 | |
| | 7 | | | 8 | | | | |
| 6 | | | 1 | | | 3 | | 4 |

### सुडोकू - 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |



> विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन भी संन्यास ले चुके हैं। और अब लगता है, बुमराह की बारी है। क्रिकेट प्रशंसकों को शायद इसकी आदत डालनी होगी। अब आपको बुमराह के बिना टेस्ट मैच देखने की आदत डालनी होगी। –मोहम्मद कैफ


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 27 जुलाई 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## स्पोर्ट्स हाईलाइट

### रोलर स्केटिंग में रिदम ने स्वर्ण जीता

**मुंबई :** भारत की 13 वर्षीय रिदम ममानिया ने दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में एकल फ्री डांस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता के 20वें सत्र का आयोजन दक्षिण कोरिया के जेचियन शहर में हो रहा है जहां छह बार की राष्ट्रीय चैंपियन रिदम ने देश का नाम रोशन किया। रिदम ने इस साल की शुरुआत में ताइवान में हुई आर्टिस्टिक रोलर स्केटिंग ओपन प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीता था। मुंबई की खिलाड़ी ने चार साल की उम्र से स्केटिंग करना शुरू कर दी थी। रिदम का लक्ष्य अब ब्रिसबेन में होने वाले पैसिफिक कप में भाग लेना है।

### अटवाल ने कट हासिल किया

**सनिंगडेल (ब्रिटेन) :** अर्जुन अटवाल, जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा की भारतीय गोल्फ तिकड़ी ने यहां आईएसपीएस हांडा सीनियर (50 साल से अधिक) ओपन में कट हासिल कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है जब तीन भारतीय खिलाड़ियों ने किसी मेजर (गोल्फ के शीर्ष स्तर का टूर्नामेंट) में एक साथ कट हासिल किया है। शुरुआती दिन 67 का कार्ड खेलने वाले अटवाल दूसरे दिन दो ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 36वें स्थान पर है। जीव (71-69) संयुक्त 49वें स्थान पर है जबकि रंधावा (70-71) एक ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रहे ।इस प्रतियोगिता का कट एक ओवर का रहा।

### दीक्षा ने स्कॉटिश ओपन गोल्फ में बनाई जगह

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड) :** दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। चौबीस साल की दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही।

### रादुकानू व फर्नांडीज सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन :** एम्मा रादुकानू ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने 2021 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई।

### नागल टैम्पेरे ओपन के सेमीफाइनल हारे

**नई दिल्ली :** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल शनिवार को टैम्पेरे ओपन के सेमीफाइनल में साशा गुएमार्ड वेनबर्ग से हारकर सत्र के अपने पहले चैलेंजर-स्तर के फाइनल से चूक गए। रैंकिंग में 306वें स्थान पर काबिज नागल क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने से 57 पायदान नीचे काबिज फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी वेनबर्ग से 5-7, 2-6 से हार गए। नागल ने इस तरह 2025 के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की। वह इस महीने इटली में एक प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे।

### एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक यूएई में

**कराची :** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को घोषणा की कि पुरुषों का एशिया कप नौ से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नकवी ने एक्स पर एक औपचारिक घोषणा में बताया मुझे यूएई में एसीसी पुरुष एशिया कप 2025 की तारीखों की पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक होगा। इसका विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही जारी किया जाएगा। एशिया कप के आयोजन स्थल का निर्णय 24 जुलाई को एसीसी की बैठक में किया गया।



शतक लगाने के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स। एजेंसी

# शुभमन और राहुल भारत को पारी की हार से बचाने के लिए डटे

## इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के चौथे दिन अर्धशतक जड़कर दूसरे सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया जिससे भारत ने दो विकेट पर 86 रन बना लिए।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों में विशेषकर जोफ्रा आर्चर ने गिल के पैड पर कुछ खतरनाक इनस्विंगर फेंकी, लेकिन भारतीय कप्तान इनसे उबरकर शानदार शॉट खेलने में सफल रहे। गिल (नाबाद 52 रन) का साथ हमेशा भरोसेमंद केएल राहुल (नाबाद 30 रन) ने दिया, जो इस श्रृंखला में भारत की बल्लेबाजी की नींव रहे हैं।

भारत के लिए अब भी मैच बचाना मुश्किल काम है क्योंकि चाय तक वह इंग्लैंड से 225 रन पीछे है। भारत ने दूसरी पारी के पहले ओवर में लगातार दो गेंदों पर यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन के विकेट गंवा दिए जबकि तब टीम का खाता भी नहीं खुला था। लंच के समय टीम का स्कोर एक रन पर दो विकेट था। इसके बाद गिल को किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि जब वह 46 रन पर थे तो ब्रायडन कार्स की गेंद पर लियाम डॉसन ने बैकवर्ड प्वाइंट पर उनका कैच छोड़ दिया था। गिल ने कुछ शानदार स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया। 17वें ओवर में उन्होंने आर्चर की गेंद पर लगातार दो चौके जमाए जिसमें से पहले एक कवर ड्राइव और फिर एक अपर कट। उन्होंने कार्स की गेंद पर भी लगातार चौके लगाए जिसमें एक शानदार ऑन ड्राइव भी शामिल था।

सुबह के सत्र में कप्तान बेन स्टोक्स (141 रन) के शानदार शतक की बदौलत इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन का स्कोर खड़ाकर 311 रन की विशाल बढ़त हासिल की। इसके बाद भारत को लंच से पहले 20 मिनट तक बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसने दूसरी पारी में निराशाजनक शुरूआत की। क्रिस वोक्स की 'राउंड द विकेट' गेंद जायसवाल के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पहली स्लिप में जो रूट के हाथों में चली गई। अगली ही गेंद पर सुदर्शन गेंद छोड़ने और खेलने की दुविधा में दूसरी स्लिप में हैरी ब्रुक को कैच करा बैठे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने भारतीयों की तुलना में पिच से कहीं ज्यादा फ़ायदा उठाया। इंग्लैंड ने सुबह दिन की शुरुआत सात विकेट पर 544 रन की। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अच्छी लय में दिखे जिन्होंने शुक्रवार की तुलना में कहीं ज्यादा जोश से गेंदबाजी की। लेकिन इंग्लैंड को ओल्ड ट्रैफर्ड में सबसे बड़ा स्कोर बनाने से नहीं रोक सके। बुमराह ने 33 ओवर में पांच मेडन से 112 रन देकर दो विकेट झटके। उनके अभूतपूर्व टेस्ट करियर में पहली बार हुआ कि उन्होंने 100 या इससे ज्यादा रन दिए। स्टोक्स (141 रन, 198 गेंद) ने 77 रन से आगे खेलते हुए दिन की शुरुआत सिराज की गेंद पर आगे बढ़कर कवर क्षेत्र में शॉट लगाकर की।



इंग्लैंड के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल रन लेते हुए। एजेंसी

### गिल को समय दीजिए, वह गलतियों से सबक लेंगे: कपिल देव

**नई दिल्ली :** महान क्रिकेटर कपिल देव ने शनिवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला युवा भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए एक सीखने का शानदार अनुभव होगा और उन्होंने आलोचकों से उन्हें नेतृत्व के मामले में परिपक्व होने के लिए कुछ समय देने का आग्रह किया। गिल को पांच मैचों की इस श्रृंखला से पहले टीम का कप्तान बनाया गया था और उन्होंने बर्मिंघम में टीम को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई, लेकिन भारत श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में टीम मुश्किल में दिख रही है। पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव ने 2025 के दूसरे भाग के कार्यक्रम की घोषणा के इतर कहा उसे समय दो। यह उसकी पहली श्रृंखला है, वह गलतियां करेगा और समय के साथ कई सकारात्मक बातें भी होंगी, वह सीखेगा।

# कोहली, रोहित और अश्विन के बाद बुमराह ले सकते हैं टेस्ट से संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने एक्स पर पोस्ट कर मचाई खलबली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के बाद जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अगले क्रिकेटर हो सकते हैं क्योंकि दुनिया के नंबर एक गेंदबाज का शरीर साथ नहीं दे रहा। 41 वर्षीय बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट के तीसरे दिन लय में नहीं दिखे और 28 ओवर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जैमी स्मिथ का एकमात्र विकेट लिया।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने कैफ ने 'एक्स' पर एक वीडियो में पोस्ट किया मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मैचों में खेलते हुए नहीं दिखेंगे और यह भी संभव है कि वह संन्यास ले लें। कैफ ने कहा मुझे उम्मीद है और दुआ है कि मैं गलत हूं। लेकिन इस टेस्ट में मैंने जो देखा, उससे ऐसा लग रहा है कि वह बिल्कुल भी आनंद नहीं ले रहे हैं। वह अपने शरीर से लड़ाई हार गए हैं। जोश और जुनून तो वही है, लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा है। और ऐसी स्थिति में आप क्या कर सकते हैं। रोहित के संन्यास के बाद भारतीय थिंक-टैंक की कप्तानी के लिए पहली पसंद बुमराह थे लेकिन उन्होंने अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इस पद के लिए नहीं' कह दिया। बुमराह ने एक साक्षात्कार में कहा था हां, बीसीसीआई टीम के नेतृत्व के लिए मुझे चाहते थे। लेकिन फिर मुझे मना करना पड़ा। यह टीम के लिए भी उचित नहीं है कि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कोई तीन मैचों में और कोई दो मैचों में नेतृत्व करे। यह टीम के लिए उचित नहीं है और मैं हमेशा टीम को प्राथमिकता देना चाहता था। बुमराह 2024 से आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर काबिज हैं, पर साल की शुरुआत से ही वह फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं।

पीठ की चोट के कारण वह इस साल की शुरुआत में सिडनी में हुए पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए थे और चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल 2025 की शुरुआत भी नहीं खेल पाए थे। तब से भारत का यह तेज गेंदबाज अपने कार्यभार को लेकर काफी सतर्क रहा है और उन्होंने इंग्लैंड के मौजूदा दौरे पर केवल तीन टेस्ट खेलने का विकल्प चुना है।

### दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते हैं बुमराह

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरे छोर से मदद मिलने पर अधिक सफल रहते हैं। पांच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पिछड़ रही भारतीय टीम चौथे टेस्ट के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड से 186 रन पीछे है। बुमराह को अभी तक इस मैच में सफलता हासिल करने के लिए जूझना पड़ा है। जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ ट्रॉट ने कहा बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की और उनके इकोनॉमी रेट से भी इसका पता चलता है। बस किस्मत ने उनका थोड़ा साथ नहीं दिया। असल में मुद्दा दोनों छोर से दबाव बनाने का है।



जसप्रीत बुमराह। एजेंसी

# कुलदीप को शामिल करने के लिए शीर्ष छह बल्लेबाजों से निरंतरता की जरूरत

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

● गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने कुलदीप यादव को टीम में शामिल न किए जाने पर पेश की सफाई

गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल का मानना है कि विशेषज्ञ गेंदबाज कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करने के लिए भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों को और अधिक निरंतरता से बल्लेबाजी करने की जरूरत है। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को अब तक श्रृंखला में नहीं चुने जाने पर काफी बातें चल रही हैं। भारत और इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों ने उन्हें टीम में शामिल करने की वकालत की है क्योंकि वह मैच विजेता हैं।

भारत ने आठवें नंबर तक अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में तीन ऑलराउंडरों को चुनने पर तरजीह दी है। इस कदम के मिले-जुले परिणाम मिले हैं। कुलदीप को विश्वस्तरीय स्पिनर बताते हुए मोर्केल ने कहा कि भारत इस गेंदबाज को टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। अब वह केवल 31 जुलाई से ओवल में शुरू होने वाले आखिरी टेस्ट में ही खेल पाएंगे। उन्होंने चौथे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कुलदीप के लिए हम कोई रास्ता ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन इसके लिए हमें जरूरत है कि हमारे शीर्ष छह खिलाड़ी लगातार रन बनायें ताकि हम कुलदीप जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल कर सकें। पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाज़ों के साधारण प्रदर्शन के बाद मोर्केल मीडिया से मुखातिब हुए। कुलदीप के बारे में और बात करते हुए उन्होंने कहा मुझे लगता है हमें देखना होगा कि अगर वह टीम में आते हैं तो हम संतुलन कैसे बना सकते हैं और हम अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप को कैसे थोड़ा लंबा और मजबूत बना सकते हैं।



कुलदीप यादव। एजेंसी

### स्मिथ ने इंग्लैंड को आगाह किया, एशेज में नहीं मिलेगी सपाट पिचें

**लंदन :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाज भले ही घरेलू मैदान पर काफी सपाट पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज श्रृंखला में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा। भारत-इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला में विकेट बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहे हैं और स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को इस तरह की पिचों पर खेलने का अधिक आदी नहीं होना चाहिए। मौजूद श्रृंखला में दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और उन्होंने लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। बीबीसी स्पोर्ट ने स्मिथ के हवाले से कहा उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाज पिछले कुछ समय से सपाट और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेटों पर खेल रहे हैं।

# सात्विक-चिराग चाइना ओपन में हारकर बाहर

**चांग्झू, एजेंसी**

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी शनिवार को सेमीफाइनल में मलेशिया की दूसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी से हारकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

एशियाई खेलों के चैंपियन एक बार फिर दुनिया की दूसरे नंबर की मलेशियाई जोड़ी से हार गए। सात्विक और चिराग को 2022 के विश्व चैंपियन और दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता आरोन और सोह से 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच यह 14वीं भिड़ंत थी। गौरतलब है कि आरोन और सोह ने तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भी भारतीय जोड़ी को हराया था।



### तन्वी और वेन्नाला ने जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीते

**सोलो (इंडोनेशिया) :** तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला ने शनिवार को यहां बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के व्यक्तिगत मुकाबलों में कांस्य पदक जीत कर अपने शानदार अभियान का अंत किया। इस प्रतियोगिता में यह पहला अवसर है जबकि भारत की दो खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत वर्ग में पदक जीते। वेन्नाला ने चीन की लियू सी या के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 37 मिनट तक चले मैच में 15-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद तीन मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की उम्मीदें जगाईं, पर इसके बाद वह गलती कर बैठी।

# परनीत कौर ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में जीता रजत पदक

**ईसेन (जर्मनी) :** भारतीय तीरंदाज परनीत कौर विश्व विश्वविद्यालय खेलों में शनिवार को महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दक्षिण कोरिया की तीरंदाज ने परनीत को महज एक अंक से 147-146 से जीत दर्ज की।

क्वालिफिकेशन चरण में शीर्ष पर रहीं परनीत ने मजबूत शुरुआत की और पहले दो दौर में शानदार प्रदर्शन कर तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर दो अंकों की बढ़त बना ली। परनीत हालांकि तीसरे दौर में लय नहीं बनाये रख सकी और उन्होंने दो अंक गंवा दिये। इस दौर में मून ने पूरी 30 के स्कोर के साथ बराबरी की। कोरिया की खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने चौथे दौर में भी तीन निशाने के साथ 30 अंक हासिल कर एक अंक की बढ़त कायम कर ली।


**सख्ती** | ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर ने की कार्रवाई

# मेसी को एक मैच के लिए निलंबित करने पर इंटर मियामी नाराज

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका), एजेंसी**

लियोनेल मेसी और जोर्डी अल्बा को ऑल स्टार मैच में भाग नहीं लेने के कारण मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है जिसका उनके क्लब इंटर मियामी ने विरोध किया है। इंटर मियामी के मालिक जॉर्ज मास ने शुक्रवार को एक मैच के निलंबन के बारे में कहा यह उनकी समझ से परे है कि प्रदर्शनी मैच में भाग न लेने पर सीधे निलंबन क्यों हो जाता है।

मेसी और अल्बा ने एमएलएस और मैक्सिको के लीगा एमएक्स के बीच मैच के लिए टीम में चुने जाने के बावजूद हिस्सा नहीं लिया था। मेसी व्यस्त कार्यक्रम के बीच आराम करने के लिए नहीं खेले और अल्बा अपनी पिछली चोट से जूझ रहे हैं। मास ने कहा कि क्लब ने मेसी और अल्बा को ऑल-स्टार मैच से बाहर रखने का फैसला किया। एमएलएस के नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो लीग से अनुमति लिए बिना ऑल स्टार मैच में नहीं खेलता उसे एक मैच के लिए निलंबित कर दिया जाता है।



क्लब इंटर मियामी के एक मैच के दौरान किक लगाते लियोनेल मेसी। एजेंसी

### शिलांग लाजोंग ने मलेशिया आर्म्ड को रौंदा

**शिलांग :** शिलांग लाजोंग एफसी ने डूरंड कप फुटबॉल के ग्रुप ई के शुरुआती मैच में शनिवार को यहां मलेशिया आर्म्ड फोर्सेज फुटबॉल टीम को 6-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। एवरब्राइटसन सना और फ्रांसकी बुआम ने शिलांग की टीम के लिए दो-दो गोल किए। स्थानापन्न खिलाड़ी ट्रेइमिकी लामुरोंग और देइबोरमेम टोंगपर ने एक-एक गोल दागा कर टीम की एकतरफा जीत में योगदान दिया।

### जावी हर्नांडेज का आवेदन वास्तविक नहीं था : एआईएफएफ

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को कहा कि विश्व कप विजेता स्पेनिश खिलाड़ी जावी हर्नांडेज का भारतीय फुटबॉल कोच पद के लिए ईमेल से भेजा गया आवेदन वास्तविक नहीं पाया गया। इस पद के लिए तीन अन्य आवेदकों की सिफारिश की गई है। महासंघ के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा था कि स्पेन के दिग्गज फुटबॉलर जावी ने भी भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन किया है लेकिन उनके नाम पर विचार नहीं किया जा रहा है क्योंकि राष्ट्रीय महासंघ उनका खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। एआईएफएफ ने फिलहाल छंटनी की गई सूची में नामों का खुलासा नहीं किया है।